ओ३म्

# भारत की विरासत संस्था

## स्वायत्त संस्थान

A
Reaccredited by NAAC–UGC

# कन्या महाविद्यालय

## जालन्धर शहर

COLLEGE WITH POTENTIAL FOR EXCELLENCE
Status conferred by UGC

डी.बी.टी. द्वारा 'स्टार कालेज' से सम्मानित

यू.जी.सी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार

'कौशल केन्द्र' विज्ञान एवं तकनीक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फिस्ट (FIST) ग्रांट प्रदत्त संस्था

कन्या महा विद्यालय जालन्धर

असतो मा सद् गमय

स्था. 1886

# वार्षिक विवरण

## सत्र 2018-2019

# कन्या महाविद्यालय : स्वायत्तशासी होने का गौरव



कन्या महाविद्यालय तीन शताब्दियों से लगातार स्त्री शिक्षा और सशक्तीकरण का केन्द्र बना है और निरन्तर नवीन आयामों को स्थापित करने में अग्रणी रहा है। सबसे पहले कन्या महाविद्यालय को 'भारत की विरासत संस्था' घोषित किया गया और अनेक खिताबों से अलंकृत होने के उपरान्त अब यह स्वायत्तशासी (ऑटोनोमस) संस्था हो गई है। इस स्वायत्तता के अन्तर्गत प्रथम वर्ष में के.एम.वी. के द्वारा शिक्षा के स्तर को समग्र रूप से ऊपर उठाने के लिए अवसरों तथा अकादमिक सुधारों की दिशा में प्रभावशाली प्रयास किए गए। ये नवीन प्रयास सिर्फ क्रान्तिकारी ही नहीं अपितु विद्यार्थियों को एक स्वर्णिम और श्रेष्ठ भविष्य की ओर ले जाने के लिए उनका उचित विकास करने में सहायक होंगे।

कन्या महाविद्यालय जालंधर ने शिक्षा के 134 वर्षों के दीर्घ ऐतिहासिक अवदान के बाद एक बार फिर से नवीन इतिहास का सृजन करते हुए पंजाब के प्रथम व एकमात्र स्वायत्तशासी महिला महाविद्यालय का स्टेटस प्राप्त करने का गौरव हासिल किया। कॉलेज को दी गई स्वायत्तता उसे नए कोर्सेज़ बनाने, उनका पाठ्यक्रम निर्धारित करने, परीक्षाओं के आयोजन एवं मूल्यांकन तथा परीक्षा परिणाम घोषित करने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। यह प्रतिष्ठित क्रियात्मक दर्जा (Functional Status) कॉलेज को यू.जी.सी. की ओर से शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के साथ-साथ अकादमिक स्तर को उत्तम और श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करने के लिए दिया जाता है। स्वायत्तशासी संस्थाओं की गणना उच्च श्रेणी के महाविद्यालयों में होती है जबकि इसकी डिग्री सम्बन्धित यूनिवर्सिटी से ही दी जाती है। ऑटोनॉमी से प्राप्त स्वतंत्रता के परिणाम स्वरूप के.एम.वी. ने नए कोर्सेज़ शुरू करने और नए अकादमिक तथा परीक्षा संबंधी सुधारों को लागू करने के नए अवसर प्राप्त किए है। ऑटोनॉमस का सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब प्रगतिशील गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए छात्रोपयोगी व्यवस्था अपने विद्यार्थियों के विकास व उन्हें सशक्त बनाने के लिए के.एम.वी. द्वारा अनेक पाठ्यक्रमों तथा सुधारों में संबंधित अनेक प्रस्ताव सामने लाए गए और अकादमिक वर्ष 2018-19 में उन पर क्रियान्वयन भी हुआ, जिसका विवरण निम्नलिखित है-

1. नए युग के अनुरूप कौशल विकास (Skill development) पर केन्द्रित रोज़गारोन्मुखी कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए।
2. छात्राओं व उनके माता-पिता तथा पुराने विद्यार्थियों से प्राप्त प्रतिक्रिया पर आधारित इंडस्ट्री, जॉब मार्केट संबंधी पाठ्यक्रमों का निर्माण कार्य सम्पन्न हुआ, उल्लेखनीय है कि यह पाठ्यक्रम अन्तर्राष्ट्रीय मानदण्डों के अनुरूप है।
3. प्रभावशाली अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम जिससे विद्यार्थी एक या दो वर्ष के बाद विदेशी विश्वविद्यालयों में भी स्टडी बेस पर जाने का अवसर प्राप्त कर सकें।

4. अन्तर्राष्ट्रीय एजुकेशन सिस्टम के अनुरूप वोकेशनल कोर्सेज़ के लिए क्रेडिट सिस्टम।

5. इण्डस्ट्रियल और प्रैक्टीकल प्रशिक्षण।

6. वैश्विक स्तर पर रोज़गार और व्यवसाय संबंधी मांग को पूरा करने के लिए समय-समय पर नवीन रचनात्मक पाठ्यक्रमों को शुरू करने का अवसर।

- स्किल डिवेलपमैंट के द्वारा व्यावसायिक योग्यता को बढ़ाना जिससे रोज़गार के समय यह कला विद्यार्थी की विशेष योग्यता के रूप में मूल्यांकित हो सके।

## नवीन कोर्सेज़ :

कन्या महाविद्यालय (स्वायत्त संस्थान), जालंधर में नए कोर्सेज़ शुरू किए गए हैं। इसमें संबंधित कोर्स को प्रारंभ करने और अन्य सुधारों को लागू करने से पूर्व गत वर्ष बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दो बार मीटिंग आयोजित की गईं जिसमें जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी, एस.आर.सी.सी.दिल्ली, नैश्नल स्टॉक एक्सचेंज़ मुंबई, ऐथीराज कॉलेज चेन्नई व अनेक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज़ जिसमें गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर, पंजाब यूनिवर्सिटी चण्डीगढ़ से आए विशेषज्ञों ने भाग लिया और उनके मार्गदर्शन व परामर्श से इन नए कोर्सेज़ और सुधारों के प्रारूप तैयार किए गए।

इस संस्था की एक निजी अकादमिक परिषद् (Academic Council) है, जिसमें गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर, यू.जी.सी., गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया व अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस अकादमिक परिषद् की दो मीटिंग पिछले वर्ष हुईं। विस्तृत चर्चा और विचार विमर्श के उपरान्त व्यावसायिक योग्यता और उससे संबंधित कौशल को बढ़ाने वाले नए कोर्सेज़ शुरू किए गए हैं। एक लम्बी प्रक्रिया के बाद उपर्युक्त कोर्स तैयार किए गए। प्रत्येक कोर्स के पाठ्यक्रम को बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दो बैठकों में सम्मिलित हुए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी तथा अन्य विश्वविद्यालयों से पधारे विद्वान् प्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों की उपस्थिति व उनके परामर्श से अन्तिम प्रारूप दिया गया और इसके बाद प्रबुद्ध शिक्षाविदों से सज्जित अकादमिक बोर्ड की बैठक में इन नवीन कोर्सेज़ के पाठ्यक्रम को सर्वसम्मति से पास किया गया। इस दीर्घ प्रक्रिया के फलस्वरूप नए व्यावसायिक एवं कौशल विकास के पाठ्यक्रमों को पुनर्मूल्यांक्ति करते हुए उन्हें पुनर्मान्यता दी गई। इस शिक्षा सत्र में स्नातक स्तर पर एक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर तीन नए महत्वपूर्ण एवं रचनात्मक पाठ्यक्रम शुरू करने की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। ये कोर्स इस प्रकार हैं :-

**स्नातकोत्तर कोर्सेज़**

* एम.एस.सी. कैमिस्ट्री
* एम.ए. साइकॉलोजी
* एम.ए. फाईन आर्टस
* एम.ए. डांस
* एम.वॉक इन रिटेल मैनेजमैंट
* एम.वॉक इन टेक्सटाइल डिज़ाइन
* एम.एस.सी. जुआलॉजी
* एम.ए.जे. एम.सी.
* एम.ए. कॉस्मोटॉलिजी
* एम.ए. पंजाबी
* एम. वॉक इन. एनीमेशन

**एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा कोर्स**

* एक वर्षीय वाकसेतु पी.जी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन
* टेक्सटाइल डिज़ाईन
* एक वर्षीय डिजिटल मार्केट

**स्नात्तर पाठ्यक्रम / 10+2 के उपरान्त**

* बी.एस.सी. आनर्ज़ (एग्रीकल्चर) पवषीथि डिग्री कोर्स
* बी.ए आनर्ज़ इंग्लिश (तीन वर्षीय डिग्रीकोर्स)
* पंजाब हिस्टरी एण्ड कल्चर
* बी. वॉक इन एनीमेशन
* बी. वॉक. इन मैनेजमैंट एण्ड सैक्रेटेरियल प्रेक्टिसिज़
* बी. वॉक. टेक्सटाईल डिज़ाईन एण्ड एपेरल टेक्नॉलाजी
* बी. कॉम (आनर्ज़)
* बी.एस.सी. इकनॉमिम्स (बैंकिंग स्पेश्लाइज़ेशन के साथ)
* बी. वॉक. ब्यूटी एण्ड वेलनैस
* बी. वॉक. रिटेल मैनेजमैंट
* बी. वॉक. न्यूट्रीशियन, एगसरसाईज़ एण्ड हैल्थ

एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्सेज़ 10+2 उपरांत

* मैडीकल लैब टैक्नॉलिजी
* डोमेस्टिक डाटा एन्ट्रीऑपरेटर
* अर्लीचाइल्डहुड केयर एंड ऐजुकेशन
* वैदिक मैथमैटिक्स

सर्टिफिकेट कोर्सेज

* फिल्म एंड वीडियो एडीटिंग
* मेकअप अर्टिस्ट
* डाइट असिस्टैंट
* वीडियो एडीटर/ग्राफिक डिज़ाइनर

Institute of IELTS

* विद्यार्थियों के सुविधानुसार टाइम-टेबल
* बाहर के विद्यार्थी भी ले सकते हैं प्रवेश

## कन्या महाविद्यालय की नई पहल - वैल्यू एडिड प्रोग्राम

कन्या महाविद्यालय (ऑटोनोमस) संस्था प्रत्येक समस्तर में वैल्यू एडिड प्रोग्राम प्रारंभ किए गए जिनके क्रैडिट्स विद्यार्थी की विस्तृत मूल्यांकन रिपोर्ट (Detail Marks) में जोड़े गए। वर्तमान शिक्षा परिदृश्य में यह सुविधा अभी तक किसी भी संस्था में लागू नहीं की गई है। परन्तु लीक से हटकर नए सम्मान प्रोत्साहिन करने वाली संस्था के.एम.वी. ने यह पहल की है। इसका लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वपक्षीय विकास करना है। प्रत्येक समस्तर में इनमें से एक प्रोग्राम सम्मिलित किया जाएगा, जो उनके लिए अन्तर्राष्ट्रीय नागरिक के रूप में विकास हेतु मूल्यवान और सहयोगी होगा। उल्लेखनीय है कि ये सारे प्रोग्राम कन्या महाविद्यालय द्वारा बिना किसी फीस के नि:शुल्क, रैगुलर कक्षाओं के साथ करवाए जा रहे हैं।

समस्तर के अनुसार शामिल किए गए इन कार्यक्रमों की सूची इस प्रकार है :

**समस्तर I - फाउंडेशन प्रोग्राम ( Foundation Programme )**

यह कार्यक्रम नवागत छात्राओं के लिए स्कूली शिक्षा और महाविद्यालय केबीच सेतु का कार्य करता है। विद्यालय प्राचार्या प्रो० डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी द्वारा परिचलित इस कार्यक्रम में मानवीय सभ्यता के इतिहास के साथ-साथ भारतीय एवं पाश्चात्य संस्कृति के उदात्त मूल्यों, मानवाधिकारों, स्त्री सशक्तीकरण, भारतीय स्वाधीनता के इतिहास तथआ नवीन टेक्नॉलॉजी जैसे ेनक विषयों की विस्तृत जानकारी दी जाती है। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो कन्या महाविद्यालय में ही करवाया जाता है। इस सत्र से कार्यक्रम की प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र के साथ-साथ क्रैडिट्स भी दिए जाएंगे जिससे उन्हें विदेश में शिक्षा ग्रहण करने में आसानी होगी।

**समस्तर II - मॉरल एजुकेशन ( Moral Education )**

मोबाईल एवं कम्प्यूटर से अत्यधिक प्रभावित युवा पीढ़ी को अपनी सभ्यता और संस्कृति से परिचित कराने एवं अपने नैतिक मूल्यों से जोड़ने के लिए संस्था की ओर से पिछले कई वर्षों से नैतिक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। राष्ट्र में फैले भ्रष्टाचार लूटमार, बलात्कार व अन्य अपराध नैतिकता के अभाव का ही परिणाम है। अत: छात्राओं को चारित्रिकरूप से सुदृढ़ बनाने के लिए, समाज के प्रति विकसित दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए विद्यालय में नैतिक शिक्षा कार्यक्रम और सामाजिक प्रकार्यों पर बल दिया जा रहा है। भावी पीढ़ी को नैतिक रूप से सुदृढ़ बनाता हमारा उत्तरदायित्व भी है। यह कार्यक्रम द्वितीय समस्तर की छात्राओं के लिए अनिवार्य है।

**समस्तर III - पर्सनैलिटी डिवेलपमैंट ( Personality Development ) ( सॉफ्टस्किल तथा योग की शिक्षा के साथ-साथ सर्वपक्षीय विकास हेतु ) :**

छात्राओं के बहुपक्षीय विकास के लिए संस्था में स्कूल फॉर पर्सनैलिटी डिवेलपमैंट भी स्थापित किया गया है। इसमें तृतीय समस्तर की छात्राओं को सॉफ्ट स्किल्ज़, योग, व्यायाम और दैनिक एवं व्यावसायिक जीवन में काम आने वाली अनेक विशिष्ट बातों की जानकारी दी जाती है। इस कोर्स में भी प्रतिभागिता दर्ज करने वाली छात्राओं को इसके क्रैडिट्स दिए जाएंगे।

**समस्तर IV - सामाजिक प्रकार्य ( Social Outreach ) :**

राष्ट्र एवं समाज के प्रति नागरिक के रुप में अपने दायित्वों के प्रति छात्राओं को सजग करने के लिए विद्यालय के द्वारा वर्ष भर विभिन्न सामाजिक प्रकार्यों का आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्व की इन गतिविधियों के साथ जोड़ने और उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सोशल आऊटरिच को वैल्यू बेस्ड प्रोग्राम का हिस्सा बनाया गया है। यह कार्यक्रम चतुर्थ समस्तर की छात्राओं के लिए अनिवार्य है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को क्रैडिट्स प्रदान दिए जाएंगे।

**समस्तर V - जेंडर सैंसेटाइज़ेशन एण्ड सेल्फ डिफेंस ( Gender Sensetization & Self Defence ) :**

जेंडर सैंसेटाइजेशन का मुद्दा आजकल जोरों पर है। स्त्री को अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए और अपनी पहचान बनाने के लिए जागृत करना आज की आवश्यकता बन गई है। वर्तमान युग में दिनो दिन बढ़ रहे अपराधों के परिणामस्वरुप स्वावलम्बी होना और आत्मरक्षा के प्रति सजग होना जरूरी है। यह कार्यक्रम पांचवें समस्तर की छात्राओं के लिए अनिवार्य है। इसमें छात्राएं अपनी आत्मशक्ति को पहचान कर प्रतिकूल परिस्थितियों में आत्मरक्षा कर सकती हैं और अपराधों को समाप्त करने में सहायक हो सकती हैं। इस कार्यक्रम के भी छात्राओं को अतिरिक्त क्रेडिट्स दिए जाएंगे।

**समस्तर VI - रीज़निंग एण्ड मैंटल एबिलिटी ( Reasoning & Mental Ability ) :**

अक्सर देखा जाता है कि स्नातक स्तर की शिक्षा के उपरान्त विद्यार्थी ऐसे कोचिंग सेन्टर ढूंढते हैं जहां से वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। कन्या महाविद्यालय अपनी छात्राओं को यह सुविधा दे रहा है कि वे अपनी रेगुलर शिक्षा के साथ-साथ आने वाली परीक्षाओं के लिए सजग हों और समय रहते तैयारी कर प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण हो सकें। छात्राओं के भविष्य की सफलता के लिए और रोज़गार प्राप्त करने में सहायता देने के लिए संस्था समस्तर 6 की छात्राओं के लिए यह कोर्स आयोजित कर रही है। इसमें प्रविष्ट छात्राओं को अतिरिक्त क्रेडिट्स दिए जाएंगे।

## अन्य कार्यक्रम

विद्यार्थियों के बहुपक्षीय विकास के लिए अनेक प्रासंगिक कार्यक्रम भी प्रारंभ किए गए हैं। जो इस प्रकार हैं :

- विदेशी भाषाएं (Foreign Language) विदेशी प्राध्यापकों द्वारा
- काउंसिलिंग (Career and General Guidance)
- सेंटर फॉर कम्पेटिटिव एग्ज़ाम्ज (IAS, PCS, Banks, Po. Defence Services etc.)
- फॉरेन एक्सचेंज प्रोग्राम (Foreign Exchange Programmes)

## परीक्षा संबंधी सुधार (Examination Reforms) :

स्वायत्तता के अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था में सुदृढ़ एवं मूल्यवान अकादमिक सुधार किए गए जो इस प्रकार हैं -

- विद्यार्थी की कक्षा में उपस्थिति और उसके प्रदर्शन तथा व्यवहार पर आधारित 20% का आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Assessment)
- सीमित समय में परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। सीमित पाठ्यक्रम पर अधारित सी.पी.-1 (C.P.-I) और सी.पी.-2 (C.P.-II) तथा एम.एस.टी. (MST) परीक्षाओं के समयबद्ध आयोजन से बिना किसी अनावश्यक बोझ के विद्यार्थियों के सतत् मूल्यांकन को व्यावहारिक रूप दिया गया।
- कॉलेज द्वारा स्वायत्त रूप से परीक्षाएं आयोजित एवं संचालित की गईं।
- पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली।
- परीक्षा परिणामों की समय पर घोषणा।
- परीक्षा सम्बन्धी शिकायतों का शीघ्र निराकरण।
- विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अतिरिक्त दिनों की उपलब्धता।
- विद्यार्थियों को परीक्षा पास करने का अतिरिक्त अवसर (Re-appear)
- डिग्री गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर द्वारा प्रदत्त।

उपर्युक्त उद्धृत सभी नवीन एवं रचनात्मक कार्यक्रमों और शिक्षा व्यवस्था में प्रस्तावित सुधारों के साथ स्वायत्तशासी संस्था कन्या महाविद्यालय नए क्षितिजों को छूने के लिए तत्पर है। सदा नए रास्तों के अन्वेषण के लिए प्रख्यात रही यह संस्था पुनः एक आदर्श और अनुकरणीय भूमिका निभाने के लिए प्राणपन से जुटी है।

# अकादमिक सत्र 2018-19 में कन्या महाविद्यालय की विशेष उपलब्धियां :

## 'नैक' (NAAC) से प्राप्त हुई पुनर्मान्यता

कन्या महाविद्यालय (स्वायत्त संस्थान) के लिए यह अत्यधिक हर्ष एवं उपलब्धि का विषय है कि विद्यालय को प्राप्त हुए स्वायत्त दर्जे के दृष्टिगत राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के द्वारा के.एम.वी. के NAAC ग्रेड की वैधता 31 दिसम्बर 2023 तक बढ़ा दी गई है। के.एम.वी. को नैक (NAAC) की और से CGPA 3.56/4 अंको के साथ 'ए' ग्रेड से अलंकृत किया गया है। इस पुनर्मान्यता के साथ के.एम.वी. स्वायत्त संस्था के रूप में अपनी गरगुजारी को प्रतिबद्तापूर्वक सम्पन्न करने में सक्षम होगा।

## स्टार स्टेट्स (Star Status)

डी. बी. टी (Department of Biotechnology) विज्ञान एवं तकनीक मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा कन्या महाविद्यालय को स्टार कॉलेज स्टेट्स से अलंकृत किया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय अनुबंध :

- कन्या महाविद्यालय और इटवॉस लोरेंड यूनिवर्सिटी (Eotvos Lorand University) हंगरी के मध्य 2 अक्तूबर, 2018 को समझौता ज्ञापन (MOU) हस्ताक्षरित हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दो शिक्षा संस्थाओं के मध्य यह एक उल्लेखनीय अनुबंध है जिसके अर्न्तगत के.एम.वी. की छात्राएं अपने मास्टर प्रोग्राम के दौरान इटवॉस लोरेंड यूनिवर्सिटी में एक समैस्टर सम्पन्न करेंगी।
- कैनेडा के क्रैनब्रुक कम्यूनिटी कॉलेज, कॉलेज आफ़ द रॉकीज़ (Collage of the Rockies) के साथ भी अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया।

## FIST (Funds for Improvement of S & T infrastructure in Higher Education)

विद्यालय को विज्ञान एवं तकनीकी विभाग (Dept. of Science and Technology) भारत सरकार द्वारा एक करोड़ दस लाख की अनुदान राशि (Grant) प्रदान की गई। इस राशि का उपयोग शिक्षा, शोध, अध्यापन, पुस्तकों, ई-लर्निंग एवं नेटवर्किंग की सुविधाओं की व्यवस्था के लिए किया जाएगा।

## नैश्नल सर्वे में के.एम.वी. ने पाया प्रथम स्थान और सर्वोच्च रेटिंग्ज़

विरासत संस्था, स्वायत्त संस्थान, स्टार कॉलेज तथा फिस्ट ग्रांट जैसी उल्लेखनीय उपलब्धियों की क्षृंख्ला में हमारे लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि एवं गौरव का विषय है कि के.एम.वी. ने टॉप नैशनल रैकिंग कालेज़िज की विभिन्न श्रेणियों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

- बेस्ट वेल्यू फॉर मनी श्रेणी के अन्तर्गत रखे गए कॉलेज़िज में के.एम.वी. के बी.सी.ए. (BCA) और एफ.डी. (फैशन डिज़ाईनिंग) कोर्सेज को मिला प्रथम स्थान
- न्यूनतम ट्यूशन फीस की श्रेणी में फैशन डिज़ाईनिंग (F.D.) और बी.सी.ए. (BCA) कोर्स को मिला प्रथम स्थान
- बी.सी.ए. के लिए भारत में से चुने गए 20 कॉलेजों में स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ के.एम.वी. को बेस्ट वेल्यू फॉर मनी श्रेणी के अन्तर्गत पंजाब में पहला स्थान प्राप्त हुआ।
- फैशन डिज़ाईनिंग के लिए के.एम.वी. ने नैश्नल लेवल पर टॉप 30, कामर्स के लिए 75 तथा साईंस और आर्टस के लिए 120 कॉलेजों में स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की सुयोग्य प्रबन्ध कमेटी के मार्गदर्शन तथा प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियो के सामूहिक प्रयासों से प्राप्त हुई इस उपलब्धि पर कन्या महाविद्यालय को गर्व है।

## शोध कार्य के लिए सीड मनी प्रदान की गई (Seed Money for Research)

कन्या महाविद्यालय 21वीं सदी के नवीन युग एवं परिवेश की अपेक्षाओं के अनुरुप उच्च शिक्षा को गुणवत्ता पूर्ण बनाने और शिक्षित / प्रशिक्षित युवा वर्ग की समाज में रचनात्मक सहभागिता को सुनिश्चित बनाने के संकल्प के प्रति समर्पित संस्था है। कन्या महाविद्यालय का आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन सैल (IQAC) इस लक्ष्य के प्रति सदैव प्रयत्नशील है। अकादमिक वर्ष 2018-19 में सैल की ओर विद्यार्थियों और प्राध्यापकों में शोध की प्रवृति को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से एक नई पहल के अन्तर्गत विद्यालय के प्राध्यापकों की शोध परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। उल्लेखनीय है कि इन परियोजनाओं के लिए अनुदान राशि सीड मनी के रूप में विद्यालय द्वारा ही प्रदान की गई। इन प्राध्यापकों के नाम एवं उन्हें प्रदान की गई राशि का विवरण निम्नलिखित है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. डॉ. प्रदीप अरोड़ा और उनकी सहयोगी टीम | कम्प्यूटर साईंस विभाग | 30,000 रु. |
| 2. डॉ. मोनिका रानी और उनकी टीम | गणित विभाग | 30,000 रु. |
| 3. श्रीमती रश्मि बिंद्रा और उनकी टीम | कामर्स विभाग | 20,000 रु. |
| 4. श्री सहजपाल सिंह और उनकी टीम | जे.एम.सी. विभाग | 22,000 रु. |
| 5. श्रीमती सीमा जैन और टीम | अंग्रेजी विभाग | 11,000 रु. |

## रिसर्च फोरम (Research Forum) का गठन

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन सैल (IQAC) के द्वारा एक अन्य नई एवं महत्वपूर्ण पहल के अन्तर्गत रिसर्च फोरम (Research Forum) का गठन किया गया। जिसकी तीन बैठकें गत अकादमिक वर्ष के दौरान सम्पन्न हुई। प्रथम बैठक में विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सैल के इस प्रयास को अत्यंत प्रशंसनीय बताते हुए आशा व्यक्त की कि इस प्रयास के परिणाम निश्चित रूप से पूरगामी होंगे उन्होंने फैकल्टी के सभी सदस्यों को इस प्रयास को सार्थक बनाने के लिए यथासम्भव सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे विद्यालय में शोध के प्रति प्राध्यापकों एवं विद्याथियों का सकारात्मक एवं सक्रिय रुझान विकसित हो सके। इन तीनों बैठकों में क्रमशः विद्यालय के पी.जी. डिपार्टमैंट ऑफ फिज़िक्स की प्राध्यापिका डॉ. गोपी, पी.जी. डिपार्टमैंट ऑफ इंग्लिश की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मधुमीत तथा पी.जी. डिपार्टमैंट ऑफ आईटी एंड कम्पयूटर साईंस के प्राध्यापक श्रीमती सुमन खुराना एवं डॉ. प्रदीप अरोड़ा ने विभागीय स्तर पर किए जा रहे शोध कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा शोध की प्रक्रिया के दौरान आने वाली सामान्य कठिनाइयों और उनके निराकरण के साथ-साथ शोध की गुणवत्ता और स्तर को सुधारने, उसे वैज्ञानिक, तर्कसंगत और मौलिक बनाने के संबंध में प्रेज़ैंटेशंज़ दीं।

इन तीनों बैठकों की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा ने की, उनके साथ IQAC प्रबन्धक सदस्य डॉ. गोपी शर्मा, श्रीमती परमिन्दर कौर, डॉ. जितेन्द्र प्रसाद, डॉ. मनमोहन भी उपस्थित थे।

## शोध पारितोषिक (Research Award)

इसके अन्तर्गत प्राध्यापकों वरिष्ठ (Senior) और कनिष्ठ (Junior) दों क्षेणियों बनाई गईं। सीनियर प्राध्यापकों में श्रीमती आशिमा साहनी (अध्यक्ष, राजनीति विभाग) को तथा जूनियर प्राध्यापकों में डॉ. देवेन्द्र सिंह (एसोसिएट प्रो. फिज़िकल ऐजुकेशन विभाग) को दस-दस हजार की प्रोत्साहन राशि उनके गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य के लिए पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गईं।

## अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

अंग्रेज़ी भाषा और साहत्यि, सांस्कृतिक अध्ययन और बहु भाषा वाद से संबंधित सामयिक विषयों पर विचार विमर्श के लिए कन्या महाविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेज़ी विभाग द्वारा **इंगलिश स्टडीज़ एक्रॉस एंड बियोंड बॉर्डरज़** विषय पर 6 से 8 मार्च, 2019 तक तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस तीन दिवसीय संगोष्ठी में यू.एस.ए., यू.के., जापान, कनाडा, साऊथ अफ्रीका, सर्बिया, स्कॉटलैंड, ओमान, यू.ए.ई, ताईवान, अफगानिस्तान, ट्यूनिशिया और हंगरी देशों के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 25 विद्वानों ने इस कॉफ्रैंस की गरिमा बढ़ाई। देश के विभिन्न प्रदेशों महाराष्ट्र, गोआ, असम, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, तामिलनाडू, राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और गुजरात के उल्लेखनीय विद्वानों ने भी इसमें शिकरत की।

यहां आपको इस तथ्य से अवगत करवाते हुए मुझे बहुत खुशी एवं गर्व का अनुभव हो रहा है कि इस कॉन्फ्रैंस में 200 से

अधिक शोधपत्र पढ़े गए। कान्फ्रैंस के तीनों दिन पेपर प्रेज़ैंटशन के लिए 5 पैरालल सैशन्ज़ का आयोजन किया गया। 500 से अधिक विद्यार्थियों ने कॉन्फ्रैंस में डेलीगेट के रुप में अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। के.एम.वी. के 50 विद्यार्थियों ने कॉन्फ्रैंस के दौरान अपने शोध पत्र भी पढ़े। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में संगोष्ठी के दौरान पढ़े जाने वाले शोध पत्रों पर आधारित सोविनर भी रिलीज़ भी किया गया। कॉन्फ्रैंस के पहले दिन देश-विदेश से आए हुए अतिथियों को भारत की समृद्ध संस्कृति, कला तथा विरासत से परिचित करवाने के लिए भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें शहर की गणमान्य शख़्सियतें उपस्थित हुईं।

## पर्ल्ज़ के.एम.वी. एल्युमिनाई एसोसिएशन का पंजीकरण :

संस्था के लिए बेहद गौरव की बात है कि भूतपूर्व छात्रा मण्डल की Pearls : KMV Alumni Association को पंजीकृत कर दिया गया है। इस एसोसिएशन की अध्यक्ष संस्था की प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी हैं। विद्यालय प्रबन्धकर्तृ सभा की उपाध्यक्ष डॉ. सुषमा चावला इस एसोसिएशन की उपाध्यक्ष हैं। एसोसिएशन की सचिव डॉ. श्रीमती विनोद कालरा हैं और सहसचिव डॉ. शालिनी गुलाटी हैं। श्रीमती परमिन्दर कौर कोषाध्यक्ष हैं। एसोसिएशन के सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं:-

1. डॉ. नरेन्द्र कौर संधू - कार्यकारी सदस्य
2. श्रीमती आशिमा साहनी - कार्यकारी सदस्य
3. डॉ. कुसुम वर्मा - कार्यकारी सदस्य
4. डॉ. सुरेखा सच्चर - कार्यकारी सदस्य
5. डॉ. कमला गुप्ता - कार्यकारी सदस्य
6. श्रीमती पूनम शर्मा - कार्यकारी सदस्य
7. डॉ. रीना शर्मा - कार्यकारी सदस्य

इस बैनर के अन्तर्गत प्रतिवर्ष की भांति कॉलेज में 16.3.2019 को 'एल्युमिनाई मीट' का आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजीकृत प्रमाण पत्र का भी विमोचन किया गया। 13.3.19 को पंजीकृत प्रमाण पत्र की पंजीकरण संख्या DIC/JAL 336/2018-19 है।

## प्लेसमैंट्स (Placements) :

प्रतिवर्ष संस्था में अनेक कम्पनियां नौकरी हेतु छात्राओं की सिलेक्शन के लिए आती रहती हैं। इस वर्ष भी अनेक कम्पनियों के सौजन्य से विद्यालय में आयोजित प्लेसमैंट ड्राइव के अन्तर्गत अनेक छात्राओं का नौकरी हेतु चयन किया गया, जिसका विवरण इस प्रकार है -

- कांसेंट्रिक्स कम्पनी की ओर 45 छात्राओं का सर्विस एसोसिएट के पद पर चयन किया गया।
- विप्रो की ओर से 4 छात्राओं को एल आई असिस्टेंट के पद पर नियुक्त किया गया।
- लव्या एसोसिएट्स की तरफ से 20 छात्राएं एच आर एसोसिएट के पद पर नियुक्त हुईं।
- मार्क एण्ड स्पेंसर में एक छात्रा फैशन स्टायलिस्ट के तौर पर नियुक्त हुई।
- कोटेक मोहिन्दरा बैंक में हमारी 14 छात्राओं को असिस्टैंट मैनेजर के रूप में चयनित किया गया।
- एनेक्सेस ग्लोबल में दो छात्राएं आई.टी.रिक्रूटर के पद पर नियुक्त की गई।
- नॉलेज अकेडमी में हमारी एक छात्रा बतौर ट्रेनर चयनित की गई।
- जी.टी.बी. एजुकेशन इंस्टीट्यूट में तीन छात्राओं का वेब डिवैलपर के रूप में चयन किया गया।

इसके अतिरिक्त बी. वॉक कोर्सेज में से भी अनेक छात्राओं का विभिन्न कम्पनियों की ओर से विविध पदों के लिए चयन किया गया। कुल मिलाकर इस वर्ष 110 छात्राओं का चयन किया गया।

ओ३म्

# कन्या महाविद्यालय, जालन्धर

## वार्षिक-विवरण सत्र-2018-19

मान्यवर अध्यक्ष महोदय, उपाध्यक्ष महोदया, महामंत्री जी, मंत्री जी, कोषाध्यक्ष महोदय एवं अन्य माननीय सदस्यवृन्द।

कन्या महाविद्यालय के सत्र 2018-19 का वार्षिक विवरण आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ। संस्था की सात्विक परम्परा के अनुरूप सत्र 2018-19 का प्रारम्भ हवन के साथ किया गया जिसमें समस्त विद्यालय परिवार ने छात्राओं के साथ मिलकर परमपिता परमात्मा से संस्था के सर्वतोमुखी प्रगति की कामना करते हुए उस सर्वशक्तिमान ईश्वर से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस सत्र में कुल 213 प्राध्यापक कार्यरत थे। सत्र 2018-19 में कुल 2559 छात्राओं ने प्रवेश लिया और 600 छात्राएं विद्यालय के छात्रावास में प्रविष्ट हुईं।

### वर्ष 2017-18 के परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहे :

| कक्षा | महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम | विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|
| बी.एस.सी. मेडिकल द्वितीय समस्तर | 79.54% | 48.63% |
| बी.एस.सी. मेडिकल चतुर्थ समस्तर | 72.72% | — |
| बी.एस.सी. मेडिकल छठा समस्तर | 87.03% | 59.19% |
| बी.एस.सी. मेडिकल नॉन मेडिकल द्वितीय समस्तर | 66.07% | 48.63% |
| बी.एस.सी. मेडिकल नॉन मेडिकल चतुर्थ समस्तर | 92.65% | — |
| बी.एस.सी. मेडिकल नॉन मेडिकल छठा समस्तर | 91.07% | 59.19% |
| बी.एस.सी. मेडिकल कम्प्यूटर साइंस द्वितीय समस्तर | 61.53% | 48.63% |
| बी.एस.सी. मेडिकल कम्प्यूटर साइंस चतुर्थ समस्तर | 71.43% | — |
| बी.एस.सी. मेडिकल कम्प्यूटर साइंस छठा समस्तर | 81.81% | 59.19% |
| बी.ए. आनर्ज़ स्कूल इन इंग्लिश छठा समस्तर | 100% | 94.23% |
| बी.ए. द्वितीय समस्तर | 59.82% | 40.23% |
| बी.ए. चतुर्थ समस्तर | 88.23% | — |
| बी.ए.छठा समस्तर | 90.63% | 37.51% |
| बी.एस.सी. इक्नॉमिक्स द्वितीय समस्तर | 81.25% | 48.63% |
| बी.एस.सी. इक्नॉमिक्स चतुर्थ समस्तर | 93.75% | — |
| बी.एस.सी. इक्नॉमिक्स छठा समस्तर | 86.67% | 59.19% |
| बी.सी.ए. द्वितीय समस्तर | 44.82% | 37.26% |
| बी.सी.ए. चतुर्थ समस्तर | 96.88% | 64.76% |
| बी.सी.ए. छठा समस्तर | 96.55% | 62.50% |
| बी.बी.ए द्वितीय समस्तर | 88.89% | 62.89% |
| बी.बी.ए चतुर्थ समस्तर | 100% | 77.27% |
| बी.बी.ए. छठा समस्तर | 66.7% | 44.78% |

| कक्षा | महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम | विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|
| बी.एस.सी.एफ.डी. द्वितीय समस्तर | 86.49% | 81.63% |
| बी.एस.सी.एफ.डी. चतुर्थ समस्तर | 97.29% | 93.75% |
| बी.एस.सी.एफ.डी. छठा समस्तर | 100% | 92.17% |
| बी.एस.सी. होम साईंस द्वितीय समस्तर | 100% | 74.29% |
| बी.एस.सी. होम साईंस चतुर्थ समस्तर | 100% | 95.83% |
| बी.एस.सी. होम साईंस छठा समस्तर | 100% | 63.64% |
| बी.ए.जे.एम.सी द्वितीय समस्तर | 92.86% | 79.79% |
| बी.ए.जे.एम.सी चतुर्थ समस्तर | 100% | 90.97% |
| बी.ए.जे.एम.सी छठा समस्तर | 100% | 76.87% |
| बी.एस.सी.आई.टी द्वितीय समस्तर | 44.44% | — |
| बी.एस.सी.आई.टी चतुर्थ समस्तर | 100% | 75.96% |
| बी.एस.सी.आई.टी छठा समस्तर | 100% | 62.37% |
| बी.कॉम रेगुलर द्वितीय समस्तर | 82.58% | 70.02% |
| बी.कॉम रेगुलर चतुर्थ समस्तर | 84.16% | 73.91% |
| बी.कॉम रेगुलर छठा समस्तर | 98.77% | 67.64% |
| बी.एस.सी. बायोटेक द्वितीय समस्तर | 85% | 63.86% |
| बी.एस.सी. बायोटेक चतुर्थ समस्तर | 86.96% | 81.96% |
| बी.एस.सी. बायोटेक छठा समस्तर | 100% | 86.98% |
| एम.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस द्वितीय समस्तर | 100% | 80.70% |
| एम.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस चतुर्थ समस्तर | 100% | 90.21% |
| एम.ए. हिन्दी द्वितीय समस्तर | 100% | 88.32% |
| एम.ए. हिन्दी चतुर्थ समस्तर | 100% | — |
| एम.ए. अंग्रेज़ी द्वितीय समस्तर | 70% | — |
| एम.ए. अंग्रेज़ी चतुर्थ समस्तर | 83.33% | 53.18% |
| एम.ए. कंठ संगीत द्वितीय समस्तर | 100% | 100% |
| एम.ए. कंठ संगीत चतुर्थ समस्तर | 100% | 86.67% |
| एम.ए. वाद्य संगीत चतुर्थ समस्तर | 100% | 100% |
| एम.ए. इक्नॉमिक्स द्वितीय समस्तर | 57.14% | 53.95% |
| एम.ए. इक्नॉमिक्स चतुर्थ समस्तर | 83.33% | 59.82% |
| एम.एस.सी. गणित द्वितीय समस्तर | 93.33% | 57.58% |
| एम.एस.सी. गणित चतुर्थ समस्तर | 91.67% | 59.47% |
| एम.एस.सी. फिजिक्स द्वितीय समस्तर | 90.90% | 69.52% |
| एम.एस.सी. फिजिक्स चतुर्थ समस्तर | 68.42% | — |

| कक्षा | महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम | विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. एफ.डी. द्वितीय समस्तर | 87.5% | 84.94% |
| एम.एस.सी. एफ.डी. चतुर्थ समस्तर | 100% | 87.04% |
| एम.कॉम द्वितीय समस्तर | 92.3% | 92.1% |
| एम.कॉम चतुर्थ समस्तर | 95.83% | 91.67% |
| एम.एस.सी.आई.ए.एन.एस. द्वितीय समस्तर | 100% | — |
| एम.एस.सी.आई.ए.एन.एस. चतुर्थ समस्तर | 100% | 100% |
| बी.ए. साइकॉलोजी आनर्ज़ चतुर्थ समस्तर | 100% | 100% |
| बी.ए. साइकॉलोजी आनर्ज़ छठा समस्तर | 100% | — |
| बी.ए. हिन्दी आनर्ज़ चतुर्थ समस्तर | 100% | — |
| बी.ए. हिन्दी आनर्ज़ छठा समस्तर | 100% | 100% |
| बी.ए./बी.एस.सी. इक्नॉमिक्स आनर्ज़ चतुर्थ समस्तर | 100% | 100% |
| बी.ए./बी.एस.सी. इक्नॉमिक्स आनर्ज़ छठा समस्तर | 100% | — |
| बी.ए. अंग्रेजी आनर्ज़ चतुर्थ समस्तर | 100% | 100% |
| बी.ए. अंग्रेजी आनर्ज़ छठा समस्तर | 100% | — |
| बी.ए. हिस्ट्री आनर्ज़ चतुर्थ समस्तर | 100% | 100% |
| बी.ए. हिस्ट्री आनर्ज़ छठा समस्तर | 100% | — |
| बी.ए. पंजाबी आनर्ज़ चतुर्थ समस्तर | 100% | 100% |
| बी.ए. पंजाबी आनर्ज़ छठा समस्तर | 100% | — |
| बी.ए. पॉलिटिकल साईंस आनर्ज़ चतुर्थ समस्तर | 100% | 97.14% |
| बी.ए. पॉलिटिकल साईंस आनर्ज़ छठा समस्तर | 100% | — |
| बी.कॉम आनर्ज़ चतुर्थ समस्तर | 100% | — |
| बी.कॉम आनर्ज़ छठा समस्तर | 100% | 97.31% |
| डी.सी.ए. चतुर्थ समस्तर | 77.78% | 40.05% |
| पी.जी.डी.सी.ए. द्वितीय समस्तर | 81.81% | 76.96% |
| डिप्लोमा इन कास्मेटॉलॉजी | 94.73% | 86.6% |
| पी.जी. डिप्लोमा इन एफ.डी. द्वितीय समस्तर | 100% | 91.43% |
| पी.जी. डिप्लोमा इन कॉस्मेटॉलॉजी द्वितीय समस्तर | 100% | — |
| पी.जी.डी. एफ.एस. द्वितीय समस्तर | 100% | 75.38% |
| पी.जी.डी. एन.डी. द्वितीय समस्तर | 100% | 72.73% |
| बी.वॉक.एन.ई.एच. द्वितीय समस्तर | 97.06% | 97.06% |
| बी.वॉक.एन.ई.एच. चतुर्थ समस्तर | 100% | 100% |
| बी.वॉक.एन.ई.एच. छठा समस्तर | 80% | 57.14% |
| बी.वॉक.एम.एस.पी. द्वितीय समस्तर | 93.94% | 93.94% |

| कक्षा | महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम | विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|
| बी.वॉक.एम.एस.पी. चतुर्थ समस्तर | 95% | 95% |
| बी.वॉक.एम.एस.पी. छठा समस्तर | 100% | 100% |
| बी.वॉक.टी.डी.ए.टी. द्वितीय समस्तर | 58.82% | 55.56% |
| बी.वॉक.टी.डी.ए.टी. चतुर्थ समस्तर | 89.82% | 89.66% |
| बी.वॉक.टी.डी.ए.टी. छठा समस्तर | 100% | 100% |
| बी.वॉक.फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म द्वितीय समस्तर | 81.82% | 81.82% |
| बी.वॉक.फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म चतुर्थ समस्तर | 100% | 100% |
| बी.वॉक.फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म छठा समस्तर | 100% | 100% |
| बी.वॉक.रिटेल मैनेजमैंट द्वितीय समस्तर | 74.07% | 67.86% |
| बी.वॉक.रिटेल मैनेजमैंट चतुर्थ समस्तर | 87.5% | 82.35% |
| बी.वॉक.रिटेल मैनेजमैंट छठा समस्तर | 100% | 100% |
| बी.वॉक.रिटेल एनीमेशन द्वितीय समस्तर | 100% | 97.06% |

## संस्था की मेधावी छात्राएं :

माननीय महोदय सत्र 2017-18 में 163 छात्राओं ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में वरीयता सूची में स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। इन परिणामों में 38 छात्राओं ने प्रथम, 38 छात्रायों ने द्वितीय 07 छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 163 छात्राओं ने यूनिवर्सिटी की मैरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया।

| क्रम | छात्रा का नाम | कक्षा | विश्वविद्यालय में स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | तान्या विज | बी.एस.सी. होम साईंस समस्तर-6 | प्रथम |
| 2. | दलजीत कौर | एम.एस.सी. आई.एन. एस. समस्तर-4 | ,, |
| 3. | नवनीत कौर | बी. कॉम समस्तर-6 | ,, |
| 4. | करणवीर कौर | बी.बी.ए. समस्तर-2 | ,, |
| 5. | दीपिका बंगा | बी.एस.सी. होम साईंस समस्तर-2 | ,, |
| 6. | रेणु वर्मा | बी.वॉक एन.ई.एच समस्तर-6 | ,, |
| 7. | गुरजीत | बी.ए. पॉलिटिकल साईंस ऑनर्ज़ समस्तर-6 | ,, |
| 8. | गगनप्रीत कौर | बी.वॉक रिटेल मैनेजमैंट समस्तर-4 | ,, |
| 9. | सुखदीप कौर | बी.वॉक. एम.एस.सी. समस्तर-6 | ,, |
| 10. | प्रियंका शर्मा | डी.सी.ए. समस्तर-2 | ,, |
| 11. | दिव्या | बी.एस.सी. इक्नॉमिक्स समस्तर-6 | ,, |

| क्रम | छात्रा का नाम | कक्षा | विश्वविद्यालय में स्थान |
|---|---|---|---|
| 12. | पलक | बी.वॉक. एन.ई.एच. समस्तर-2 | प्रथम |
| 13. | सिमरनदीप कौर | बी.वॉक. रिटेल मैनेजमैंट समस्तर-6 | ,, |
| 14. | नेहा | एम.एस.सी. आई.एन.एस. समस्तर-2 | ,, |
| 15. | सोनी मधार | बी. वॉक (टी.डी.ए.टी.) समस्तर-2 | ,, |
| 16. | स्माइली पठानिया | बी. वॉक (टी.डी.ए.टी.) समस्तर-2 | ,, |
| 17. | मनदीप कौर | बी. वॉक रिटेल मैनेजमैंट, समस्तर-6 | ,, |
| 18. | सुखदीप कौर | बी.ए. पंजाबी ऑनर्ज़ समस्तर-6 | ,, |
| 19. | संदीप कौर | बी. वॉक. एम.एस.पी. समस्तर-2 | ,, |
| 20. | रूपाली | बी. वॉक. फोटो एण्ड जर्नलिज़्म समस्तर-2 | ,, |
| 21. | सपनप्रीत कौर | बी. वॉक. एन.ई.एच. समस्तर-4 | ,, |
| 22. | हरवीर कौर सोच | बी. वॉक. एन.ई.एच. समस्तर-4 | ,, |
| 23. | प्रदीप कौर | बी. वॉक. एम.एस.पी. समस्तर-4 | ,, |
| 24. | पूजा | बी. वॉक. टी.डी.ए.टी समस्तर-6 | ,, |
| 25. | जैसमीन | बी.एस.सी. बायोटेक समस्तर-2 | ,, |
| 26. | सिमरनजीत कौर | डिप्लोमा इन कॉस्मेटॉलॉजी समस्तर-2 | ,, |
| 27. | महक | बी. वॉक. एनीमेशन समस्तर-2 | ,, |
| 28. | सुखमनदीप कौर | बी.वॉक. फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म, समस्तर-4 | ,, |
| 29. | टर्वी | बी.वॉक. फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म, समस्तर-6 | ,, |
| 30. | रीतिका कौशल | बी.ए. हिस्ट्री ऑनर्ज़,समस्तर-4 | ,, |
| 31. | सोनाली | बी.ए. हिस्ट्री ऑनर्ज़,समस्तर-4 | ,, |
| 32. | गुरलीन कौन | बी.ए. हिस्ट्री ऑनर्ज़,समस्तर-4 | ,, |
| 33. | सिमरनजीत कौर | बी.ए. हिस्ट्री ऑनर्ज,समस्तर-4 | ,, |
| 34. | रीमा चावला | पी.जी. डिप्लोमा इन न्यूट्रीशन एण्ड डायटेटिक्स समस्तर-2 | ,, |
| 35. | अलीशा वर्मा | बी.ए. इंग्लिश आनर्ज़ समस्तर-4 | ,, |
| 36. | निधि | बी.ए. इक्नॉमिक्स ऑनर्ज़ समस्तर-4 | ,, |
| 37. | जाह्नवी | बी.ए. जे.एम.सी समस्तर-2 | ,, |
| 38. | गगनदीप राल्ह | बी.ए. हिस्ट्री आनर्ज़ समस्तर-6<br>बी.ए. समस्तर-6 | प्रथम<br>मैरिट |

| क्रम | छात्रा का नाम | कक्षा | विश्वविद्यालय में स्थान |
|---|---|---|---|
| 39. | राजवन्त कौर | बी.ए. हिस्ट्री आनर्ज़ समस्तर-6 | द्वितीय |
| 40. | हीरा कुमारी | बी.ए. पोलिटिकल साईंस आनर्ज़ समस्तर-4 | ,, |
| 41. | हरमन कौर | बी.ए. पोलिटिकल साईंस आनर्ज़ समस्तर-4 | ,, |
| 42. | शिवानी बग्गा | पी.जी.डी.एन.डी.समस्तर-2 | ,, |
| 43. | कमलप्रीत कौर | बी.ए. हिस्ट्री आनर्ज़ समस्तर-4 | ,, |
| 44. | रमनप्रीत कौर | बी. वॉक एनीमेशन समस्तर-2 | ,, |
| 45. | धृति सूरी | बी. वॉक फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म समस्तर-4 | ,, |
| 46. | सतवीर कौर | डिप्लोमा इन कॉस्मेटॉलॉजी समस्तर-2 | ,, |
| 47. | स्वागता भट्टाचार्या | एम.ए. कंठ संगीत समस्तर-4 | ,, |
| 48. | हरमनजीत कौर | बी.एस.सी. बायोटेक समस्तर-2 | ,, |
| 49. | जसविन्दर कौर | बी. वॉक टी.डी.ए.टी. समस्तर-6 | ,, |
| 50. | अमनमीत कौर | बी. वॉक. टी.डी.ए.टी. समस्तर-6 | ,, |
| 51. | साक्षी शर्मा | बी. वॉक. एम.एस.पी. समस्तर-4 | ,, |
| 52. | हरविन्दर कौर | बी. वॉक. एम.एस.पी. समस्तर-2 | ,, |
| 53. | पूजा शुक्ला | बी. वॉक. फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म, समस्तर-2 | ,, |
| 54. | प्रदीप कौर | बी.ए. पंजाबी ऑनर्ज़, समस्तर-6 | ,, |
| 55. | आरती | बी. वॉक. रिटेल मैनेजमैंट समस्तर-6 | ,, |
| 56. | अनीता | बी. वॉक. टी.डी.ए.टी. समस्तर-4 | ,, |
| 57. | सुखदीप | बी. वॉक. एन.ई.एच. समस्तर-2 | ,, |
| 58. | हरमनदीप कौर | एम.एस.सी. आई.एन.एस. समस्तर-2 | ,, |
| 59. | इन्द्रप्रीत कौर | एम.एस.सी. आई.एन.एस. समस्तर-2 | ,, |
| 60. | अनु | बी. वॉक. रिटेल मैनेजमैंट समस्तर-2 | ,, |
| 61. | अमनदीप कौर | बी.एस.सी. इक्नॉमिक्स समस्तर-6 | ,, |
| 62. | तीक्ष्ण कुमारी | बी. कॉम. समस्तर-4 | ,, |
| 63. | पल्लवी सोढी | बी. वॉक. (एम.एस.पी.) समस्तर-6 | ,, |
| 64. | हरमनप्रीत कौर | बी. वॉक. रिटेल मैनेजमैंट समस्तर-4 | ,, |
| 65. | दीपिका गोयल | बी. वॉक. एन.ई.एच समस्तर-6 | द्वितीय |
| 66. | हरमनप्रीत कौर | बी.बी.ए. समस्तर-2 | ,, |

| क्रम | छात्रा का नाम | कक्षा | विश्वविद्यालय में स्थान |
|---|---|---|---|
| 67. | महिमा ग्रोवर | बी.एस.सी. होम साईंस समस्तर-4 | ,, |
| 68. | मनप्रीत कौर | बी.एस.सी.एफ.डी. समस्तर-4 | ,, |
| 69. | हिमशिखा | एम.एस.सी.आई. एन.एस. समस्तर-4 | ,, |
| 70. | पवनदीप कौर | बी.एस.सी. होम साईंस समस्तर-6 | ,, |
| 71. | जसप्रीत कौर | बी.एस.सी. बायोटेक समस्तर-6 | ,, |
| 72. | ललिता शर्मा | बी.एस.सी. बायोटेक समस्तर-6 | ,, |
| 73. | अंजलि | बी. वॉक. टी.डी.ए.टी. समस्तर-2 | ,, |
| 74. | सपना | बी. वॉक. फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म समस्तर-6 | ,, |
| 75. | जसकरन कौर | बी. एस.सी. आई.टी. समस्तर-4 | ,, |
| 76. | अश्मिंदर कौर | बी.एस.सी. इक्नॉमिक्स आनर्ज़ समस्तर-4 | ,, |
| 77. | नवनीत कौर | बी.वॉक टी.डी.ए.टी. समस्तर-2 | तृतीय |
| 78. | अमनप्रीत कौर | बी.ए. हिस्ट्री ऑनर्ज़ समस्तर-4 | ,, |
| 79. | प्रीति | बी.एस.सी. मैडिकल समस्तर-4 | ,, |
| 80. | साक्षी | एम.ए. (वाद्य संगीत) समस्तर-4 | ,, |
| 81. | जसप्रीत कौर | बी.ए. पॉलिटिकल साईंस समस्तर-6 | ,, |
| 82. | अमनदीप कौर | बी.ए. पंजाबी ऑनर्ज़ समस्तर-6 | तृतीय |
| 83. | अमनदीप कौर | बी.ए. हिस्ट्री ऑनर्ज़ समस्तर-6 | तृतीय |

## विद्यालय द्वारा प्रदत्त पुरस्कार व छात्रवृत्तियाँ:-

विद्यालय की मेधावी, प्रतिभाशालिनी एवं सुयोग्य छात्राओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने हेतु विद्यालय निरंतर प्रयासरत है। 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा के अतिरिक्त पुस्तकीय सहायता तथा छात्रवृत्तियाँ भी प्रदान की जाती हैं। सत्र 2018-2019 में आर्थिक रूप से कमज़ोर किंतु मेधावी एवं सुयोग्य छात्राओं को पुस्तकीय सहायता के साथ-साथ निम्नांकित छात्रवृत्तियाँ एवं पुरस्कार प्रदान किए गए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शकुन्तला लूम्बा पुरस्कार | — | 06 |
| 2. | श्री प्रेम लूम्बा, सतीश लूम्बा पुरस्कार | — | 04 |
| 3. | डॉ० श्रीमती शशि जैन स्मृति स्कॉलरशिप | — | 02 |

## दानी सज्जनों एवं समाज सेवी संस्थाओं का योगदान :

**विशेष छात्रवृत्तियाँ एवं पुरस्कार** : विद्यालय प्रबन्धकर्तृ सभा के प्रधान श्री चन्द्रमोहन जी ने अपनी माता स्वर्गीया श्रीमती राजलक्ष्मी तथा पिता स्व. श्री वीरेन्द्र जी की पावन स्मृति में 30,000/- रु. की धनराशि दान-स्वरूप विद्यालय को दी, फिर उसमें 11,000/- और डालकर 41,000/- कर दी गई, जिसके ब्याज से प्रतिवर्ष चार मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया जाता है।

- स्व. श्री बलबीर राज सोंधी जी की स्मृति में स्थापित 'सोंधी फैमिली चैरीटेबल ट्रस्ट' द्वारा विश्वविद्यालय की वरीयता सूची में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं को प्रतिवर्ष क्रमश: 800/-, 600/- एवं 400/- रु. के नकद पुरस्कार एवं स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक के विशेष स्मृति-चिह्नों से पुरस्कृत करके प्रोत्साहित किया जाता है। इसी ट्रस्ट की ओर से निर्धन छात्राओं के लिए प्रतिवर्ष 10,000/- (दस हज़ार रुपए) की पुस्तकें विद्यालय-पुस्तकालय में उपहार स्वरूप प्रदान की जाती हैं।
- श्रीमती पुष्पा सहगल ने समय-समय पर दान देते हुए कुल 2,00,000/- (दो लाख रुपए) की राशि विद्यालय को प्रदान की, जिसके ब्याज से प्रतिवर्ष दस छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।
- श्री गोकुल चंद भगत जी की पुण्य स्मृति ने श्रीमती सुशीला भगत ने ज़रुरतमंद छात्राओं की सहायता के लिए 1,00,000/- लाख रुपए की राशि छात्रवृत्ति के रुप में आबंटित करने हेतु विद्यालय को प्रदान की।
- 'मानव सहयोग सोसाइटी' की ओर से प्रतिवर्ष कुछ छात्राओं के सहायतार्थ राशि प्रदान की जाती है।
- इस वर्ष निर्धन छात्रा कोष (PSF & SAF) में से रु. 15,50402/- (पन्द्रह लाख पचास हज़ार चार सौ दो रुपए) की छात्रा-सहायक राशि स्कॉलरशिप के रूप में निर्धन छात्राओं को प्रदान की गई।
- श्री प्रेम महाजन की ओर से श्रीमती सुशीला सेखरी तथा श्रीमती रक्षा देवी की स्मृति में जमा की गई रु. 3,00,000/- (तीन लाख रुपए) की राशि के ब्याज में से प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 22,000/- (बाईस हज़ार रुपए) की राशि 5 निर्धन छात्राओं में वितरित की गई।
- श्री जे.एम. ऋषि की ओर से प्राप्त 5,00,000/- (पांच लाख रुपए) की राशि से प्राप्त होने वाले 45,000/- (पैंतालीस हज़ार रुपए) की ब्याज राशि निर्धन छात्राओं के सहायतार्थ वितरित की गई।
- सुश्री हरदीप ने अपनी माता स्व० श्रीमती महिन्दर कौर की स्मृति में रु. 2,00,000/- (दो लाख रुपए) की धनराशि चैक के रूप में विद्यालय को प्रदान की जिसमें से प्रतिवर्ष आई.टी. की मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
- जनरल नंदा की ओर से एम.एल.नंदा चेरिटेबल ट्रस्ट के तहत छात्राओं के सहायतार्थ विद्यालय को रु. 36,000/- (छत्तीस हज़ार रुपए) प्रदान किए गए।
- श्रीमती रश्मि शर्मा की ओर से श्री शादी राम जोशी जी की स्मृति में रु. 5,000/- (पांच हज़ार रुपए) प्रतिवर्ष विद्यालय की छात्राओं की सहायता के लिए भेजे जाते हैं।
- सत्र 2018-19 में संस्था की ओर से खिलाड़ी छात्राओं को 25,45,195 (पच्चीस लाख पैंतालिस हज़ार एक सौ पचानवें रुपए) का अनुदान दिया गया।

## प्राध्यापकों की उपलब्धियां :

कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापक अध्ययन, अध्यापन एवं शोध क्षेत्र के साथ-साथ अनेक गतिविधियों में संलग्न रह कर संस्था को कीर्ति प्रदान कर रहे हैं। संस्था के अनेक अध्यापक अनेक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में सत्राध्यक्षता कर विशेष अतिथि और विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित होकर अपने आत्म परिचय में बढ़ोतरी कर रहे हैं। अनेक प्राध्यापक छात्राओं को विभिन्न शोध परियोजनाओं में निर्देशित कर रहे हैं। संस्था के प्राध्यापकों को समय-समय पर दूरदर्शन एवं आकाशवाणी में वार्ताओं, चर्चाओं और सम्मेलनों में आमंत्रित किया जाता है। अनेक प्राध्यापक गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त यूनिवर्सिटियों में बतौर पेपर सैटर और इवैल्यूएटर के रूप में चयनित किए गए हैं। अनेक प्राध्यापकों को विभिन्न संस्थाओं की ओर से सम्मानित किया गया है। लीक से हटकर कुछ नया और विशेष कार्य करने वालों में संस्था के प्राध्यापकों का नाम सर्वोपरि है।

## शोध पत्र प्रकाशन एवं प्रस्तुतीकरण (Research Papers & Published and Presented)

कन्या महाविद्यालय में शोध सम्बन्धी गतिविधियां अपने चरम पर हैं। सभी विभागों में प्राध्यापक शोध कार्य में संलग्न हैं और छात्राओं को भी इस हेतु प्रेरणा देकर उनसे शोधकार्य करवाया जाता है। इस वर्ष प्राध्यापकों के 67 शोध पत्र प्रकाशित हुए और अनेक प्राध्यापकों ने राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में 57 शोधपत्र प्रस्तुत किए। प्राध्यापकों ने विदेश में जाकर भी अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

## पुस्तक प्रकाशन (Books Published)

- इस सत्र में डॉ. विनोद कालरा की पुस्तक **'अंतिम आलोक'** (काव्य संग्रह) प्रकाशित हुई।
- सत्र 2018-19 में हिन्दी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. लवलीन कौर की दो पुस्तकें **'नागार्जुन का काव्य : अनुभूति और अभिव्यक्ति'** तथा प्रवासी साहित्यकार सुरेश चन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' की हिन्दी साहित्य को देन प्रकाशित हुई।
- अंग्रेज़ी विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती सीमा जैन की पुस्तक **'An Apology to my Father'** सत्र 2018-19 में प्रकाशित हुई।
- गणित विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती वीना दीपक की तीन पुस्तकें -
  (i) **Analytical Geometry,** (ii) **Calculus** तथा (iii) **Algebra** प्रकाशित हुई।
- गणित विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती आनंद प्रभा की पुस्तक **'Text Book of Analysis'** का तीसरा संस्करण प्रकाशित हुआ।
- रसायन शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. मनदीप कौर की पुस्तक **'स्पाईडर्ज़ इन राईस : ए रिसर्च रिव्यू'** भी इस वर्ष प्रकाशित हुई।
- वर्ष 2018 में राजनीति शास्त्र विभाग के प्राध्यापक श्री इकबाल सिंह की पुस्तक का प्रकाशन हुआ।

## विद्यालय के प्रकाशन

के.एम. वी. की प्रतिवर्ष की भांति अकादमिक वर्ष 2018-19 में जिन पुस्तक एवं पत्रिकाओं का प्रकाशन किया गया उनका विवरण इस प्रकार है :

- **स्किल डिवैलपमैंट : द नीड ऑफ़ सेल्फ ड्रिवन इनीशिएटिव।**
- क्रीड़ा विभाग की वार्षिक गतिविधियों पर आधारित **'स्पोर्ट्स न्यूज़ लाईन'।**
- ई.सी.ए विभाग की गतिविधियों पर आधारित **यूथ पल्ज़** न्यूज लाईन।
- स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग की वार्षिक शोध-पत्रिका **'उन्मीलन'** का नवीनतम अंक भी वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में रिलीज़ किया गया।
- कॉमर्स एंड बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के द्वारा विद्यार्थियों के शोध की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए शुरु किए रिसर्च जर्नल **'विंग्स'** का प्रकाशन हुआ जिसमें कॉमर्स विषय की छात्राओं द्वारा लिखे गए शोध पत्र प्रकाशित किए गए।

## शार्ट टर्म कोर्स/ मूक् कोर्स (MOOC Course)/ संकाय प्रगति कार्यक्रम (FDP) आयोजनः (Faculty Development Programme)

- संकाय प्रगति कार्यक्रम, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आदि प्रोग्राम प्राध्यापकों की शोध के प्रति रुचि और शोध क्षेत्र में अग्रसर करने में अपेक्षित

योगदान देते हैं। कन्या महाविद्यालय में आयोजित एम.एच.आर.डी., यू.जी.सी. के सौजन्य से, डी.बी.टी. स्टार कॉलेज स्कीम के अधीन कैमिस्ट्री विभाग द्वारा Innovations and Latest Developments in Academia and Research विषय पर 11 से 15 दिसम्बर तक एक सात दिवसीय संकाय प्रगति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के 80 से अधिक प्राध्यापकों ने भाग लिया।

- फिजिक्स विभाग की प्राध्यापिका डॉ. संगीता पराशर ने जुलाई अक्तूबर 2018 में नॉन कन्वेन्शनल एनर्जी विषय पर (NPTEL) ऑनलाइन मूक कोर्स सम्पन्न किया। उन्होंने पहले पांच प्रतिशत प्रतिभागियों में अग्रिम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया।
- कम्प्यूटर विभाग के एक प्राध्यापक ने ऑनलाइन मोड पर Knowledge Management पर संकाय प्रगति कार्यक्रम सम्पन्न किया।
- कम्प्यूटर विभाग की ओर से 28.1.19 से 1.2.19 तक 'रोबोटिक्स एण्ड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन' विषय पर लघु अवधि कोर्स का आयोजन किया गया।
- बॉटनी विभाग से डॉ. शिखा वशिष्ठ ने Academic and Report Writing विषय पर मूक (MOOC) कोर्स सम्पन्न किया।
- कम्प्यूटर विभाग से श्रीमती सुमन खुराना ने अगस्त 2018 में Knowledge Management विषय पर ऑन-लाइन सर्टिफिकेशन कोर्स सम्पन्न किया और आई.आई.टी. खड़गपुर से प्रमाण पत्र प्राप्त किया।
- रसायन शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नरिन्दरजीत कौर 17.12.2018 से **'स्वयं इण्डिया'** पोर्टल से 'Online Refresher Course in Chemistry for Higher Education Faculty' का कोर्स सम्पन्न किया।
- डॉ. नरिन्द्रजीत कौर ने 15.1.2019 से **'स्वयं इण्डिया'** पोर्टल पर Solid and Hazardous Waste Management विषय पर Mooc Course सम्पन्न किया।
- रसायन शास्त्र विभाग से डॉ. नरिन्दरजीत कौर ने Harward University USA से Health Effects of Globel Warming विषय पर edx online Mooc Course सम्पन्न किया।
- डॉ. अर्चना सैनी (जुऑलोजी विभाग) ने दोआबा कॉलेज जालन्धर में 3 से 9 जनवरी 2019 तक Global Trends in Education and Research विषय पर सात दिवसीय संकाय प्रगति कार्यक्रम में भाग लिया।
- 18-12-2018 से 8-3-2019 तक फिजिक्स विभाग की प्राध्यापिका डॉ. संगीता पराशर ने (Basic of Special Theory of Relativity) विषय पर एच.सी. वर्मा आई.आई.टी. खड्गपुर द्वारा आयोजित ऑनलाइन कोर्स सम्पन्न किया।
- इसके अतिरिक्त गणित विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती आनंद प्रभा ने 23.10.2018 से 28.10.2018 तक स्थानीय डी.ए.वी. कॉलेज में यू.जी.सी. के सौजन्य से आयोजित संकाय प्रगति कार्यक्रम में भाग लिया।
- श्रीमती सिन्दर पाल (कैमिस्ट्री विभाग) ने 5.10.18 से 8.10.18 तक इण्डिया इन्टरनेशनल साइंस फेस्टीवल, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, दिल्ली में कार्यक्रम में प्रतिभागिता दर्ज की।

## एमफिल/पी.एच.डी. डिग्री प्राप्ति/यू.जी.सी./नेट उत्तीर्ण/रिसर्च प्रोजेक्ट्स

- इस वर्ष कम्प्यूटर विभाग के श्री प्रदीप अरोड़ा ने पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की।
- इस वर्ष कम्प्यूटर विभाग के श्री रवि खुराना ने पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त की।
- गणित विभाग की प्राध्यापिका सुश्री मोनिका रानी ने पी.एच.डी. का शोधकार्य सम्पन्न कर थीसिस जमा करवाया।
- रसायन शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका नरेन्द्रजीत ने इस वर्ष पी.एच.डी. का शोध कार्य सम्पन्न कर थीसिस जमा करवाया।
- रसायन शास्त्र विभाग के प्राध्यापक श्री हरमिन्दर का पी.एच.डी. का शोध कार्य समाप्त करने के उपरान्त मौखिकी सम्पन्न हुई।
- श्रीमती आशिमा साहनी ने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर से पीएच.डी. डिग्री के लिए रजिस्ट्रेशन करवाई।
- कम्प्यूटर विभाग के श्री प्रदीप अरोड़ा एवं श्रीमती रजनी बंसल को Impact of Social Media on Youth Based Machine Learning विषय पर कॉलेज की ओर से एक माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट प्रदान किया गया।
- कम्प्यूटर विभाग की सुश्री गुरलीन ने इस वर्ष यू.जी.सी. नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की।

## सम्मान एवं उपलब्धियां (Awards & Honours)

- फिजिक्स विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुरभि शर्मा ने बारसीलोना, स्पेन में आयोजित International Conference on Science and Technology Research अन्तराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में शोधपत्र प्रस्तुत किया। उसे **Best Paper Presenter** का सम्मान प्रदान किया गया।
- डॉ. नीतू चोपड़ा (प्राध्यापिका फिजिक्स विभाग) को 28-8-2018 को इण्डियन एसोसिएशन फॉर फिज़िक्स, कानपुर की ओर से **IAPT-DSM** सम्मान प्रदान किया गया।
- राजनीति शास्त्र विभाग की अध्यक्ष श्रीमती आशिमा साहनी को सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए मानवाधिकार संस्था की ओर से **सोशल सर्विस एण्ड एजुकेशन** अवार्ड प्रदान किया गया।
- वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मधुमीत (अंग्रेजी विभाग) को विभिन्न संस्थाओं की ओर से **सोशल सर्विस एण्ड ऐजुकेशन अवार्ड, नेश्नल बिल्डर अवार्ड, एम्सैम्पलरी सोशल सर्विस अवार्ड** से सम्मानित किया गया।

## समझौता ज्ञापन (MOU Signed)

- कन्या महाविद्यालय के संस्कृत विभाग ने जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया, जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियों में प्राध्यापकों और छात्राओं ने भाग लिया।
- 15 से 17 फरवरी 2019 में जे.एन.यू. दिल्ली द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस SOIL- Tech: Towards Digital India में संस्कृत की छात्राओं ने भाग लिया।
- 15 से 17 फरवरी 2019 में जे.एन.यू. दिल्ली द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में डॉ. नीरज शर्मा ने एक सत्र की अध्यक्षता की।
- इसी कान्फ्रेंस में संस्कृत विभाग की दो छात्राओं - सीरिंग अंगेज़ तथा अक्षिता ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की।
- संस्कृत विभाग ने विश्वेश्वरानंद विश्वबन्धु संस्कृत भारत-भारती अनुशीलन संस्थान होशियारपुर, पंजाब यूनिवर्सिटी चण्डीगढ़ के साथ समझौता ज्ञापन हस्तक्षरित किया। इस के अन्तर्गत संस्कृत की छात्राएं 14 मार्च, 2019 को इस संस्थान में जानकारी प्राप्त करने हेतु गईं।

## ई-कन्टेन्ट कार्यक्रम (E-Content Programme)

- जीव विज्ञान विभाग की अध्यक्ष श्रीमती साधना टण्डन ने बी.एस.सी. मैडिकल समस्तर तीन, चार, पांच और छ: की छात्राओं को ई-कन्टेंट के द्वारा अनेक विषयों की जानकारी दी।
- जीव विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अर्चना सैनी ने बी.एस.सी. मैडिकल समस्तर एक, तीन और पाँच की छात्राओं को ई-कंटेंट के माध्यम से विविध विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।
- डॉ. मनदीप कौर (अध्यापिका जीव विज्ञान) ने बी.एस.सी. मैडिकल समस्तर एक और दो की छात्राओं को बायोकेमिकल साइकलज़ पर ई-कंटेंट के माध्यम से जानकारी प्रदान की।
- डॉ. तमनप्रीत कौर ने एम.एस.सी. ज़ुऑलॉजी समस्तर दो की छात्राओं को इवोल्यूशन ऑफ स्किन एण्ड मसल्ज़ कॉन्ट्रैक्शन की जानकारी दी।
- डॉ. प्रभा ने बी.एस.सी. मैडिकल की छात्राओं को विविध विषयों से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की।
- सुश्री नवजीत कौर ने बी.एस.सी. बायोटेक समस्तर तीन की छात्राओं को जीव विज्ञान के विविध विषयों पर ई कंटेंट के माध्यम से जानकारी प्रदान की।
- साइकॉलोजी विभाग की ओर से डॉ. राधिका गुप्ता, श्रीमती सुरभि शर्मा, सुश्री नित्या महाजन, डॉ. शरणजीत इन सभी प्राध्यापिकाओं ने सभी समस्तरों की छात्राओं को विभिन्न विषयों पर ई-कंटेट के माध्यम से विशिष्ट जानकारी प्रदान की।
- कॉस्मोटॉलॉजी विभाग की प्राध्यापिकाओं सुश्री गायत्री, सुश्री मनप्रीत, सुश्री रवनीत कौर, सुश्री अमृत कौर ने एम.ए., पी. जी डिप्लोमा और बी. वॉक की छात्राओं को, (Trichology, Chemical structure of hair, Reflexology, Hair growing, Beauty

& Personality Development, Hair Colours, Make up and Cosmetics) विषयों पर ई-कन्टेंट के माध्यम सैद्धान्तिक और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

- बॉटनी विभाग की ओर से Anatony of Root, Vegetative propagation, Male gamelophyte, Magasporpgenesis, Flower Pollination, Embriogenesis in Dicots, Embriogenesis in Monocots, Self Incompatibility, Endosperm, Water Absorption in Roots, Water Potential, Photosynthesis, Classification आदि अनेक विषयों पर श्रीमती शिखा वशिष्ठ और सुश्री संदीप कौर ने छात्राओं का ई- कंटेंट के माध्यम से मार्गदर्शन किया।
- रसायन शास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. उपदेश कौर ने सत्र 2018-19 में छात्राओं को यू.वी. स्पेक्ट्रोस्कोपी, प्रोटीन्ज़, एमिनो एसिड्ज़, स्टीरियो कैमिस्ट्री पर जानकारी प्रदान की।
- इसी विभाग से डॉ. मंजू मेहरा ने मोलर पार्टीशन, ऑपरेटर हैमिल्टेनियन, हरमीशियन, डैल, क्वांटम् तकनीक, फोटो कैमिस्ट्री, सॉलिड स्टेट, क्वांटम यील्ड विषय पर जानकारी प्रदान की।
- श्रीमती टैंक सिन्दरपाल (कैमिस्ट्री विभाग) ने विभिन्न विषयों - कार्बोक्साइलिक एसिड्ज़, एमीनो एसिड्ज़, यू.वी. विज़ीबल स्पेक्ट्रोस्कोपी विषय पर ई-माध्यम से जानकारी दी।
- श्रीमती नरिन्दरजीत (कैमिस्ट्री विभाग) ने एटोमिक स्ट्रक्चर, पीरियॉडिक, प्रॉपर्टीज़, थर्मोडीनैमिक्स, कॉलिजिएटिव प्रॉपर्टीज़ आदि अनेक विषयों पर ई-माध्यम से छात्राओं के साथ चर्चा की।
- रसायन शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. अभिमन्यु धीर, सुश्री रवनीत सैनी, सुश्री जसप्रीत, सुश्री नेहा अरोड़ा, सुश्री सावी, श्री हरमिन्दर ने विविध विषयों पर पावर प्वायंट प्रैज़ेन्टेशन तैयार कर छात्राओं के ज्ञान में बढ़ौतरी की।

## छात्राओं द्वारा किए गए शोध परियोजना कार्य - (Research Projects Carried by Students)

- हिन्दी विभाग की छात्रा कु. सोनिया (अनुवाद डिप्लोमा) ने 'विज्ञापनों में अनुवाद की समस्याएं और विशिष्टताएं' विषय पर शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- हिन्दी विभाग की छात्रा कु. सुषमा रानी (अनुवाद डिप्लोमा) ने 'अनुवाद : क्षेत्र और प्रक्रिया' विषय पर शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- हिन्दी विभाग की छात्रा कु. प्रभजोत (एम.ए. हिन्दी सम-4) ने 'दिनकर के काव्य में राष्ट्रीय चेतना' विषय पर शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- हिन्दी विभाग की छात्रा कु. मानसी (एम.ए. हिन्दी सम-4) ने 'प्रेमचंद के उपन्यासों में नारी समस्या' विषय पर शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- हिन्दी विभाग की छात्रा कु. अमिता (एम.ए. हिन्दी सम-2) ने 'मोहन राकेश के नाटकों के नारीपात्र' विषय पर शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- हिन्दी विभाग की छात्रा कु. वैष्णवी (बी.ए. समस्तर-4 आनर्ज़) ने 'महादेवी का गद्य संसार' विषय पर शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- हिन्दी विभाग की छात्रा कु. रंजना (बी.ए. चतुर्थ समस्तर आनर्ज़) ने 'अध्यापक पूर्ण सिंह के निबन्धों की विशेषताएं' विषय पर शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- हिन्दी विभाग की छात्रा कु. नवजोत कौर (बी.ए. समस्तर-4 आनर्ज़) ने 'अध्यापक पूर्ण सिंह के निबन्धों की भाषा शैली' विषय पर शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- हिन्दी विभाग की छात्रा कु. नैनिता (बी.ए. सम-4) ने 'महादेवी वर्मा के निबन्धों की भाषा शैली' विषय पर शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- हिन्दी विभाग के अनुवाद डिप्लोमा की तीन छात्राओं - सोनिया कौर, सुषमा कुमारी एवं दिव्या शर्मा ने क्रमशः 'जन संचार माध्यम और अनुवाद के विविध क्षेत्र तथा विज्ञापनों का अनुवाद' विषयों पर शोध कार्य सम्पन्न किया।

- गणित विभाग की छात्राएं दिव्या और जसप्रीत ने इस सत्र में Solution of Non-linear Differential Equation using Non Perturbation Methods विषय पर अपना शोध परियोजना कार्य सम्पन्न किया।
- बॉटनी विभाग की छात्राएं- कोमलप्रीत और जोत ने मिलकर Taxonomic Study of Plants present in KMV Camps विषय पर अपना रिसर्च प्रोजेक्ट पूर्ण किया।
- बॉटनी विभाग की बी.एस.सी. मेडिकल की दिशा और उर्वशी ने Comparative study of Stomata of Dicots, Monocots, Gymnosperms Pterisophytes and Bryophytes विषय पर रिसर्च प्रोजेक्ट पूर्ण किया।
- बॉटनी विभाग की इसी कक्षा की नीतिशा और रीना ने Study of Autonomy of Different Woods विषय पर रिसर्च प्रोजेक्ट सम्पन्न किया।
- बॉटनी विभाग की हरजिन्दर और गुरप्रीत ने To Investigate How the Size and Shape of Fruits influence their Ability to Dispersed by Wind विषय पर अपना रिसर्च प्रोजेक्ट सम्पन्न किया।
- बॉटनी विभाग में मोहिता और प्रिया ने To Investigate How Size and Shape of Seed influence their Ability to Dispersed by Wind विषय पर अपना रिसर्च प्रोजेक्ट सम्पन्न किया।
- बॉटनी विभाग की परमिन्दर और मनप्रीत ने 'To study Different types of Infloroscence in Plants present in KMV Campus' विषय पर शोध परियोजना सम्पन्न की।
- बॉटनी विभाग की ओर से कुल 44 छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर 22 रिसर्च प्रोजेक्ट्स सम्पन्न किए।
- कम्प्यूटर विभाग के प्राध्यापकों की ओर से 23 विषयों पर ई. कंटेंट डिवेलपमैंट प्रोग्राम करवाए गए।
- बी. वॉक. न्यूट्रीशन एक्सरसाइज़ एण्ड हैल्थ की ओर से 21 विषयों पर ई. कंटेंट डिवेलपमैंट प्रोग्राम करवाए गए।
- बी. वॉक. (TDAT) के प्राध्यापकों की ओर से 13 ई कंटेंट डिवैलपमैंट के प्रोग्राम करवाए गए।

## पर्यावरण सम्बन्धी कार्य (Environmental Activities)

- 13.7.2018 को संस्कृत विभाग की ओर से एक पर्यावरण सम्बन्धी कार्य करवाया गया जिसमें पंजाब सरकार की हरियाली एप के अन्तर्गत 32 पौधे लगाए गए।
- 24.7.2018 को बॉटनी विभाग की ओर से राजकीय हाई स्कूल शेखों गांव में छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया गया और वृक्षों के महत्त्व पर विचार चर्चा की गई।
- 10.8.2018 को बॉटनी विभाग की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर, जालन्धर के स्कूल में पौधे लगाए गए।
- गणित विभाग की ओर से टेलेंट हंट के अन्तर्गत Beat the Plastic Pollution विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- गणित विभाग की ओर से 'टिक् टिक् टिक् टिक् प्लास्टिक टिक न पाए रे' विषय पर कोरियोग्राफी प्रस्तुत की गई।
- गणित विभाग की एम.एस.सी. की छात्राओं ने सरकारी कन्या सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रंधावा मसंदा के 'विद्यार्थियों को पर्यावरण की जानकारी दी।
- रसायन शास्त्र विभाग की ओर से पौधारोपण और स्वच्छ भारत अभियान पर एक 'नुक्कड़ नाटक' तैयार किया गया। 31.8.18 को इस नाटक का मंचन किया गया जिसमें गांव की 70 स्त्रियों और कॉलेज की अनेक छात्राएं सम्मिलित हुईं।
- 16-9-2018 को जीव विज्ञान विभाग और ई.वी. एस विभाग की ओर से विश्व ओज़ोन दिवस पर रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई।
- 3-12-2018 को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से संस्था को साफ सुथरा सौदर्य मुक्त एवं हरा भरा बनाने के उद्देश्य से एक स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया।

## भित्ति पत्रिका (Wall Magazines)

- 13.8.2018 को हिन्दी विभाग की ओर से 'स्वतन्त्रता दिवस' और 'जन्माष्टमी' से संबंधित 'भित्ति पत्रिका : साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति' का आयोजन किया गया। छात्राओं ने इन दो अवसरों सम्बन्धी लिखित एवं छायाचित्रों की प्रस्तुतियां दीं।
- फरवरी 2019 में अंग्रेज़ी विभाग की ओर से Neo-Classical Poetry पर बी.ए. आनर्ज़ अंग्रेज़ी के समस्तर-II की छात्राओं ने भित्ति पत्रिका का निर्माण किया।

## सामाजिक प्रकार्य (Social Outreach Programme) -

- रसायन शास्त्र विभाग की ओर से 29.6.18 को पिंगला घर के असहाय व्यक्तियों को फल आदि वितरित किए गए। इसी प्रकार कुष्ठ आश्रम और मदर टेरेसा होम में रहने वाले व्यक्तियों को फल और मिठाई तथा अन्य सामान वितरित किया गया।
- 10.8.2018 को बॉटनी विभाग की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी का सामान वितरित किया गया।
- 12 से 15 अगस्त 2018 में राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से पंजाब सरकार की ओर से चलाए गए नशा मुक्ति अभियान हेतु Buddy कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एन.एस.एस. तथा यूथ वैल्फेयर विभाग तथा राजनीति शास्त्र विभाग की छात्राओं ने इस समारोह में भाग लिया। यूथ वेल्फेयर मिन्स्टिर स. गुरजीत सिंह जी ने Buddy प्रोग्राम में भाग लेने के लिए छात्राओं को सम्मानित किया।
- रसायन शास्त्र विभाग की ओर से 31.8.18 को समीरपुर गांव में एडल्ट्रेशन कैम्प लगाया गया जिसमें वहां के लोगों को खाद्य पदार्थों एवं दूध की शुद्धता सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई।
- 7-9-2018 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से डी.बी.टी. स्टार कॉलेज स्कीम के अन्तर्गत राजकीय सीनि. सैके. स्कूल रंधावा में स्वच्छता अभियान और पौधारोपण अभियान चलाया गया।
- 1-12-2018 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से 'विश्व एड्स दिवस' मनाया गया और छात्राओं को एड्स रोग तथा इससे बचने के उपायों की जानकारी प्रदान की गई।
- 16-12-2018 को गांधीयन स्टडीज़ सेंटर के साथ साइकॉलोजी विभाग की ओर से 8 छात्राओं को सेन्ट्रल जेल कपूरथला ले जाया गया। जहां छात्राओं ने जेल के कैदियों से बातचीत कर उन्हें परामर्श भी दिया।
- 4-2-2019 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से 'कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 22-3-2019 को 'विश्व जल दिवस' के उपलक्ष्य में जीवविज्ञान विभाग की ओर से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया।
- 23.3.2019 को बॉटनी विभाग की ओर से स्थानीय गांधी वनिता आश्रम में पौधे लगाए गए और वस्त्र आदि सामान वितरित किया गया।
- 23.03.2019 को साइकॉलोजी विभाग की ओर से छात्राओं को जालंधर के गांधी वनिता आश्रम में ले जाया गया जहां छात्राओं ने अनाथ बच्चों से बातचीत की।
- 30-10-2019 को जीव विज्ञान विभाग के अन्तर्गत रेड रिबन क्लब के सौजन्य से एक रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 70 छात्राओं ने रक्तदान किया।
- गणित विभाग की छात्राओं ने स्वच्छ भारत अभियान बैनर के अन्तर्गत एक 'नुक्कड़ नाटक' तैयार कर जालन्धर के अनेक गांवों, स्कूलों में जाकर उसका प्रदर्शन किया और लोगों को सचेत किया।

## छात्रा-परामर्श कार्य (Student Mentoring Activities)

- अकसर कॉलेज में आने के बाद छात्राओं की अध्ययन सम्बन्धी अथवा निजी समस्याएं होती हैं, जिन्हें वे किसी के साथ बांटने में असुविधा महसूस करती है। कन्या महाविद्यालय पिछले चार वर्षों से छात्राओं की सहायता हेतु यह कार्य बड़ी शिद्दत से कर रहा है। संस्था की ओर से इस वर्ष भी सभी संकायों के सभी विभागों को छात्राओं की मैंटरिंग का कार्य सौंपा गया।

  सभी प्राध्यापकों ने छात्राओं की पढ़ाई में प्रगति के लिए, उनकी अध्ययन सम्बन्धी एवं पारिवारिक व निजी समस्याओं को सुलझाने

और उनके उत्तरोत्तर विकास के लिए उन्हें परामर्श देकर अपने साथ जोड़ा ताकि वे सभी संस्था के इस वातावरण में अत्यन्त सहज महसूस कर सकें।

## प्राध्यापक - अभिभावक बैठक (PTM) :

- विद्यालय के विभिन्न विभागों की ओर से साल भर में तीन प्राध्यापक-अभिभावक बैठक बुलाई गईं और छात्राओं के अभिभावकों से उनके बच्चों की पढ़ाई सम्बन्धी प्रगति पर चर्चा की गई।

## विस्तार व्याख्यान/संगोष्ठी आयोजन (Extension Lectures/ Seminars Organized)

- 29.7.2018 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से 'Nanotechnology a science beyond barrier with implication' विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान करवाया गया जिसमें डॉ. मनदीप सिंह बख्शी मुख्य वक्ता के रूप में पधारे। इसमें 200 छात्राओं ने भाग लिया।
- 30.7.2018 से 3.8.2018 तक पंजाबी विभाग की ओर से एक त्रिदिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नवां ज़माना के सम्पादक श्री बलबीर परवाना, लायलपुर खालसा कॉलेज के रिटायर्ड प्रो. कुलवन्त सिंह संधु तथा डी.ए.वी. जालंधर के पंजाबी विभाग के प्रोफेसर डॉ. रजनीश बहादुर सिंह पधारे।
- 31.7.2018 को संस्कृत विभाग की ओर से 'वेदान्त दर्शन' पर विस्तृत व्याख्यान हेतु आचार्य सत्यजीत जी को आमंत्रित किया गया।
- 17.08.2018 को संस्कृत विभाग की ओर से वैदिक साहित्य पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- 4.9.2018 को हिन्दी विभाग की ओर से 'मेरा साहित्य मेरी दृष्टि' श्रृंखला के अन्तर्गत विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटियाला से प्रसिद्ध कवि एवं लेखक श्री सागर सूद जी पधारे।
- 5.9.2018 को गणित विभाग की ओर से 'Why Mathematics ? Let us think ...' विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलॉजी पटियाला के स्कूल ऑफ मैथेमैथिट्स की एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. ममता गुलाटी को आमंत्रित किया गया।
- 5-9-2018 को कॉस्मेटॉलॉजी विभाग की ओर से एक विस्तृत व्याख्यान करवाया गया। इस अवसर पर सुश्री संगीता ने छात्राओं को स्किन केयर के बारे में जानकारी प्रदान की।
- 7.9.2018 को पंजाबी विभाग की ओर से आयोजित विस्तार व्याख्यान 'गुरमति साहित्य' में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर से डॉ. मनजिंदर सिंह को आमंत्रित किया गया।
- 7.9.2018 को फिज़िक्स विभाग की ओर से 'डिटेक्शन टेक्नीकस ऑफ न्यूक्लियर रेडिएशन' विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान करवाया गया। इसमें डॉ. कुलवन्त सिंह थिंद (पूर्व प्रोफेसर, फिज़िक्स विभाग, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर) को बतौर प्रमुख वक्ता आमंत्रित किया गया।
- 05.10.2018 को Commerce विभाग की ओर से NSE और SEBI के सहयोग से 'Financial Inclusion through Financial Education' विषय पर Regional Seminar करवाया जिसमें स्रोत वक्ता के रुप में प्रो. मनजीत सिंह (Dept. of Applied Management, पंजाबी यूनिवर्सिटी) पधारे।
- 10.10.2018 को बॉटनी विभाग की ओर से Indoor Air Pollution and Plants विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें 60 छात्राओं ने भाग लिया। इस हेतु पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला से प्रो. एम.एल. सग्गू को आमंत्रित किया गया।
- 13.10.18 को फिज़िक्स विभाग की ओर से 'बायो नैनो सेन्सर्ज़' विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें सी.एस.आई.ओ. मोहाली से डॉ. सचिन त्यागी (प्रसिद्ध वैज्ञानिक) को प्रमुख वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।
- 17.10.2018 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से 'Strategies for Solid Waste Management' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एन.आई.टी. जालन्धर से डॉ. बी.एस.कैथ, डॉ. अरविन्दर, प्रो. व अध्यक्ष, जुऑलॉजी विभाग, गु.ना.दे.यूनि. अमृतसर, डॉ. यू.पी. सिंह (निदेशक-सी.आई.पी.ई.टी. अमृतसर) को आमंत्रित किया गया।
- 17.10.2018 को जीवन विज्ञान विभाग की ओर से 'Strategies for Solid Waste Management' विषय पर एक राष्ट्रीय

संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. बी.एस. कैंथ (प्रोफेशर एनआईटी जालन्धर), डॉ. यू.पी. सिंह (डायरेक्टर सी.आई.पी.ई.टी., अमृतसर) एवं डॉ. अरविन्दर कौर (प्रो गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर) को आमंत्रित किया गया।

- 26.10.2018 को पॉलिटिकल साईंस विभाग की ओर से 'Human Rights : A Global Perpsective' विषय पर एक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर Ms. Yasin Bownneedi Puttp (President International Human Rights, Mauritius), श्री अमनदीप मित्तल (निदेशक, नॉर्थ ज़ोन इंटरनैशनल ट्यूमन राईट्स), श्री ओंकार सिंह (ज़िला अध्यक्ष, ह्यूमन राईट्स), श्री शैली मक्कड़ (प्रमुख सचिव, एंटीकरप्शन विभाग, पंजाब), श्री एस.एच. सोंधी (चेयरमैन सीएचआर ग्रुप) एवं श्रीमती गीतांजलि (असिस्टेंट जनरल मैनेजर, सीएचआर ग्रुप) उपस्थित थे।
- 5.11.18 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से 'Periodic Table-Basis of Inorganic Chemistry' विषय पर विस्तृत व्याख्यान देने के लिए डॉ. हिना रेखी को आमंत्रित किया गया। इसमें 200 छात्राओं ने भाग लिया।
- 5.11.2018 को पंजाबी विभाग की ओर से 'तमस' उपन्यास पर एक सैमीनार का आयोजन किया गया जिसमें गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार को आमंत्रित किया गया।
- 31.1.2019 को हिन्दी विभाग की ओर से एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। विख्यात कलाकार एवं पत्रकार श्री कमलेश भारतीय जी ने 'हिन्दी साहित्य और पत्रकारिता' विषय पर एक व्याख्यान दिया।
- 31.01.2019 को हिन्दी विभाग की ओर से 'मध्यकालीन' हिन्दी कविता की पुनर्व्याख्या विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब यूनिवर्सिटी चण्डीगढ़ के हिन्दी विभाग के पूर्वाध्यक्ष डॉ. अशोक सभ्रवाल जी पधारे।
- 20.2.19 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से 'Arsenic Renediation in Water Based Absorbents' विषय पर व्याखायान करवाया गया। डॉ. नगेन्द्र बाबू इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में पधारें।
- 19.3.2019 को जे.एम.सी. विभाग की ओर से 'प्रिंट मीडिया इन डिजीटल इरा' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान करवाया गया जिसमें दैनिक जागरण के रेंसीडेंट एडीटर श्री अमित शर्मा प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।
- स्नातकोत्तर फिज़िक्स विभाग की ओर से 22-23 फरवरी, 2019 को 'Nanostructural Material : Structure, Properties and Application' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का आयोजन MRSI (Material Research Soceity of India) बैंगलोर, डी ए डी, मुंबई, सी.एस.आई.आर (CSIR), नई दिल्ली तथा गुजरात बोरोसिल लि. के सौजन्य से किया गया।
- 29.03.2019 को जीवन-विज्ञान विभाग की ओर से 'Recent Trends in Life Sciences' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में डॉ. ओंकार सिंह (पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला), डॉ. ज्योती प्रकाश (सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, बठिण्डा), डॉ. प्रद्युम्म (आई.ए.आर.आई. दिल्ली) को आमंत्रित किया गया।
- 30.3.2019 को हिन्दी विभाग और जे.एम.सी. विभाग के संयुक्त सौजन्य से एक विस्तार व्याख्यान करवाया गया। 'विज्ञापन का वैश्विक परिदृश्य' विषय पर दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में हिन्दी विभाग से प्रो. कुमुद शर्मा ने विचार चर्चा की।
- 1.4.2019 को इतिहास विभाग की ओर से जलियांवाला बाग के सौ वर्ष पूर्ण होने पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उपलक्ष्य में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. जगमोहन (शहीद भगत सिंह जी के भांजे) पूर्व प्रो. एग्रीकल्चर यूनी. लुधियाना को आमंत्रित किया गया।
- 3.4.2019 को संस्कृत विभाग की ओर से 'अंडरस्टैंडिंग क्रिएटिविटी एण्ड इट्स डोमेनज़' विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब यूनिवर्सिटी, चण्डीगढ़ के दर्शनशास्त्र (Philosophy) विभाग की अध्यक्ष प्रो. शिवानी शर्मा को आंमत्रित किया गया।
- 5.4.2019 को संस्कृत विभाग की ओर से 'संस्कृत का अन्य भाषाओं से सम्बन्ध' विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान करवाया गया।
- 10.4.2019 को इतिहास विभाग एवं सोशियॉलॉजी विभाग की ओर से एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिस तलविन्दर और मिस श्वेता को आमंत्रित किया गया।

## कार्यशाला आयोजन (Workshops Organised)

- 21 से 23 अगस्त 2018 को संस्कृत विभाग की ओर से 'चेतनाधारित वैदिक शिक्षण' की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसे कॉनफेडेरेशन ऑफ एजुकेशन एक्सेलेंस नई दिल्ली ने प्रायोजित किया।
- 10 से 15 सितम्बर 2018 को संस्कृत विभाग की ओर से 'कम्प्यूटेशनल संस्कृत और स्त्री सशक्तिकरण' विषय पर एक छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जवाहर लाल यूनिवर्सिटी नई दिल्ली से कु. शगुन और श्री कबी काहनगाबा पधारे।
- 28.9.2018 से 5.10.2018 तक कम्प्यूटर विभाग की ओर से Client Server Communication Using Linex विषय पर एक छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 16.1.2019 को फिज़िक्स विभाग की ओर से शिक्षा रत्न डॉ. जसविन्दर सिंह के द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डी. बी. टी. स्टार कॉलेज स्कीम के अधीन आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. जसविन्दर सिंह जी की 'Lab on wheels' ने छात्राओं को बेहद आकर्षित किया। डॉ. जसविन्दर सिंह जी ने फिज़िक्स और गणित की अवधारणा को बहुत सरल ढंग से छात्राओं को स्पष्ट किया।
- 25.3.2019 को बॉटनी विभाग की ओर से Range of Thallus Organisation in Algae विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के बॉटनी विभाग से प्रो. खट्टर को आमंत्रित किया गया।
- 15.10.2018 से 20.10.2018 तक ललित कला विभाग की ओर से एक कार्यशाला लगाई गई जिसमें 5 कलाकारों प्रिया, गुरप्रीत, सिमरन, अर्शप्रीत व एन.डी. भाटिया ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।
- 9.2.2019 को रसायन शास्त्र की ओर से Industrial Manufacturing of Cosmetics विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री गुरविन्दर सिंह, (सी.ई.ओ. कामिल कॉस्मेटिक्स, अमृतसर) को आंमत्रित किया गया।
- 11, 12 और 15 अप्रैल, 2019 को ललित कला विभाग की ओर से तीन दिवसीय पिडी लाइट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलाकार रिद्धिमा ने छात्राओं के साथ बातचीत कर मिक्स मीडिया ऑन बॉटल/बॉक्स, ज्वेलरी बॉक्स डेकोरेशन, मोल्ड इट मग डिज़ाइनिंग आदि विषयों पर छात्राओं को जानकारी प्रदान की।
- 25-10-2018 को पोलिटिकल साइंस विभाग की ओर से वोटर रजिस्ट्रेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री परमजीत सिंह (सचिव, जिला परिषद) श्री धर्मपाल, श्री हरजिन्दर सिंह (इन्जीनियर, नगर निगम) पधारे। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 8 प्राध्यापकों और 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 12-3-2019 को बायोटेक्नॉलॉजी विभाग की ओर से Lolecular and Micro Biological Techniques विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 25 छात्राओं ने भाग लिया।
- 12-3-2019 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से Hands on Training on Molecular & Microbiology Techniques विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें 100 छात्राओं ने भाग लिया।
- 15-3-2019 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से Experimental Workshop on Medical Laboratory Technology विषय पर आयोजिन कार्यशाला में स्थानीय सिग्मा डायग्नॉस्टिक लैब से श्री परमजीत सिंह पधारें। इसमें 40 छात्राओं ने भाग लिया।
- 31-1-2019 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से ECG, Dialysis and Diabetes विषय पर एक व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वोदय अस्पताल, जालंधर से डा. संजय मित्तल और डॉ. अनवर खान पधारें। इस कार्यशाला में 150 छात्राओं ने भाग लिया।
- साइकॉलोजी विभाग की ओर से 5, 6, 7 और 10 मार्च 2019 को चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर (Eotvos Lorand University, Budapest, Hungary) से हैल्थ साइकॉलोजी के प्रोफेसर डॉ. राबर्ट अर्बन पधारे। 30 छात्राओं ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

## डॉ. राबर्ट अर्बन (इंस्टीट्यूट ऑफ साईकॉलोजी, लोरैंड यूनी, हंगरी) ने लगाई कार्यशाला

विद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से 5-12 मार्च 2019 को 4 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रों डॉ. राबर्ट अर्बन, इंस्टीट्यूट ऑफ साइकोलॉजी, ईसोटोबोस सोरेंड यूनीवर्सिटी, हंगरी विषय विशेषज्ञ एवं स्रोत वक्ता के रूप में के.एम.वी. में आमंत्रित किया गया। हैल्थ साईकोलॉजी के विशेषज्ञ डॉ. अर्बन ने मोटीवेशनल इटरविनिंग विषय पर इस कार्यशाला का संचालन किया। इस कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियो ने मनोविज्ञानिक काऊंसलिंग (परामर्श) के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। के.एम.वी 13 दिनो के प्रवास में डॉ. राबर्ट ने कें.एम.वी. के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियो से मुलाकात एवं संवाद किया ओर अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक संदर्भों पर विचार-चर्चा की। उन्होंने क्रॉस कल्चरल विषयों पर के.एम.वी. के साथ शोध-परियोजनाएं प्रारम्भ करने में विशेष रूचि दिखाई। विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने डॉ. अर्बन द्वारा उनके के.एम.वी. प्रयास के दौरान दिखाई गई रूची एवं प्रयासों की सराहना की उन्होंने कहा कि मनोविज्ञान के क्षेत्र एवं विषय में विशेषज्ञता प्राप्त डॉ. अर्बन जैसे विद्वान से सीखना के.एम.वी के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरी अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियो की बोद्धिक जागरूकता एवं विस्तार के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयाजन के लिए अपनी प्रतिबद्धता ज़ाहिर की।

## शैक्षिक यात्राएं (Educational Trip) :

शैक्षिक यात्राएं जहां एक ओर छात्राओं के मनोरंजन में सहायक होती हैं वहीं उन्हें व्यावहारिक रूप से शिक्षित भी करती हैं-

- 22.8.2018 को कम्प्यूटर विभाग की ओर से छात्राओं को श्री आनंदपुर साहिब ले जाया गया।
- 23.8.2018 को जर्नलिज़्म और मास कम्यूनिकेशन्ज़ विभाग की ओर से छात्राओं को स्थानीय दैनिक भास्कर के ऑफिस में ले जाया गया जहां उन्होंने समाचार पत्रों के प्रकाशन सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की।
- 24.8.2018 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से 32 छात्राओं को दवा-निर्माण सम्बन्धी जानकारी प्रदान करने के लिए सिपला, बद्दी ले जाया गया।
- 9.10.18 को फिज़िक्स विभाग की ओर से छात्राओं को फोकल प्वांयट, जालन्धर में स्थित इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन पावर स्टेशन ले जाया गया।
- ज़ी पंजाब, हरियाणा, हिमाचल द्वारा होटल ललित चण्डीगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में जे.एम.सी. विभाग की छात्राओं को शैक्षिक यात्रा हेतु ले जाया गया वहां उन्होंने किसी कार्यक्रम प्रोडक्शन सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की।
- 14.2.2019 को बी. वॉक. फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म विभाग की ओर से छात्राओं को फरीदाबाद में आयोजित सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉफ्ट मेला में ले जाया गया।
- 4.4.2019 को जे.एम.सी. विभाग की ओर से छात्राओं को 'द ट्रिब्यून' चण्डीगढ़ ले जाया गया जहां उन्हें समाचार पत्र की कार्यकारी संरचना की जानकारी प्रदान की गई।
- बी. वॉक. एन.ई.एच की ओर से नई दिल्ली के एम्ज़ में इण्डियन सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रीशन कान्फ्रेंस ऑन गैस्ट्रोइनटेस्टिनल डिज़ीज़िज़ विषय पर आयोजित कान्फ्रेंस में छात्राओं को ले जाया गया।
- बी. वॉक. एन.ई.एच की ओर से छात्राओं को पंजाब यूनिवर्सिटी, चण्डीगढ़ में आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागिता हेतु ले जाया गया।
- 12.2.2019 को कम्प्यूटर विभाग की ओर से छात्राओं को संसद् भवन, दिल्ली ले जाया गया।
- 30.3.2019 को कम्प्यूटर विभाग की ओर से छात्राओं को पंजाब वार्ता ज़ी.पी.एच.एच. ले जाया गया।
- बॉटनी विभाग की ओर से 12.2.19 को 47 छात्राओं को शैक्षिक यात्रा हेतु CEV करतारपुर ले जाया गया।
- 13.3.19 को बॉटनी विभाग की ओर से 46 छात्राओं को पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के बॉटेनिकल गार्डन दिखाने हेतु ले जाया गया।
- 29.3.2019 को गणित विभाग की ओर से 35 छात्राओं को IISER मोहाली ले जाया गया जहां बी.एस.सी. और एम.एस.सी. की छात्राओं ने IISER के गणितज्ञों से बातचीत की।

- 15.3.2019 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से 50 छात्राओं को शैक्षिक यात्रा के लिए IMTECH मोहाली ले जाया गया। छात्राओं ने राष्ट्रीय संस्थान में शोध के वातावरण का जायज़ा लिया।
- इतिहास और सोशियॉलॉजी विभाग की ओर से दिनांक 19.3.2019 को जंग-ए-आज़ादी करतारपुर ले जाया गया।
- इतिहास विभाग और सोशियॉलॉजी विभाग की ओर से 9.4.2019 को 75 छात्राओं को नकोदर के निकट जहागीर गांव में दखिनी सराय लेकर जाया गया।
- 24.3.2019 को पंजाबी विभाग की ओर से 20 छात्राओं को ऐतिहासिक नगर 'प्रीत नगर' अमृतसर ले जाया गया।
- 30-31 मार्च, 2019 को ललित कला विभाग की ओर से छात्राओं को पालमपुर, अंधरेटा और कांगड़ा के ऐतिहासिक स्थलों के दर्शनार्थ ले जाया गया।
- 13 से 15 अप्रैल, 2019 को पंजाबी विभाग की ओर से 34 छात्राओं को शैक्षिक यात्रा हेतु हिमाचल प्रदेश में अंधरेटा शहर ले जाया गया।
- 28-2-2019 को नैश्नल साईंस डे के अवसर पर फिजिक्स विभाग की ओर से छात्राओं को CSIO चण्डीगढ़ ले जाया गया। (CSIO) एक राष्ट्रीय लैबोरेट्री है जो शोध एवं वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिक उपादानों की प्रगति एवं नवीनता को समर्पित है। यह (CSIR) का बेहतरीन, प्रौद्योगिक शोध संस्थान है।
- 25-3-2019 को फिजिक्स विभाग की ओर से उन छात्राओं को पुष्पा गुजराल, साईंस सिटी, कपूरथला ले जाया गया। जिन्होंने डी.बी.टी. स्टार कॉलेज के अधीन बेहतरीन प्रोजेक्ट्स पर कार्य सम्पन्न किया।
- 27-3-2019 को फिजिक्स विभाग की ओर से बी.एस.सी. और एम.एस.सी. की छात्राओं को इन्टर यूनिवर्सिटी, एक्सीलरेटर सेंटर नई दिल्ली ले जाया गया।
- बायोटेक्नॉलॉजी विभाग की ओर से फरवरी 2019 को छात्राओं को पालमपुर में स्थित शोध संस्थान (ICAR-CIPHET, CSIR-IHBT) ले जाया गया।
- 14-15 फरवरी 2019 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से 46 छात्राओं को IHBT पालपपुर ले जाया गया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को रिसर्च एण्ड डिवेलवमैंट के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक की जानकारी देना था।
- 20-3-2019 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से 20 छात्राओं को Fish Farming and Aquaponics लांबड़ा, जालंधर ले जाया गया। छात्राओं ने मछली संस्कृति और उसके मलोत्सर्ग से पौधों के विकास में योगदान सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की।
- 22-3-2019 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से 26 छात्राओं को सिग्मा डायग्नॉस्टिक पैथेलॉजी लैब ले जाया गया। छात्राओं ने विविध प्रकार की ऑटोमेटिड डायग्नॉस्टिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।
- जीव विज्ञान विभाग की ओर से 28-3-2019 को छात्राओं को पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, लुधियाना ले जाया गया जहां उन्होंने कीट विज्ञान सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई।
- जीव विज्ञान विभाग की छात्रा ने 26 दिसम्बर 2018 से जनवरी 2019 तक एन.आई.टी. जालन्धर में 15 दिन के इन्टर्नशिप प्रोग्राम Hydrogels में भाग लिया।

## विभिन्न विभागों के द्वारा आयोजित पाठ्येतर गतिविधियां :

कन्या महाविद्यालय जालंधर में शिक्षा के क्षेत्र के अतिरिक्त पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं का सर्वतोमुखी विकास होता रहा।

- 10.8.2018 को बी. वॉक. की फोटोग्राफी एण्ड जर्नलिज़्म की छात्राओं की ओर से तीज त्यौहार के अवसर पर 'तस्वीर-द फोटो स्टूडियो' का निर्माण किया गया, जिसमें छात्राओं ने मेले में पधारे लोगों की बहुत सुन्दर तस्वीरें खींचीं।
- 18.9.2018 को जे.एम.सी. विभाग की ओर से 94.3 एफ.एम. के समन्वित सौजन्य से 'सुंदर मुटियार' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था की छात्राओं के अतिरिक्त विभिन्न महाविद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया।

- 25.9.2018 को जे.एम.सी. विभाग की ओर से छात्राओं को इवेन्ट मैनेजमैंट की तकनीक सिखाने के लिए 'स्टार्ट-अप 2018' का आयोजन किया गया।
- 24.1.19 को जे.एम.सी. विभाग की ओर से मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'पूस की रात' कहानी का नाट्य मंच करवाया गया। 'कम्बल' शीर्षक से मंचित इस नाटक को दर्शकों की बेहद सराहना मिली।
- 30.1.2019 को ज़ी पंजाब, हरियाणा, हिमाचल द्वारा ललित होटल चण्डीगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में जे.एम.सी. विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।
- 25.2.2019 को संस्था में आयोजित के.एम.वी. कार्नीवाल में जे.एम.सी. की छात्राओं ने 'तस्वीर-द फोटो स्टूडियो' के अन्तर्गत आमंत्रित अतिथियों की 'बिंटेज़' थीम पर फोटो खींची।
- 9.3.2019 को जे.एम.सी. विभाग की ओर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जी.पी.एच.एच. विशेष प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश की 'अर्बन डिवेलपमैंट मिनिस्टर' सुश्री सुरवीन चौधरी से छात्राओं ने सामाजिक समस्याओं संबंधी बातचीत की।
- संस्कृत विभाग की ओर से 10 अप्रैल से 20 अप्रैल 2018 को दस दिवसीय संस्कृत वाचन कोर्स का आयोजन किया गया। इस हेतु श्री संजीव श्रीवास्तव को आमंत्रित किया गया।
- 5.9.2018 को हिन्दी विभाग की ओर से शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। हिन्दी विभाग की छात्राओं ने इस अवसर पर प्राचार्या एवं प्राध्यापकों को तिलक लगाकर, मौली बांध कर अभिनंदित किया और उन्होंने उस दिन बी.ए. की कक्षाओं में प्राध्यापक कार्य भी सम्पन्न किया।
- 6.9.2018 को हिन्दी विभाग की ओर से कविता, कहानी, निबन्ध, लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 5.2.2019 को हिन्दी विभाग की ओर से विद्यालय स्तर पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
- 5.2.2019 हिन्दी विभाग की ओर से 'वसन्तोत्सव' का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत हिन्दी की छात्राओं ने कविताओं और आलेखों के माध्यम से वसंत के महत्त्व पर प्रकाश डाला।
- 15.2.2019 को हिन्दी विभाग की ओर से निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय स्तर पर अनेक छात्राओं ने भाग लिया।
- 14.3.2019 को संस्कृत की छात्राओं - तृप्ति और निष्ठा ने इन्टर यूनिवर्सिटी संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में भाग लिया।
- 3.4.2019 को संस्कृत विभाग की ओर से संस्कृत श्लोकोच्चारण, संस्कृत पत्रवाचन, संस्कृत सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- एनवायरमैंटल साईंस विभाग की ओर से विश्व भू-दिवस मनाया गया।
- एनवायरमैंटल साईंस विभाग की ओर से इकोफ्रैंडली दीपावली का आयोजन किया गया।
- एनवायरमैंटल साईंस विभाग की ओर से बोटेनिकल गार्डन में सफाई अभियान चलाया गया।
- एनवायरमैंटल साईंस विभाग की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।
- एनवायरमैंटल साईंस विभाग की ओर से विश्व ओज़ोन दिवस का आयोजन किया गया।
- एनवायरमैंटल साईंस विभाग की ओर से सामाजिक सहायता कार्य हेतु छात्राओं को वृद्धाश्रम ले जाया गया।
- बॉटनी विभाग की ओर Local Medical Plants और Plants Present in KMV पर दो सर्वे करवाए गए।
- 8.4.2019 को कम्प्यूटर विभाग की ओर से Tally के अन्तर्गत टी.सी.ए.टी. - ऑल इण्डिया कामर्स प्रोफीशिएंसी टैस्ट का आयोजन किया गया जिसमें 277 छात्राओं ने भाग लिया।
- कम्प्यूटर साईंस विभाग की ओर से 6 अप्रैल, 2019 को 'गोफ़र' (Gopher-19) का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत - नेट

सैवी, लोगो डिज़ाइन, टिकल युअर इमैजीनेशन, पॉवर टु प्रिज़ेंट, रेपलिका, सोलिटेरी ऐस, विट्टी टीज़र्ज़, ग्रूव इट अप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस समारोह में 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया और 60 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

- अगस्त 2018 में अंग्रेज़ी विभाग की ओर से इन्टर कॉलेज प्रतियोगिता लिटमेनिया का आयोजन किया गया जिसमें सात प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इनका विवरण इस प्रकार है – लिटरेरी फैंसी ड्रेस, क्विज़ ऑन इंग्लिश लिटरेचर, इंग्लिश पोयम रेसीटेशन, पोट्रेट मेकिंग ऑफ लिटरेरी फिगर्ज़, इंग्लिश सॉंग, एन एक्सटेम्परी डिबेट।
- जनवरी 2019 में अंग्रेज़ी विभाग की ओर से क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत ऑन द स्पॉट इंग्लिश पोयम एण्ड शॉर्ट स्टोरी राइटिंग प्रतियोगिता करवाई गई।
- 1.3.2019 गणित विभाग की ओर से ब्यूटी ऑफ मैथेमैटिक्स कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण एवं चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 30 छात्राओं ने भाग लिया।
- 14.3.2019 को गणित विभाग की ओर से मैथेमैटिकल रंगोली का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता Application of Irrational Number PIO in Real life situations के अन्तर्गत करवाई गई।
- गणित विभाग की ओर से विभाग में एप्लीकेशन ऑफ मैथेमैटिक्स इन डिफरेंट फील्ड्ज़ विषय पर चर्चा की।
- गणित विभाग की ओर से छात्राओं के लिए रिसर्च पेपर लिखने की विधि विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- गणित विभाग की ओर से 16 फरवरी, 2019 को कॉलेज में आयोजित वार्षिक मेले में 'ब्यूटी ऑफ मैथेमैटिक्स इन नेचर' विषय पर स्टॉल लगाया गया।
- 25.7.18 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से डी.बी.टी. स्टार कॉलेज स्कीम के अन्तर्गत छात्रा-छात्रा परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 150 छात्राओं ने भाग लिया।
- 29.10.18 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से पावर प्वांयट प्रैज़ेन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 160 छात्राओं ने भाग लिया।
- 27.2.19 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से छात्राओं के लिए एक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 150 छात्राओं ने भाग लिया।
- 2.3.19 को रसायन शास्त्र विभाग की ओर से मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 150 छात्राओं ने भाग लिया। विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
- 19.11.2018 को इतिहास विभाग की ओर से यंग हिस्टोरियन एसोसिएशन के बैनर तले सरकारी सीनि. सैके. स्कूल बस्ती गुज़ां में गुरु नानक देव जी के जीवन और साहित्य सम्बन्धी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम करवाया गया।
- 21.11.2018 को इतिहास विभाग की ओर से यंग हिस्टोरियन एसोसिएशन के बैनर तले गुरु गोबिन्द सिंह जी के जीवन और साहित्य से सम्बन्धित प्रतियोगिता का आयोजन शिव देवी स्कूल में आयोजित किया गया।
- 21.11.2018 को इतिहास विभाग की ओर से शिवशक्ति सीनि. सैके. स्कूल जालंधर मे स्वतंत्रता सेनानियों से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 30.1.2019 को महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर इतिहास विभाग के प्राध्यापकों और छात्राओं की ओर से उन्हें भजन गाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
- 1.4.2019 को इतिहास विभाग और सोशियोलॉजी विभाग की ओर से छात्राओं को 'केसरी' फिल्म दिखाने के लिए ले जाया गया।
- 26.3.2019 को पंजाबी विभाग की ओर से छात्राओं को 'केसरी' फिल्म दिखाने के लिए ले जाया गया।
- 1.4.2019 को जे.एम.सी. इतिहास और पंजाबी विभाग की ओर से जलियांवाला बाग़ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जे.एम.सी. विभाग की ओर से एक डॉक्यूमैंट्री फिल्म, पंजाबी विभाग की ओर से रंगमंचीय नाटक तथा इतिहास विभाग की ओर से प्रो. जगमोहन को आंमत्रित किया गया।
- 21.8.2018 को पंजाबी विभाग की ओर से 'नशा मुक्त पंजाब' विषय पर 'मॉडल टाउन', जालंधर में एक नुक्कड़ नाटक करवाया गया।

- 30.8.2018 को पंजाबी विभाग की ओर से 'नशा मुक्त पंजाब' विषय पर 'रंधावा मसन्दां', जालंधर में एक नुक्कड़ नाटक करवाया गया।
- 1.9.2018 को पंजाबी विभाग की ओर से 'नशा मुक्त पंजाब' विषय पर 'सुडाना गाँव,डाडियां' में एक नुक्कड़ नाटक करवाया गया।
- 14.9.2018 को पंजाबी विभाग की ओर से स्थानीय एच.एम.वी. कॉलेज में एक नुक्कड़ नाटक करवाया गया।
- 21.2.2019 को पंजाबी विभाग की ओर से 49 छात्राओं के साथ लायलपुर खालसा स्कूल जालंधर से लेकर देशभगत यादगार हॉल तक रैली निकाली गई।
- 21.2.2019 को पंजाबी विभाग की ओर से 'कौमान्तरी मां बोली दिवस' पर 'एक स्लोगन लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- संस्था में 6-7 अगस्त, 2018 को आयोजित 'टेलेन्ट हंट कार्यक्रम' में फाइन आर्ट्स विभाग की अनेक छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
- ललित कला विभाग की ओर से 14.8.2018 को टी-शर्ट पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया।
- 31.8.2018 को संस्था में आयोजित लिटमेनिया-2018 में ललित कला विभाग की छात्राओं ने पोर्ट्रेट मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया और विजयी रहीं।
- 12.10.2018 को ललित कला विभाग की छात्राओं ने लायलपुर खालसा कॉलेज जालंधर में आयोजित समारोह 'स्पेक्ट्रम' में भाग लिया और अनेक इनाम जीते।
- 28.10.2018 को लायलपुर कॉलेज जालंधर में आयोजित ज़ोनल यूथ फेस्टीवल में ललित कला विभाग की छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और इनाम जीते।
- 3.11.2018 को दोआबा कॉलेज जालन्धर में आयोजित 'दोआबा यूथ फेस्ट' में ललित कला विभाग की छात्राओं ने, पोस्टर, कोलॉज, क्ले मॉडलिंग, स्टिल लाइफ, लैंडस्केप, स्केचिंग आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अनेक इनाम प्राप्त किए।
- 15.11.2018 को कॉलेज कैम्पस में ललित कला विभाग की ओर से हैंडीक्राफ्टस और स्मॉल पेटिंग्ज़ का स्टॉल लगाया गया। दीवाली प्रदर्शनी स्वरूप इस स्टॉल में छात्राओं ने अनेक वस्तुएं खरीदीं।
- 22.11.2018 को संस्था में आयोजित इन्टर स्कूल प्रतियोगिता में ललित कला विभाग की छात्राओं ने हिस्सा लिया और अनेक पुरस्कार प्राप्त किए।
- 24-25 जनवरी, 2019 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अन्तर्गत ललित कला विभाग की ओर से स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 21.2.2019 को ए.पी.जी में आई.एम.टी. जालंधर द्वारा आयोजित 'स्पार्क' प्रतियोगिता में ललित कला विभाग की छात्राओं ने भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त किए।
- 15.3.2019 को हिन्दू कन्या कॉलेज कपूरथला द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'उमंग' में ललित कला विभाग की अनेक छात्राओं ने भाग लिया। विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
- 25.7.2018 को फिज़िक्स विभाग की ओर से 'अनुभूति' कार्यक्रम के अन्तर्गत साइंस की सभी छात्राओं के लिए एक विशेष कार्य किया गया। इसमें डी.बी.टी. स्टार कॉलेज स्कीम के तहत छात्राओं को कुछ प्रयोग और परियोजना कार्य सौंपे गए ताकि वे अपनी रचनात्मक समझ के अनुसार उन्हें सम्पन्न कर सकें।
- 29.8.2018 को स्नातकोत्तर फिज़िक्स विभाग की ओर से 'फिज़िक्स स्पार्क' समारोह का आयोजन किया गया जिसमें साइंस फैकल्टी की सभी छात्राओं ने भाग लिया। एम.एस.सी. समस्तर छह की छात्राओं द्वारा आयोजित इस समारोह में क्रॉसवर्ड, ग्रुप डिस्कशन, क्विज़ोफाइल, एक्सटेम्परी, फिज़िक्स रैपिड फायर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

- 8.9.2018 को फिज़िक्स विभाग की ओर से Learning of Physics by innovative activities समारोह का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत छात्राओं को एक मंच प्रदान किया गया जिसमें वे अपने नवीन प्रयोग, डिमॉन्सट्रेशन्ज़ और प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत कर सकें।
- 12.10.18 को फिजिक्स विभाग की ओर से भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विभाग की छात्राओं की ओर से डॉ. कलाम की जीवनी, उनके कार्य, उनकी देशभक्ति सम्बन्धी पावर प्वांयट प्रेज़ेन्टेशन दिखाई गई।
- 4 दिसम्बर, 2018 से 8 दिसम्बर, 2018 तक साइंस विभाग की ओर से सात दिवसीय 'इन्स्पायर कैम्प' का आयोजन किया गया जिसमें तीसरे दिन का आयोजन फिज़िक्स विभाग की ओर से किया गया।
- 18.12.2018 को फिज़िक्स विभाग की ओर से आठ सप्ताह का एक ऑन लाइन कोर्स विभाग की छात्राओं ने सम्पन्न किया। यह कोर्स प्रो. एच.सी. वर्मा द्वारा **'Basis of Special Theory of Relativity'** विषय पर आयोजित किया गया जिसे एम.एस.सी. फिज़िक्स की 11 छात्राओं ने सम्पन्न किया।
- 26.12.2018 से 9.1.2019 तक फिज़िक्स विभाग की ओर से एन.आई.टी. जालन्धर में छात्राओं ने 15 दिवसीय इन्टर्नशिप प्रोग्राम लगाया। प्रो. बी.एस.कैंथ ने छात्राओं को निर्देशित किया।
- बायोटेक्नॉलॉजी विभाग की ओर से डेवियट जालंधर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 22वीं पंजाब साइंस कांग्रेस में डॉ. गुरप्रीत कौर ग्रोंवात ने भाग लिया।
- गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में 22-5-2019 को आयोजित एक दिवसीय सैमीनार में सुश्री नवनीत 6 छात्राओं को साथ लेकर गईं।
- 16-9-2018 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से 'विश्व ओज़ोन दिवस पर एक रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें 80 छात्राओं ने भाग लिया।
- 26-10-2018 को जीव विज्ञान विभाग की ओर से **(Recent Trends in Zoology)** विषय पर पावर प्वायंट प्रेज़ेन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 25 छात्राओं ने भाग लिया।
- जीव विज्ञान विभाग की छात्रा पाहुल ने पोस्टर प्रेज़ेन्टेशन में भाग लिया और बेस्ट पोस्टर का पुरस्कार प्राप्त किया।
- जीव विज्ञान विभाग की छात्रा पाहुल ने कन्या महाविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में भाग लिया और कोरियोग्राफी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दोआबा कॉलेज जालन्धर में आयोजित अन्तः कॉलेज प्रतियोगिता में जीव विज्ञान विभाग की छात्रा ने कोरियोग्राफी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दोआबा कॉलेज जालंधर द्वारा आयोजित अन्तः कॉलेज प्रतियोगिता में पाहुल ने क्विज़ प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- कन्या महाविद्यालय में आयोजित क्विज़ प्रतियोगिता में जीव विज्ञान विभाग की पाहुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दोआबा कॉलेज जालन्धर में आयोजित अन्तः कॉलेज प्रतियोगिता में जीव विज्ञान विभाग की छात्राओं ने कोरियोग्राफी में भाग लिया।
- संस्था में आयोजित अन्तः कॉलेज प्रतियोगिता में जीव विज्ञान विभाग की छात्राओं ने पावर प्वायंट प्रेज़ेन्टेशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- खालसा कॉलेज जालंधर में आयोजित क्विज़ एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जीव विज्ञान विभाग की छात्राओं ने क्रमशः प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 15-3-2019 को कॉस्मेटॉलॉजी विभाग की ओर से छात्राओं ने संस्था में आयोजित इन्टर कॉलेज प्रतियोगिता में भाग लिया और एक छात्रा ने फेस पेंटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 10-8-2018 को कॉस्मेटॉलॉजी विभाग की ओर से तीज के अवसर पर स्टॉल लगाया गया।
- 26-10-2018 को कॉस्मेटॉलॉजी विभाग की ओर से करवाचौथ के अवसर पर स्टॉल लगाया गया।

- 27-3-2019 को कॉस्मेटॉलॉजी विभाग की ओर से सुकृति फैशन शो में मेकअप और हेयर स्टाइल बनाया गया।
- 25-1-2019 को कॉस्मेटॉलॉजी विभाग की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर छात्राओं ने फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।
- 18-12-2018 को कॉस्मेटॉलॉजी विभाग की ओर से छात्राओं को गुरु गोबिन्द सिंह स्टेडियम ले जाया गया।
- 20-1-2019 को संस्था में नेश्नल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन करवाया गया जिसमें 84 छात्राओं ने भाग लिया और आठ छात्राएं इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुईं।
- 24-1-2019 को फिज़िक्स विभाग की ओर से फिज़-विस-क्विज़ (Physics Visual Quiz) का आयोजन किया गा। इस आयोजन का उद्देश्य फिज़िक्स को सरलता से समझना समझाना था ताकि छात्राओं इस विषय की ओर आकर्षित हो सकें।
- 8-2-2019 को साइंस फैकल्टी की ओर से साईंस दिवस पर 'साइफेशन' प्रोग्राम करवाया गया। इस अवसर पर इन्टर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फैंसी ड्रैस, पोस्टर मेकिंग, रंगोली मेकिंग, कोरियाग्राफी प्रतियोगिताएं करवाई गई।
- 14-3-2019 को फिजिक्स विभाग की ओर से ने 'इनोवेशन हब' का उद्घाटन विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा जी ने किया। इनोवेशन हब विचार कल्पना, पुनजीर्वित, प्रेरणा एवं शिक्षण का एक स्वतन्त्र स्थल है जहां छात्राएं स्वतन्त्र रूप से अपना कार्य कर सकती हैं।
- सरकार द्वारा संचालित स्वीप प्रोग्राम के अन्तर्गत राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से अनेक गतिविधियां करवाई गई।
- 14-9-2018 को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 15-9-2018 को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से कम्प्यूटर विभाग में ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया गया।
- 21-9-2018 को के.एम.वी. की छात्राओं को चुनाव 2019 में कैसे शामिल किया जाए विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया।
- 27-9-2018 को विद्यालय की छात्राओं ने स्वीप राजदूत बनकर प्रत्येक कक्षा में चुनाव अभियान चलाया।
- 11-10-2018 को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से निबन्ध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।
- 12-10-2018 को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से प्राध्यापकों की ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन की गई।
- 16-10-2018 को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से गिद्धा के माध्यम से छात्राओं ने चुनाव सम्बन्धी जागरुकता फैलाई गई।
- 17-10-2018 को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से छात्रावास की छात्राओं ने सही मतदान सम्बन्धी जागरुकता लहर चलाई गई।
- विषय पर पावर प्वांयट प्रेजेन्टेशन की गई। प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने छात्राओं को सही मतदान के लिए प्रेरिता किया। पहली बार मतदान करने वाली छात्राओं से सम्बन्धित विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर प्राचार्या जी ने छात्राओं को मतदान करने की शपथ भी दिलवाई।
- राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से 19-10-2018 से 23-10-2018 तक मतदान के सन्दर्भ में ही वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा एक रैली भी निकाली गई। विभिन्न छात्राओं द्वारा छात्राओं पर एक सर्वेक्षण करवाया गया कि वे अपने मतदाता के अधिकार को कैसे सुरक्षित रख सकते है। विभाग की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस, गणतन्त्र दिवस और मतदाता दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से 25-1-2019 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया।
- 12-1-2019 को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से एन.एस.एस. यूनिट, रेड रिबन क्लब, तथा जे.एम.सी. विभा ने मिलकर स्वामी विवेकानंद की 156 वीं वर्षगांठ मनाई गई।
- 18-10-2018 को बायोटेक्नॉलॉजी विभाग की ओर से छात्राओं को विषय का गहन ज्ञान देने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 5-2-2019 को बायोटेक्नॉलॉजी विभाग की ओर से छात्राओं के लिए पावर प्वायंट प्रेजेन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 16-3-2019 को बायोटेक्नॉलॉजी विभाग की ओर से (People for Science and Science for People) विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## विद्यार्थी कल्याण विभाग (Dept. of Student Welfare)

2008 में संस्था में प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्वारा स्थापित 'विद्यार्थी कल्याण परिषद्' समय के साथ-साथ अपने क्षेत्र को विस्तृत बनाता जा रहा है। यू.एस.ए. की बॉस्टन यूनिवर्सिटी के डीन (स्टूडेंट वेल्फेयर) प्रो. जॉन बैटेलीनो काफी वर्षों तक इस संस्था में आते रहे और इस परिषद् को और अधिक अच्छे से कार्य करने के लिए अनेक मूल्यवान सुझाव देते रहे। इस परिषद् के अन्तर्गत चल रहे एंटीरैगिंग सेल, काउंसिलिंग सेल, ग्रीवेंस रेडरैसल सेल, सेल अगेंस्ट सेक्सुअल ह्रासमैंट तथा लॉस्ट एण्ड फाउंड सेल छात्राओं की सहायता के लिए निरन्तर काम कर रहे हैं। परिषद् के अन्तर्गत अनेक क्लब भी हैं जैसे- रेड रिबन क्लब, रीडर्ज़ क्लब, बुक बैंक, इसके तहत अनेक कार्य किए जाते हैं। इस विभाग में विभिन्न समितियों - विद्यार्थी परिषद्, कैन्टीन और मैस समिति, मेंटरिंग समिति, पी.टी.एम. समिति स्कॉलरशिप, कन्सेशन और फायनैंशियल ऐड समिति, इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड ब्यूटीफिकेशन समिति, इन्फार्मेशन एण्ड डिस्पले बोर्ड्ज़ समिति, रेज़िडेंट लाइफ समिति, स्टूडेंट अटैंडैंस समिति और ट्रांसपोर्ट समिति। इस विभाग के अन्तर्गत नवागत छात्राओं हेतु हेल्प डेस्क, अचीवर्ज़ डे, अवेयरनैस रैली, अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय दिवस, वसन्त, लोहड़ी, होली, दीवाली जैसे त्योहार, रक्तदान शिविर, नेत्र चैकअप कैम्प, डेन्टल चैकअप कैम्प, हैल्थ कैम्प आदि गतिविधियां करवाई जाती हैं। इस विभाग की डीन डॉ. मधुमीत हैं और डॉ. नीतू चोपड़ा, श्रीमती रश्मि शर्मा, सह-संयोजन हैं। डॉ. इकबाल, श्रीमती साधना टण्डन, डॉ. प्रदीप अरोड़ा, डॉ. मंजू साहनी, श्रीमती अमरप्रीत खुराना, श्रीमती अमरजोत, श्रीमती नीति कपूर, श्रीमती मनी खेड़ा, सुश्री गुरलीन कौर, सुश्री राधिका, श्री सोनिक भाटिया इस विभाग के माननीय सदस्य हैं जो छात्राओं की भलाई के लिए दिन रात परिश्रम कर रहे हैं। इस विभाग में करवाई गई गतिविधियों का विस्तृत विवरण इस प्रकार है-

- 13-7-2018 को विद्यार्थी कल्याण विभाग की ओर से गाइडिड टूरज़ का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत कॉलेज में प्रवेश लेने वाली सभी नवागत छात्राओं को 30-30 के ग्रुप्स में बांटा गया और प्रत्येक ग्रुप का नेतृत्व एक सीनियर छात्रा ने किया। इस गाइडिड टूरज़ का उद्देश्य नई छात्राओं को विद्यालय के विभिन्न विभागों, हाल ऑफ फेम, स्टूडेंट सैंटर, होस्टल मैस, देवराज सभागार, वीर आस्था भवन, कांफ्रैस हाल, पुस्तकालय, इत्यादि प्रमुख स्थानों से विद्यार्थियों का अवगत कराना था। उल्लेखनीय है कि नए विद्यार्थियों की सहायता, मार्गदर्शन के लिए इन टूरज़ का आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है।
- 22-07-2018 को विद्यार्थी कल्याण परिषद के द्वारा विद्यालय परिसर में मुख्य सभागार के बाहर हैल्प डैस्क स्थापित किया गया। इस परिषद के सदस्य विद्यार्थियों ने लगभग एक माह तक क्रमानुसार ड्यूटी देते हुए विद्यालय में नवागत छात्राओं की सहायता एवं मार्गदर्शन किया जिससे वे कॉलेज के नए परिवेश में अपने को अपरिचित अनुभव न करें।
- 25-07-2018 को विद्यार्थी कल्याण परिषद की ओर से ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क पुस्तकें वितरित की गई। शैक्षिक सत्र 2018-19 की शुरुआत में लगभग 500 विद्यार्थियों द्वारा दान में दी गई अंग्रेज़ी, इतिहास, रसायनशास्त्र, गणित इत्यादि विषयों की इन पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के दौरान भी विद्यार्थियों से निरन्तर पुस्तकें एकत्र की गईं और साथ ही साथ इन्हें ज़रूरतमंद विद्यार्थियों में वितरित भी किया गया। सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति विद्यार्थियों में जागरुकता उत्पन्न करने वाली इस गतिविधि को श्री चन्द्रमोहन (अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मण्डल) ने एक सराहनीय प्रयास बताया।
- 14-08-2018 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति प्रेम एवं स्वाभिमान की भावना को जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतन्त्रता दिवस समारोह का आयोजन होम साईंस, ललित कला विभाग, दर्शनशास्त्र विभाग, नृत्य विभाग (Dance Dept.) पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग के सहयोग से किया गया। इस समारोह के अन्तर्गत ट्राई कलर पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, फैंसी ड्रैस, कोरियोग्राफी, नृत्य एवं गीत प्रस्तुतीकरण तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं करवाई गईं।
- 21-08-2018 को 'नशा मुक्त पंजाब' रैली का आयोजन विभाग की ओर से किया गया। के.एम.वी. के द्वारा जालंधर के मॉडल टाऊन इलाके में निकाली गई इस रैली का उद्घाटन श्री परवीन कुमार सिन्हा, पुलिस आयुक्त, जालन्धर ने किया। इस रैली में 1200 विद्यार्थियों ने भाग लिया और हाथों में प्ले कार्डस पर लिखे नारों के द्वारा पंजाब में बढ़ रही नशाखोरी की समस्या के प्रति जनता को जागरूक किया। इस मौके पर पंजाब में नशाखोरी की समस्या को एक नुक्कड़ नाटक के द्वारा अत्यन्त संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत किया गया।
- 24-08-2018 को विभाग की ओर से इंटरनैश्नल ह्यूमैनिटी ओलम्पियाड का आयोजन किया गया जिसमें 1200 छात्राओं ने बहुविकल्पी प्रश्नों पर आधारित ऑन लाईन परीक्षा दी जिसमें उन से नैतिक और मानवतावादी मूल्यों एवं दृष्टिकोण पर आधारित प्रश्न पूछे गए। इस परीक्षा का उद्देश्य भविष्य के भावी नेताओं को बेहतर मनुष्य बनने के लिए प्रेरित करना है।

- 25-08-2018 को विभाग की ओर से रक्षा बन्धन के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज तथा कॉलेजिएट स्कूल के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपने हाथों से तैयार की गई सुंदर और आकर्षक राखियों की प्रदर्शनी लगाई और उनकी बिक्री भी की। इस मौके पर थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें रावी ने प्रथम तथा जाह्नवी तथा हरमनप्रीत ने दूसरा तथा अंजलि एवं अमनदीप कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी. वॉक इन न्यूट्रीशन, हैल्थ एण्ड एक्सरसाईज़ की छात्राओं ने अपने हाथों से तैयार की गई चॉकलेट तथा स्वादिष्ट मिष्ठान की भी प्रदर्शनी लगाई।
- 30-08-2018 को विद्यार्थी कल्याण विभाग की ओर से केरल के बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सहायता सामग्री - 3000 कम्बल, कपड़े, जूते, सैनेटरी नैपकिन, बैड् शीट्स, बेबी डाइपर्स, चट्राईयां, तौलिए, चावल, गेहू, खाद्य तेल, चीनी, चायपत्ती, टूथपेस्ट, टूथब्रश इत्यादि दैनिक उपयोग की वस्तुएं एकत्र की। इस सहायता सामग्री को जालन्धर स्थित रैड क्रॉस भवन में श्री वरिन्दर कुमार, उप आयुक्त, जालन्धर को सौंपा गया।
- 5-09-2018 को विभाग की ओर से पूरे जोश और उत्साह से अध्यापक दिवस (Teachers Day) मनाया गया। विद्यालय प्राचार्या प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा कन्या महाविद्यालय के संस्थापक श्री लाला देवराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्या जी ने प्रतिबद्धता, समर्पण ईमानदारी और ज़िम्मेदारी जैसे उच्च मूल्यों पर आधारित इस व्यवसाय से सम्बन्धित सभी प्राध्यापकों को मुबारकबाद दी। विभिन्न विभागों की छात्राओं ने मिल-जुल कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने प्राध्यापकों के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया।
- स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत 15-9-2018 को विद्यार्थी परिषद एंव संस्कृत विभाग के संयुक्त सौजन्य से **वृक्षारोपण अभियान** चलाया गया। विद्यार्थियों को साफ़ स्वच्छ वातावरण की ज़रूरत के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से करवाई गई इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने रूचि एवं उत्साह से भाग लिया और अपने विद्यालय, घर, तथा सार्वजनिक स्थानों को साफ़ रखने का संकल्प किया। विद्यालय के समीप स्थित रणवीर क्लासिक, कपूर अस्पताल तथा पठानकोट चौंक के क्षेत्र को कॉलेज की छात्राओं ने साफ़ किया और वहां अलग-अलग स्थानों पर 100 पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों ने पर्यावरणीय संतुलन के लिए प्लास्टिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति इलाका निवासियों को जागरूक किया।
- 15-10-2018 को के.एम.वी. की उत्साहित छात्राओं ने 'से नो टू प्लास्टिक' अभियान के अन्तर्गत विद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी छात्राओं को उनकी इस सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति जागरूक किया।
- 26-10-18 को विभाग की ओर से राजनीति शास्त्र विभाग के साथ संयुक्त रूप से **ह्यूमैन राईट्स ए ग्लोबल प्रिसपैक्टिव** विषय पर एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में सुश्री यामीन बाओनीदिन पयूटो,(प्रैज़ीडैंट इंटरनेशनल ह्यूमैन राईट्स, माओरिट्यिस) श्री अमरदीप मित्तल (डाइरैक्टर, नार्थज़ोन इंटरनैशनल ह्यूमैन राईट्स) श्री ओंकार सिंह (ज़िला प्रैज़ीडैंट, ह्यूमैन राईट्स) श्री शैरी मक्कर (जनरल सैक्रेटरी, ऐंटी करप्शन डिपार्टमैंट) श्री एस.एच. सौंधी (चेयरमैन, सी.एच.आर. ग्रुप) श्रीमती गीतांजली (असिस्टैंट जनरल मैनेजर, सी.एच.आर ग्रुप) एवं प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी प्रिंसीपल के.एम.वी. ने इस संगोष्ठी में विद्यार्थियों को अन्तर्राष्टीय स्तर पर मानवाधिकारों उल्लंघन की घटनाओं और कारणों और इनकी सुरक्षा की आवश्यकता जैसे विषयों पर सम्बोधित किया।
- 5-11-2018 को विभाग की ओर से प्रदूषण मुक्त दीवाली का संदेश देने के लिए रैली निकाली गई जिसमें 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। **इकोफ्रैंडली दीवाली** का संदेश देने के लिए प्ले कार्डस पर नारे लिखकर छात्राओं को इस सामयिक और महत्वपूर्ण निषय के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित डॉ. संजीव कुमार, एस.डी.एम. (SDM) जालंधर, श्री चंद्रमोहन, अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मंडल ने रैली का उद्घाटन किया।
- 13-11-2018 को विद्यार्थी कल्याण विभाग की ओर से **अचीवर्स डे** मनाया गया जिसमें 2017-18 के परीक्षा परिणामों में मैरिट पोजीशन्स प्राप्त करने वाले प्रतिभशाली विद्यार्थियों को विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने ट्राफ़ीज़ प्रदान कर सम्मानित किया।
- 21-11-2018 को परिषद की ओर से स्टूडैंट वैलनैस क्लब, रैड-रिबन क्लब ने संयुक्त रूप से **दंत निरीक्षण शिविर** (Dental Check Up Camp) का आयोजन किया जिसमें क्लोव डेटंल क्लीनिक की दंत विशेषज्ञ डॉ. तन्वी ने 250 छात्राओं की दांतों से सम्बन्धित समस्याओं का निदान और समाधान किया।

- 1-12-18 को विभाग द्वारा वर्ल्ड एड्स अवेयरनैस डे पर एच. आई.वी. (HIV) ग्रस्त लोगों को उनकी देखभाल एवं बचाव के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देने के लिए रैड रिबन क्लब के साथ संयुक्त रूप एव अवेयरनैस कैम्प लगाया। जिसमें 100 विद्यार्थियों ने उन गतिविधियों में भाग लिया जिसमें उन्हें एड्स के कारणों लक्षणों, निदान, बचाव के उपाय एवं उपचार से सम्बन्धित जानकारी दी गई जिससे वे इस जानकारी का प्रसार करते हुए इस सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न कर सकें।
- इस विभाग की ओर से 11.1.2019 को, 'आइए, विश्व में परिवर्तन लाएं' (Lets bring the change to the world) विषय पर आधारित स्वामी विवेकानंद की 156वीं वर्षगांठ मनाई गई।
- इस विभाग के अन्तर्गत 12.1.2019 को पूरी उमंग और उत्साह के साथ **लोहड़ी का त्यौहार** मनाया गया। इस अवसर पर जालन्धर कैंट के एम.एल.ए. स. परगट सिंह पधारे। इस त्यौहार पर कॉलेज के मैस कर्मचारियों और अन्य कर्मचारियों को वस्त्र देकर सम्मानित किया।
- 25.1.2019 को विद्यार्थी कल्याण विभाग की ओर से **गणतन्त्र दिवस** बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मतदाता अधिकार से कोई वंचित न रहे, इसके लिए छात्राओं में जागरूकता पैदा करने के लिए राजनीति शास्त्र विभाग व इस परिषद् की ओर से संयुक्त अभियान आयोजित किया गया। इसके अन्तर्गत करवाई गई अनेक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
- 4.2.2019 को विभाग की ओर से '**कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम**' का आयोजन किया गया। रैड रिबन क्लब और स्टूडेंट वेलनेस क्लब की ओर से एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. आंचल अग्रवाल प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।
- 5.2.2019 को विभाग की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष में रेड रिबन क्लब, एन.एस.एस. एवं लायन्ज़ क्लब जालंधर के संयुक्त सौजन्य से यह कार्य सम्पन्न हुआ। इस दौरान 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।
- 9.2.2019 को विभाग की ओर से तनाव भरे जीवन से राहत पाने और जीवन को सरल व शान्तिपूर्ण बनाने हेतु **योग और ध्यान शिविर** का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य डॉ. प्रभाकर दर्शन (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ योगा एण्ड मैनेजमैंट) पधारे।
- 10.2.2019 को विभाग की ओर से वसन्त पंचमी का त्यौहार मनाया गया। सभी प्राध्यापक और छात्राएँ पीले वस्त्रों में उपस्थित हुए। प्राचार्या, प्राध्यापकों व छात्राओं की ओर से माँ सरस्वती की पूजा की गई और वसन्त पंचमी के गीत गाकर आनंदोत्सव मनाया गया।
- 20.3.2019 को 'रंगों का त्यौहार होली' इस विभाग की ओर से धूमधाम से मनाया गया। इस त्यौहार को पर्यावरण की स्वच्छता के अनुरूप फूलों से मनाया गया।
- 22.3.2019 को विभाग की ओर से '**विश्व जल दिवस**' मनाया गया। इस अवसर पर जल संयोजन, जल बचाव, वर्षा ऋतु जल संभाल, जल प्रदूषण आदि विषयों पर चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। विद्यालय प्राचार्या ने जल संरक्षण पर छात्राओं को विशद् व्याख्यान दिया।

## विद्यार्थी परिषद् (Student Council) :

विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में विद्यार्थी परिषद् एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। छात्राओं के सर्वपक्षीय विकास एवं उनके भीतर गुणात्मक स्तर के सुधार के लिए विद्यार्थी परिषद् का गठन किया गया है। अगस्त 2018 में विद्यालय में 149 सदस्सीय विद्यार्थी परिषद् निर्मित की गई है। इस परिषद् में ह्यूमैनिटीज़, साईंसेज़, कॉमर्स और आई.टी. से कक्षा प्रतिनिधि एवं स्पोर्ट्स एवं पाठ्येतर गतिविधियों से भी अनेक छात्राएं नामांकित की गईं। इनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है :

| | | |
|---|---|---|
| हैडगर्ल | नवजोत कौर | एम.ए. अंग्रेजी समस्तर-4 |
| संयुक्त हैड गर्ल | प्रियांशी | बी.एस.सी. नॉन मैडीकल समस्तर-5 |
| वाईस हैड गर्ल | गुरजीत | एम.कॉम. समस्तर-3 |
| वाइस हैड गर्ल | प्रिया | बी.ए. समस्तर-3 |
| वाइस हैड गर्ल | हरमन | एम.ए.सी. (आईएमएस) समस्तर-3 |
| एसोसिएट हैडगर्ल | प्रणवचीत कौर | बी.ए. समस्तर-5 |

| | | |
|---|---|---|
| एसोसिएट हैडगर्ल | मनपुनीत | एम.कॉम समस्तर-3 |
| एसोसिएट हैडगर्ल | राजबीर | एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस) समस्तर-3 |
| एसोसिएट हैडगर्ल | सरबजीत | एम.एस. सी. नॉन मैडीकल समस्तर-4 |
| एसोसिएट हैडगर्ल | सिमरजीत | बी.एस.सी. एफ.डी समस्तर-5 |

इस के अतिरिक्त 15 छात्राओं को ऑफिस प्रभारी तथा 30 छात्राओं को कैप्टन के रूप में भी नियुक्त किया गया जिन्हें अनेक समितियों-अनुशासन, प्रांगण सौन्दर्य, पुस्तकालय, इवेंट मैनेजमैंट का कार्यभार सौंपा गया ताकि संस्था का काम सुचारु रूप से चल सके।

## कौशल केन्द्र : वार्षिक गतिविधियां

## एम. वॉक एवं बी. वॉक कार्यक्रम

## बी. वॉक तथा एम. वॉक (रिटेल मैनेजमैंट )

इस विभाग की गतिविधियों के अन्तर्गत गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी तथा सेक्टर स्किल काउंसिल के परिणाम शत-प्रतिशत रहे। यह अकेला ऐसा कोर्स है जिसमें सभी छात्राओं ने NSQF के सभी स्तर उत्तीर्ण किए। जिसका विवरण इस प्रकार है -

लेवल-4 सेल्ज़ एसोसिएट, लेवल-5 - टीम लीडर, लेवल - 6 डिपार्टमेंटल मैनेजर, लेवल-7 स्टोर मैनेजर।

- शोध परक गतिविधियों के अन्तर्गत इस कोर्स की छात्राओं द्वारा 'Impact of Advertisement on Consumer Buying Behaviour' विषय पर एक सर्वे करवाया गया। छात्राओं ने प्राध्यापकों की सहायता से प्रश्न पत्र तैयार किया, कॉलेज की छात्राओं से फार्म भरवाया और उसके आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की।
- छात्राओं ने पर्यावरण सुरक्षा हेतु कागज़ के लिफ़ाफे प्रयोग करने हेतु रिटेल लैब में (जो इनके पाठ्यक्रम का हिस्सा भी है) पोलीथीन का बहिष्कार कर कागज़ के लिफ़ाफे बेचे।
- बी. वॉक. की छात्राओं ने कॉलेज के एम्पथी कॉर्नर में निर्धन लोगों को उनकी आवश्यताओं के चलते कुछ वस्त्र और ज़रूरत का सामान वितरित किया।
- बी. वॉक विभाग की ओर से छात्राओं को सत्र में इलान्टे माल, चण्डीगढ़ शॉपर्ज़ स्टॉप जालन्धर तथा डी.एल.एफ. मॉल ज़ीरकपुर ले जाया गाया।
- बी. वॉक. की छात्राओं की ओर से विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों - तीज, कामर्स मेला, करवाचौथ, ब्रेनस्ट्रॉम, छात्रा मिलन समारोह, वार्षिक मेला, अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, दीवाली में ज़ोर शोर से भाग लिया गया।
- बी. वॉक की छात्राओं की ओर से विभिन्न बैंकों, बिग बाज़ार और पैंटालूनज़ में 45 दिन की इन्टर्नशिप की गई।
- वर्ष भर में बी. वॉक की ओर से छात्राओं को ई कन्टेंट की जानकारी भी दी गई। सुश्री चेतना ने ग्रूमिंग, रिटेल मैनेजमैंट की मूल जानकारी, रिटेल बाईंग बिहेवियर, कस्टमर इश्यूज़ एण्ड कन्सर्नज़, रिटेल स्टोर ऑपरेशन्ज़ और स्टोर मैनेजमैंट की जानकारी प्रदान की।
- सुश्री मेघा ने छात्राओं को FMCG, ई कामर्स, मोड ऑफ ई पेमेंट, स्टोर ऑपरेशन एण्ड स्टोर मैनेजमैंट, पर्सनेलिटी, कम्यूनिकेशन्ज़ एण्ड सॉफ्टस्किल डिवैलपमैंट की जानकारी दी।
- सुश्री प्रशून ने छात्राओं को स्टोर ले-आउट एण्ड डिज़ाइन, विजुअल, मर्चेंट डाइजिंग, प्लैनिंग, एच.आर.एम.पॉलिसी, रिटेल डिज़ाइन एण्ड प्लैनिंग के मूल-मंत्र बताए।
- सुश्री दिलप्रीत ने कस्टमर रिलेशनशिप, मैनेजमैंट, ई पेमेंट मैथडज़, एकाउंटिंग कॉनसेप्ट्स एण्ड कनवेंशन्ज़, ई.पी.ओ.एस. तथा लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट की जानकारी दी।

## बी. वॉक. मैनेजमैंट एण्ड सेक्रेटेरियल प्रैक्टिसिज़ (B. Voc. Management & Secretarial Practices)

- बी. वॉक. एम.एस.सी. के गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के तथा सेक्टर स्किल काउंसिल के परिणाम शत-प्रतिशत रहे।
- छात्राओं ने ऑनलाइन शॉपिंग पर शोध कार्य किया।
- बी. वॉक. की इन छात्राओं ने और प्राध्यापिका सुश्री डिम्पल ने अकादमिक और शोध के क्षेत्र में नव्य प्रयोगों पर और छात्राओं ने इन्वेस्टर्ज़ अवेयरनेस पर फैकल्टी डिवेलपमैंट प्रोग्राम में भाग लिया।
- इस कोर्स के अन्तर्गत विभाग की ओर से 'Fundamentals of Web Designing' विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान करवाया गया जिसमें Itronix Solutions, Jalandhar से श्री वरुण नैयर को आमंत्रित किया गया।
- बी. वॉक. एम.एस.सी. की ओर से दिनांक 10.10.2018 को अन्त: कक्षा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई।
- 14.3.2019 को विभाग की ओर से पी.पी.टी. प्रेज़ेन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- नवम्बर के अंतिम सप्ताह में छात्राओं ने कॉलेज के एम्पथी कॉर्नर में ने निर्धन लोगों को वस्त्र एवं ज़रूरत की वस्तुएं वितरित कीं।
- बी. वॉक. एम.एस.सी. की छात्राओं को 30.3.2019 को शैक्षिक यात्रा हेतु चण्डीगढ़ ले जाया गया।
- इन छात्राओं ने वेब डिज़ाइनिंग और एच.टी.एम.एल. के विभिन्न विषयों पर अनेक प्रोजेक्टस सम्पन्न किए।

  बी. वॉक. एम.एस.सी. के निम्नांकित समझौता ज्ञापन (MOU) सम्पन्न हुए :

  (1) NASSCOM (Sector Skill Council)

  (2) Walkwell Technology (P) Limited. (Industry Partner)

  (3) Itronix Solutions (Industry Partner)
- बी. वॉक. एम.एस.सी. के अन्तर्गत अनेक प्राध्यापकों ने छात्राओं को कार्य सम्पन्न करवाया। सुश्री डिम्पल ने सी.आर.एम. अकाउंटैंसी, बिज़नेस एटीकेट्स पर, सुश्री वन्दना ने एम.एस.आफिस-I, ई-सी.आर.एम. मैनेजमैंट इन्फार्मेशन सिस्टम, ग्रॉफिक डिज़ाइनिंग पर, सुश्री कामिनी ने वर्क मैनेजमैंट, वर्कप्लेस, हेल्थ एण्ड सेफ्टी, बिजनेस ऑफिस एण्ड कौरसपॉन्डेंस, एनालिटिकल स्टडी ऑफ क्वांटिटेटिव एप्टीच्यूड एण्ड रीजनिंग, कॉमर्शियल लॉज, बिज़नेस इक्नॉमिक्स एण्ड स्टैटेस्टिक्स विषयों पर, सुश्री हरप्रीत ने डी.टी.पी. थ्यूरी तथा कम्प्यूटर फण्डामेंटल्ज पर, सुश्री डिम्पल ने बुक कीपिंग, सेक्रेटेरियल प्रेक्टिसिज़ विषयों पर, कु. वन्दना ने एम.एस.ऑफिस-II, डिजीटल मैनेजमैंट सिस्टम, वेब पब्लिशिंग, सुश्री कामिनी ने प्रिंसीपल्ज़ ऑफ मैनेजमैंट स्किल्ज़ स्टेटिकल अनैलिसिज़, फंडामेंटल्ज़ ऑफ कैपिटल मार्केट, फंडामेंटल्ज़ ऑफ मैनेजमैंट पर, सुश्री हरप्रीत ने इंटरनेट एप्लीकेशन्ज़ विषयों पर पावर प्वायंट प्रेज़ेन्टेशन्ज़ के माध्यम से छात्राओं को गहन जानकारी प्रदान की।

## बी. वॉक. : न्यूट्रीशन, एक्सरसाइज़ एण्ड हैल्थ (B. Voc. Nutrition, Exercise & Health)

- इस विभाग में छात्राओं के गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर एवं सेक्टर स्किल काउंसिल के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे।
- इस विभाग की छात्राओं ने किशोर अवस्था की लड़कियों में अनीमिया विषय पर न्यूट्रीशनल सर्वे किया।
- विभाग की ओर से जीवन में Diet का महत्त्व विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान करवाया गया। इस हेतु एम्ज़ दिल्ली से डायटीशियन गुरदीप कौर को आमंत्रित किया गया।
- विभाग की ओर से एन.एफ.सी.आई के सौजन्य से कुकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- विभाग की ओर से सामाजिक प्रकार्यों के अन्तर्गत एनीमिक छात्राओं की काउंसिलिंग करके उन्हें स्वस्थ भोजन सम्बन्धी जानकारी दी गई।
- विभाग की ओर से व्यावहारिक जानकारी हेतु छात्राओं को AIIMS, नई दिल्ली और पंजाब यूनिवर्सिटी, चण्डीगढ़ ले जाया गया।
- विभाग की ओर से 14.8.2018 को ट्राईकलर कुकिंग प्रतियोगिता करवाई गई।
- विभाग की ओर से 25.8.2018 को न्यूट्रीशियस एण्ड हैल्दी राखी पर आधारित फूड स्टॉल लगवाया गया।

- विभाग की ओर से 1.9.18 से 7 सितम्बर 2018 तक न्यूट्रीशियस सप्ताह मनाया गया जिसके अन्तर्गत पावर प्वायंट प्रतियोगिता, कुकिंग प्रतियोगिता और क्विज़ प्रतियोगिता करवाई गई।
- 23.11.2018 को शहर के शैंगरीला होटल में छात्राओं ने अपने द्वारा बनाए गए व्यंजनों की प्रदर्शनी व सेल लगाई।
- 4.3.2019 को विभाग की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर छात्राओं को जागरूक करवाया गया।
- 3.3.2019 को विभाग की ओर से कॉलेज परिसर में फ़ूड स्टॉल लगाया गया।
- 16.3.2019 को विभाग की ओर से होली के अवसर पर सम्बन्धित फ़ूड स्टॉल लगाया गया।
- 3.4.2019 को प्रयास भवन में विभाग की ओर से डाइट क्लीनिक का उद्घाटन किया गया।
- 3.4.2019 को सुकृति रिटेल लैब के साथ इस विभाग ने अपने उत्पादनों की प्रस्तुति दी।
- 3.11.2018 को दोआबा कॉलेज जालंधर में आयोजित 'दोआबा फेस्ट' में विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।
- 7.3.2019 को जी.एम.ए. इंटरनेशनल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।

बी. वॉक. एन.ई.एच. द्वारा छात्राओं को ई-कंटेंट कोर्स करवाए गए जिनमें प्राध्यापकों का योगदान इस प्रकार रहा-

- श्रीमती नीति कपूर ने Basic Food and Nutrition, Advance Nutrition पर पावर प्वायंट प्रेज़ेंटेशन दी और छात्राओं को परियोजना कार्य भी करवाया।
- सुश्री तरनदीप ने छात्राओं को मधुमेह शिक्षा पर 'डाइट असिस्टैंट', 'कैफ़ेटेरिया' पर पावर प्वांयट प्रेज़ेन्टेशन दी।
- सुश्री मनीषा ने डाइट सम्बन्धी जानकारी प्रदान कर छात्राओं से परियोजना कार्य भी करवाया।

## बी. वॉक. व एम. वॉक एनीमेशन एण्ड वी एफ एक्स B. Voc. (Animation) and M. Voc. (Animation & VFX)

- इस विभाग की ओर से 17, 20 और 21 नवम्बर, 2018 को **3-डी एनीमेशन** विषय पर **तीन दिवसीय कार्यशाला** लगाई गई।
- विभाग की ओर से 9.11.18 से 20.11.18 तक **फाउंडेशन आर्ट** पर **दस दिवसीय** कार्यशाला लगाई गई।
- विभाग की ओर से फरवरी-मार्च, 2019 के 3-डी एनीमेशन विषय पर त्रिसाप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 11 से 15 दिसम्बर 2018 को विभाग से सुश्री आरती ठाकुर और श्री दिनेश कुमार ने फैकल्टी डिवेलपमैंट प्रोग्राम में उपस्थिति दर्ज की।
- 22-3-2019 को छात्राओं के प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम सहीकरण, इंटर्नशिप और इन्डस्ट्रियल टाई-अप के लिए श्री दिनेश कुमार मुम्बई के कॉस्मॉस माया स्टुडियों में गए।

## बी. वॉक. टेक्सटाइल डिज़ाइन एण्ड एपेरल टेक्नोलॉजी (B. Voc. Textile Design and Apparel Technology)

- इस विभाग की ओर से विभागीय स्तर पर 2.11.18 को शहरी स्तर पर तथा 5-6, 11, 2018 को कॉलेज में प्रदर्शनी लगाई।
- विभाग की ओर से 25.1.19 को ज्यूलरी मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई।
- विभाग की ओर से 27.3.2019 को सुकृति - 2019 फैशन शो का आयोजन किया गया।
- विभाग की छात्राओं ने ज़ोनल और इंटरज़ोनल स्तर पर यूथ फेस्टीवल में भाग लिया और गिद्दा में ज़ोनल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- विभाग की ओर से एक प्लेसमेंट ड्राइव भी करवाई गई।
- विभाग की ओर से KMV FDIANS के नाम से ऑनलाइन सेल का कार्य प्रारंभ किया गया।
- विभाग की ओर से राजा साहब कलेक्शन्ज़, गुरु किरपा गारमेंट्स, पुनीत अरोड़ा, सुपर फाइन निटर्स, यूनिवर्सल स्पोर्ट्स इंडस्ट्रीज़, द डोरज़ ऑफ एलेगेंस, जालंधर के साथ समझौता ज्ञापन (MOU) सम्पन्न किया गया।

- विभाग की ओर से 25.12.18 से 15.1.19 तक जी.के गारमेंट्स के साथ एक इंटर्नशिप प्रोग्राम किया गया जिसमें 7 छात्राओं ने भाग लिया।
- विभाग की ओर से 31.8.2018 को सुपर फाइन निटर्स के साथ एक इन्टर्नशिप प्रोग्राम किया गया जिसमें 22 छात्राओं ने भाग लिया।
- विभाग की ओर से 14.2.19 को 44 छात्राओं को सूरज कुण्ड क्राफ्ट मेला में शैक्षिक यात्रा हेतु ले जाया गया।

विभाग की ओर से ई- कंटेन्ट डिवेलपमेंट के तहत अनेक प्राध्यापकों ने छात्राओं के लिए विशेष प्रोग्राम तैयार किए जिनका विवेचन इस प्रकार है:-

- श्रीमती विभूति कालिया ने Sewing Techniques, Enterpreneurship Development, Portfolio Development, Painting Techniques पर छात्राओं को शिक्षित किया।
- सुश्री रिंकल ने मौर्य काल के दौरान के ऐतिहासिक वस्त्र, पंजाब के पारंपरिक वस्त्र, एडवर्टाइज़िंग मीडिया, लूम्ज़ और फिनिशिज़ के प्रकारों पर तथा Male Culture and Visual Merchandising विषय पर जानकारी दी।
- सुश्री रंजना ने नीडल क्राफ्ट, ड्राफ्टिंग, टाइप और सीम्ज़, गारमैंट डिज़ाइन, मैन्ज़ वियर कलेक्शन पर ज्ञान प्रदान किया।
- सुश्री पूजा ने Fashion Illustration and Design Development, Draping, Wowen Textiles, Embroided Textiles, Painting Techniques पर जानकारी प्रदान की।
- सुश्री हरमिन्दर ने बिज़नेस प्लैनिंग, फैशन डिज़ाइन, क्वालिटी कन्ट्रोल व इन्डस्ट्रियल ट्रेनिंग सम्बन्धी जानकारी दी।

## क्रीड़ा विभाग की उपलब्धियां (Achievements of Dept. of Physical Education)

क्रीड़ा विभाग वर्ष भर अपनी गतिविधियों और उपलब्धियों से संस्था को प्रभावित कर रहा है। इस विभाग की उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है-

- इण्डोनेशिया में होने वाली एशियन विमेन सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप के विभाग की कु. हीरा (जो सॉफ्टबाल की बेहतरीन खिलाड़ी है) का इंडियन विमेन सॉफ्टबाल टीम की खिलाड़ी के रूप में चयन किया गया है।
- गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में आयोजित 10वें सॉफ्टबाल फेडरेशन कप में रजनी और सुष्मिता को पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया और इन्होंने सिल्वर मैडल जीता। हीरा इस आयोजन में चण्डीगढ़ का नेतृत्व करेगी और इसने कांस्य पदक जीता। हीरा को नागपुर में आयोजित सीनियर नैश्नल सॉफ्टबॉल चैम्यिनशिप में चण्डीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया। इसी चैम्यिनशिप के लिए विभाग की रजनी और रमनदीप पंजाब का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनी गईं। इन दोनों छात्राओं ने कांस्य पदक प्राप्त किया।
- हिमाचल प्रदेश सीनियर स्टेट चैम्पियनशिप में युविका, शीनू, साक्षी, मोनिका प्रथम स्थान पर रहीं।
- युविका, शीनू व साक्षी को नागपुर में आयोजित सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में हिमाचल का नेतृत्व करने के लिए चुना गया।
- गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में आयोजित इंटरकॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में के.एम.वी. की टीम ने सेकेण्ड रनर्ज़ अप ट्राफी प्राप्त की।
- प्रकाश कौर, रमनदीप व सुष्मिता को जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैम्पियशिप के अन्तर्गत पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया।

### वॉलीबॉल (Volleyball)

- गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर द्वारा आयोजित इन्टर कॉलेज टूर्नामैंट में के.एम.वी. की टीम ने प्रथम स्थान अर्जित किया।
- भूपिन्दर, जसपिन्दर, मनप्रीत, काजल, अर्शप्रीत, मनजिन्दर, किरण तथा दीपिका ने ऑल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप एवं नार्थ ज़ोन में भाग लेकर संस्था का नाम रोशन किया। इन छात्राओं का वॉलीबॉल यूथ स्टेट टूर्नामेंट के लिए चयन किया गया। हमारी वॉलीबॉल की इन चैम्पियन खिलाड़ी छात्राओं ने कसूरपुर में आयोजित ओपन रूरल टूर्नामैंट में भाग लिया और कठोर प्रतियोगिता के चलते प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम ने बटाला में आयोजित ओपन कैश प्राइज़ टूर्नामैंट में भाग लिया और द्वितीय स्थान अर्जित किया।

- इन छात्राओं में से भूपिन्दर, जसपिन्दर, काजल, मनप्रीत, अर्शप्रीत, मनजिन्दर, किरण व दीपिका ने कोटकपूरा में आयोजित वॉलीबॉल यूथ स्टेट टूर्नामैंट में भाग लिया।
- मस्तुआणा साहिब में आयोजित ओपन कैश प्राइज़ टूर्नामैंट में इन खिलाड़ी छात्राओं ने भाग लिया और चौथा स्थान प्राप्त किया।

## खो-खो (Kho-Kho)

- खो-खो टीम की खिलाड़ी छात्राओं ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर द्वारा आयोजित इन्टर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की कीर्ति पताका फहराई।
- इस प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने के उपरान्त हमारी सात छात्राओं - मनदीप, सुदीक्षा, अमनदीप, कुलविन्दर, सुखवंत, लभप्रीत और सोनिया को नार्थ ज़ोन इन्टर यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया।
- धूरी में आयोजित ओपन स्टेट टूर्नामैंट में इस टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- अमनदीप, सुदीक्षा, सोनिया, मनदीप, डिम्पी, लभप्रीत, और कमलजीत ने डिस्ट्रिक्ट विमेन चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान हासिल किया और सीनियर स्टेट टूर्नामैंट में भी हिस्सा लिया।

## बेसबॉल (Baseball)

उल्लेखनीय है कि गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर से आयोजित बेसबॉल इन्टर कॉलेज टूर्नामैंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था के गौरव को द्विगुणित किया। सुष्मिता को इन्दौर में आयोजित सीनियर नेशनल बेसबॉल चैम्पियनशिप के लिए पंजाब का नेतृत्व करने के लिए चुना गया।

## बॉल बैडमिंटन (Ball Badminton)

गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर में आयोजित इन्टर कॉलेज बॉल बेडमिंटन टूर्नामैंट में दसवीं बार लगातार प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय की गरिमा को चार चांद लगाए।

## स्क्वॉश रैकेट (Squash Racket)

स्क्वॉश रैकेट नैरन्तर्य, धैर्य और गति का खेल है। विद्यालय की इस टीम ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में आयोजित इन्टर कॉलेज स्क्वॉश रैकेट टूर्नामैंट में पिछले पांच वर्षों की तरह लगातार पांचवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋचा कनौजिया, सिमरनजीत कौर तथा मनजीत कौर को ऑल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामैंट जो कि दीन बन्धु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एण्ड टेक्नॉलॉजी, मुरथल (सोनीपत, हरियाणा) में होने जा रहे हैं, में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया।

## लॉन टेनिस (Lawn Tennis)

के.एम.वी. की लॉन टेनिस टीम ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर द्वारा आयोजित इन्टर कॉलेज लॉन टेनिस चैम्पियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। ऋचा अनेजा तथा सिमरनजीत कौर को ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी टूर्नामैंट में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी का नेतृत्व करने के लिए चुना गया। सिमरनजीत ने ऑल इण्डिया टेनिस एसोसिएशन रैंकिंग चैम्पियनशिप में भी भाग लिया।

## हैंड बॉल (Hand Ball)

संस्था की हैंड बॉल टीम ने जालंधर में आयोजित U-25 हैंड बॉल ओपन डिस्ट्रिक्ट टूर्नामैंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में आयोजित इन्टर कॉलेज चैम्पियनशिप में चौथा स्थान प्राप्त किया।

## एथलेटिक्स (Athletics)

गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में आयोजित इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट में छात्राओं ने निम्न प्रकार से पदक जीते :

- कु. नवदीप कौर ने हैमर थ्रो में रजत पदक जीता।

- कु. राजप्रीत कौर ने लोंग जम्प में रजत पदक प्राप्त किया।
- गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में आयोजित इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप में कॉलेज की रामकुमारी, सुदीक्षा, सोनिया, ज्योति, डिम्पी व कृष्णा ने भाग लिया।
- जालन्धर डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा आयोजित मैराथन में संस्था की छात्रा रामकुमारी ने हिस्सा लिया और दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## एन.सी.सी. (N.C.C)

कन्या महाविद्यालय प्रथम संस्था है जो 2Pb (G) Bn NCC जलंधर से सम्बद्ध है। संस्था के संस्थापक लाला देवराज जी के स्वप्न के अनुरूप स्त्री को सशक्त करना विद्यालय की प्राचार्या एवं प्राध्यापकों का प्रथम कर्त्तव्य है। के.एम.वी. के एन.सी.सी. सब यूनिट में 105 महिला कैडेट्स हैं जिन्हें अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए, स्वस्थ व दक्ष बनाने में इस यूनिट का बहुत बड़ा अवदान है। श्रीमती सीमा अरोड़ा (एसो. प्रो. अंग्रेज़ी विभाग) के दिशा-निर्देश में एन.सी.सी. की गतिविधियां सफलतापूर्वक सम्पन्न हो रही हैं। इस सत्र में एन.सी.सी. की ओर से अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है-

- सत्र के प्रारंभ में हिमाचल ट्रैक (II) शीर्षक से 4 जून से 11 जून 2018 को एक एडवेंचर कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें सार्जेंट सुजाता और S/UO प्रीति कौंडल का कैम्प के लिए चयन किया गया। इन्होंने ट्रैक सम्पूर्ण किया और इन्टर बटालियन ग्रुप साँग कम्पीटीशन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।
- 21 जून, 2018 को प्रतिवर्ष की तरह योग दिवस का आयोजन किया गया। कन्या महाविद्यालय को 2Pb(G) Bn. के कैडेट्स के लिए Nodal Point के रूप में चुना गया जिसमें जालंधर के विविध महाविद्यालयों से 200 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।
- इस अवसर पर भारतीय योग संस्थान से श्री मुनीष अरोड़ा एवं श्रीमती मंजू अरोड़ा पधारे। इस अवसर पर बिग्रेडियर एच.एम.एस. चटवाल (ग्रुप कमांडर एम.सी.सी. ग्रुप जालंधर) मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। Co Officer 2Pb (G) Bn NCC जालंधर के कर्नल, जसबीर सिंह भी उपस्थित थे।
- योग शिविर के दौरान ड्रिल करवाई गई और बाद में Weapon Training, Map Reading, FC-BC, First Aid, Civil Defence, Hair in & Hygiene कार्यक्रम भी करवाए गए। संध्या के समय अनेक गेम्स, व्याख्यान और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं।
- इस कैम्प में लगभग 400 छात्राओं को ए.एस.आई शमशेर सिंह ने ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी दी।
- इस कैम्प के दौरान नशाखोरी एवं अवैध तस्करी के विरोध में एक रैली का भी आयोजन किया गया। कैडेट्स ने पोस्टर आदि बना कर विरोध प्रदर्शन किया। रैली का आगाज़ कर्नल जसबीर सिंह ने किया।
- इस शिविर के दौरान 'नशामुक्ति' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. संजीव लोचन स्वास्थ्य विभाग, चण्डीगढ़) पधारे। इसी के साथ-साथ स्वच्छ भारत अभियान, एक दिवसीय रक्तदान शिविर, पौधारोपण आदि कार्यों का भी आयोजन किया गया।
- कैड्ट्स को 'अंगदान' विषय पर भी जागरूक किया गया और आग से दुर्घटना होने पर किस प्रकार अग्नि पर काबू पाया जा सकता है - इस विषय पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।
- इस शिविर का समापन विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। शिविर के अंत में कैम्प कमांडैंट कर्नल जसबीर सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी कैडेट्स को सम्मानित किया गया। के.एम.वी. के इन कैडेट्स ने 15 अगस्त, 2018 की परेड में भी भाग लिया।
- S/UO प्रीति कौंडल इस वर्ष सर्वोत्तम एचीवर रही। सितम्बर 2018 से जालंधर और उसके आसपास आयोजित शिविरों में व आर.डी.सी. सिलेक्शन कैम्प में उपस्थित रहीं। अनेक अन्तः ग्रुप और अन्तः बटालियन प्रतियोगिताओं में विजयी रहकर वह पंजाब डायरेक्टोरेट आर.डी.सी. स्क्वैड 2019 का हिस्सा बनी। प्रीति प्रधानमंत्री रैली में ड्रिल स्क्वैड का हिस्सा बनी। 2 फरवरी, 2019 को उसके लौटने पर हिमाचल प्रदेश के गवर्नर आचार्या देव व्रत द्वारा प्रीति को सम्मानित किया गया। प्रीति को DGNCC लेफ्टिनेंट जर्नल राजीव चोपड़ा एवं. वी.पी. बादनोरे (पंजाब के गर्वनर) द्वारा भी अभिनंदित किया गया। इसके उपरान्त कु. प्रीति को कमांडर ब्रिगेडियर एच. एम.एस. चटवाल, पी.सी. परमार (एस.पी. जालंधर), सुखविन्दर लाली, हरप्रीत सिंह, कर्नल गुणीत बादनोरे सिंह

और अन्य अनेक अफसरों ने सम्मानित किया। प्रीति के साथ अन्य कैडेट्स को भी जनरल बिपिन रावत, एयर चीफ मार्शल वीरेन्द्र सिंह धनोआ, इंडियन नेवी सी.एन.एस. के चीफ सुनील लाम्बा मिले और इन्होंने सभी के योगदान की सराहना की।

- 9.1.2019 से 20 जनवरी, 2019 तक एक राष्ट्रीय शिविर एन.आई.सी. रोपड़ में लगाया गया। सार्जेंट अमनदीप कौर, वर्षा रानी, पवनप्रीत कौर, रूपिन्दर और प्रियंका ने यह शिविर लगाया। विभिन्न राज्यों से आई कैडेट्स के बीच आयोजित प्रतियोगिताओं में से लगभग सभी में कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस कैम्प में एन.आई.ए.पी. प्रस्तुति, भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग एवं क्विज़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- 9.7.2018 से 20.7.2018 तक आयोजित एम.एच.अटैचमैंट कैम्प में सार्जेंट वर्षा रानी और CPI विशाखा ने भाग लिया। CPI विशाखा ने लिखित और व्यावहारिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन दोनों छात्राओं ने विभिन्न परिस्थितियों में अस्पताल में भर्ती मरीज़ों की संभाल की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने फर्स्ट ऐड तथा हैल्थ एण्ड हाइजीन की शिक्षा भी अर्जित की।
- एन. सी. सी. विभाग की ओर से 26 जनवरी, 2019 को गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फ़हराया गया। संगीत विभाग की ओर से देशभक्ति के गीत गाए गए और एन.सी.सी. विभाग की छात्राओं ने ड्रिल में दक्षता का प्रदर्शन किया।
- एन.सी.सी. विभाग की ओर से पहली बार सार्जेंट वर्षा रानी और गुरलीन कौर ने चण्डीगढ़ में आयोजित दो दिवसीय हाई इम्पैक्ट लीडरशिप ब्लू प्रिंट फॉर सक्सेस शिविर में भाग लिया। 22 से 24 फरवरी 2019 में वहां श्री शिव खेड़ा (एक प्रेरक वक्ता) उपस्थित थे। इसी के साथ सार्जेंट गुरलीन ने फ़िलॉसफी स्टेटमैंट बनाने में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।
- विभाग की ओर से 8.2.19 से 18.2.19 को छात्राओं के लिए BEE और CEE सर्टिफिकेट की परीक्षा का आयोजन किया गया। ANO Lt. सीमा अरोड़ा CEE सर्टिफिकेट परीक्षा बोर्ड की सदस्या हैं। CEE सर्टिफिकेट परीक्षा में तृतीय समस्तर की 25 छात्राएं उपस्थित रहीं।
- 25 सितम्बर, 2018 से 4 अक्तूबर 2018 तक गुरु नानक कॉलेज बंगा में आयोजित CAT Camp में सी.पी.एल. शालू, सी.पी.एल शिवानी, सी.पी.एल. प्रिया ने भाग लिया।
- सार्जेंट गुरलीन, पवनप्रीत और सिमरनजीत को ऑनलाइन ग्रीष्म इन्टर्नशिप स्वच्छ भारत-2018 के लिए चयनित किया गया और इन तीनों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

श्रीमती आशिमा साहनी (अध्यक्ष, राजनीति शास्त्र विभाग) डॉ. सोनिक भाटिया (एसो. प्रो. भौतिक विज्ञान विभाग) तथा श्रीमती आनन्द प्रभा, (एसो. प्रो. गणित विभाग) के श्रम एवं निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य सक्रियता एवं प्रतिबद्धता से सम्पन्न हो रहे हैं। विद्यालय का एन.एस.एस. विभाग वर्षों से बेहतरीन कार्य कर सामाजिक उत्थान में अपना योगदान दे रहा है। इस विभाग ने मई 2018 से चार गांवों का संरक्षण ग्रहण किया है। इस विभाग द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों का विवरण इस प्रकार है -

- 19.5.18 को विश्व आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबन्ध लेखन, भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता करवाई गई। एक रैली भी निकाली गई जिसमें 80 छात्राओं ने भाग लिया।
- 31.5.18 को 'नो तम्बाकू डे' का आयोजन किया गया जिस के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 75 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को आगाह किया गया कि वे अपने घरों, परिवारों और आसपास के घरों में लोगों को तम्बाकू का प्रयोग न करने के लिए शिक्षित करें।
- 21.6.2018 को विभाग की ओर से योग दिवस के उपलक्ष्य में योग साधना शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आर्ट्स की लगभग 120 छात्राओं ने भाग लिया।
- 31 जून, 2018 को स्वच्छ भारत समर इन्टर्नशिप-2018 कार्यक्रम के अन्तर्गत के.एम.वी. के स्वयंसेवकों को एच.आर.डी. मिनिस्ट्री की ओर से उनकी कुशल प्रतिभागिता के लिए पुरस्कृत किया गया। मिनिस्ट्री ऑफ ड्रिंकिंग वॉटर एण्ड सेनीटेशन, यूथ अफेयर्ज़ विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग की ओर से संस्था की छात्राओं के प्रयासों की भरपूर सराहना की गई।

- इस योजना के अन्तर्गत गांव मुबारकपुर शेखें का संरक्षण लिया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं ने जागरूकता अभियान चलाया जिसमें लोगों को स्वच्छता, पौधारोपण व शिक्षा सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई। इस जागरूकता अभियान के अन्तर्गत गांव के प्राइमरी स्कूल के बच्चों को स्वच्छता एवं शिक्षा सम्बन्धी फिल्म दिखाई गई, व्याख्यान दिए गए और लोगों को हाथ धोने की आवश्यकता पर जानकारी प्रदान की गई। शेखे गांव के स्कूल में 30 पौधे भी रोपे गए और सभी विद्यार्थियों को पौधों की सुरक्षा करने की ज़िम्मेदारी भी सौंपी गई।
- 1.10.2018 को एच.आर.डी. मिनिस्ट्री की ओर से दिल्ली में आयोजित 'Award Presentation Ceremony' में कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर श्री प्रकाश जावड़ेकर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए।
- एन.एस.एस. यूनिट की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- गांधी जी की जन्मतिथि 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में इस विभाग ने 'स्वच्छता ही सेवा है' कार्यक्रम का आयोजन किया।
- सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट कार्यक्रम के तहत 12.10.18 को जालंधर की संयुक्त आयुक्त (Joint Commissioner) श्रीमती आशिका जैन विद्यालय में पधारीं।
- 16.10.18 को संस्था में म्युनिसिपल कॉरपोरेशन जालंधर की एक बैठक बुलाई गई ताकि आर्द्र और शुष्क वेस्ट के प्रबन्धन का कार्य शुरू किया जा सके।
- 17.10.18 को एन.एस.एस. विभाग द्वारा नगर निगम जालंधर के साथ मिलकर सॉलिड वेस्ट को दूर कर स्थल की सफाई करवाई गई।
- 12.10.2018 को संयुक्त आयुक्त श्रीमती आशिका जैन ने कॉलेज में पधार कर सॉलिड वेस्ट प्रबन्धन के लिए जायज़ा लिया।
- 16.10.2018 को नगर निगम जालंधर एवं एन.एस.एस. विभाग की संस्था में एक मीटिंग बुलाई गई।
- 17.10.2018 एन.एस.एस. विभाग एवं नगर निगम जालंधर ने मिलकर एक विशेष स्थल ढूंढा जहां सफ़ाई की आवश्यकता है। कॉलेज के बॉटेनिकल गार्डन में सॉलिड वेस्ट प्रबन्धन की कार्यवाही की गई।
- 31.10.18 को अमृतसर के माता चरण कौर हैल्थ इंस्टीट्यूट से कुछ लोगों ने कॉलेज का दौरा किया और गड्ढों में ठोस अवशेष को भरने के बारे में जानकारी प्राप्त की। वर्तमान में कॉलेज में छह कम्पोस्ट गड्ढे हैं जिनमें कॉलेज मैस व कैन्टीन, उद्यान अवशेष और अन्य नष्ट होने योग्य अवशेषों को भरा जाता है और वहां से खाद का उत्पादन किया जाता है।
- जुलाई 2018 में मुबारकपुर के गवर्नमेंट सीनि. सैके. स्कूल में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- जुलाई 2018 में एन.एस.एस. विभाग की ओर से गांव रायपुर रसूलपुर में गवर्नमैंट सीनि. सैके. स्कूल में 20 पौधे लगाए गए।
- जुलाई 2018 में एन.एस.एस. विभाग की ओर से गांव हज़ारा के प्राइमरी स्कूल में 10 पौधे लगाए गए।
- 11.1.19 को स्वामी विवेकानंद की 156वीं जन्मतिथि पर 'राष्ट्रीय युवा दिवस' का आयोजन किया गया।
- 23.3.2019 को स्थानीय गांधी वनिता आश्रम, कपूरथला चौक, जालंधर में एस.डी.एम. श्री परमवीर और विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी के हाथों एन.एस.एस. कैम्प का उद्घाटन किया गया। इसमें 53 छात्राओं ने भाग लिया। इस कैम्प के दौरान वहां 30 पौधे लगाए गए। गांधी वनिता आश्रम के हॉस्टल का सर्वे किया गया। आश्रम की छात्राओं की काउंसिलिंग की गई और स्वच्छता एवं शिक्षा सम्बन्धी अभियान चलाया गया। वहां रहने वाली महिलाओं के साथ स्वच्छता, आरोग्यता एवं स्वास्थ्य पर वार्तालाप एवं संवाद किया गया। इस अवसर पर आश्रम में रहने वाली महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।
- 12 से 15 अगस्त 2018 तक एन.एस.एस. द्वारा पंजाब सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए बड्डी प्रोग्राम (Buddy Programme) के अन्तर्गत पंजाब को नशामुक्त बनाने हेतु प्रयास किया गया। के.एम.वी. के एन.एस.एस. यूनिट की ओर से ज़िला स्तर पर पंजाब सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लिया गया। के.एम.वी. की छात्राओं ने युवा कल्याण मंत्री राणा गुरजीत सिंह सोढी से 'स्मृति सम्मान चिन्ह' प्राप्त किया।

## ई.सी.ए. विभाग की गतिविधियां :

छात्राओं के सर्वपक्षीय विकास के लिए अकादमिक के साथ-साथ सह-अकादमिक गतिविधियों का आयोजन करने के लिए विद्यालय में ई.सी.ए. विभाग निरन्तर सक्रिय रहता है। डॉ. गुरजोत (अध्यक्ष, इतिहास विभाग), डॉ. हरप्रीत कौर (पंजाबी विभाग), डॉ. पूनम शर्मा

(संगीत विभाग), सुश्री गीतिका (अध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग) के कुशल संचालन में वर्ष पर्यन्त ई.सी.ए. विभाग के द्वारा समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। गत वर्ष सम्पन्न हुईं सह-अकादमिक गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है। सत्र के प्रारम्भ में नवागत छात्राओं को उनकी अन्तर्निहित प्रतिभा को उजागर करने का अवसर प्रदान करने के लिए **प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं** करवाई गईं इसके अन्तर्गत सम्पन्न हुईं, गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :-

- 6-7 अगस्त 2018 को लैंडस्केप, कार्टूनिंग, पोस्टर मेकिंग और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुईं। सिमरत और रेमन ने लैंडस्केपिंग में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में हरदीप और गुरदीप प्रथम और द्वितीय रहीं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हरमन, दीपिका और जसप्रीत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलॉज मेकिंग में कामाक्षी प्रथम रही।
- 6.08.2018 को रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें मनप्रीत कौर ने प्रथम रमनदीप ने द्वितीय तथा स्माईलप्रीत कौर एवं दृष्टि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- 08.08.2018 को आयोजित की गई साहित्यिक गतिविधियों के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता नें गुरप्रीत प्रथम, जसविंदर द्वितीय और अलिशा तीसरे स्थान पर रही। कविता उच्चारण में सृष्टि ने प्रथम, अनुरीत और सुखजोत ने द्वितीय तथा नीतिका और ऋतु ने क्रमशः तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार पाया।
- 9-08-2018 को सम्पन्न हुई एमब्राईडरी प्रतियोगिता में मनप्रीत, श्रुति प्रथम गरिमा, हकीकत सैणी द्वितीय रुपिंदर तृतीय स्थान पर रहीं अदिति को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 11-08-2018 को आयोजित की गई संगीत प्रतियोगिता में एकता, रुपिंदर, रमा प्रथम नवरीन, हरप्रीत द्वितीय, दृष्टि, रुचि, अंशु तृतीय स्थान पर रहीं। एकता, मोनिका, श्वेता, कृतिका, आशिमा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।
- 16-08-2018 को हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आँचल प्रथम, पलविंदर, पवनप्रीत कौर द्वितीय तथा रुबीना और अमनप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 16-08-2018 को करवाई गई फोटोग्राफी प्रतियोगिता में हनी, प्रथम दीपिका और समिता दूसरे स्थान पर रहीं।
- 23-08-2018 को सम्पन्न हुई एकल नृत्य (Solo Dance) प्रतियोगिता में अमनदीप ने प्रथम रमणीक ने द्वितीय नंदिनी तथा नीरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 23-08-2018 को करवाई गई डुईट डांस प्रतियोगिता में विंकल तथा दृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 23-08-2018 को फैंसी ड्रैस, ग्रुप डांस, स्किट और कोरियोग्राफी प्रतियोगिताओं में बहुत सारी छात्राओं ने भाग लिया, पुरस्कार प्राप्त किए। इन सभी गतिविधियों का पर्यावसान 23.08.2018 को आयोजित किए गए भव्य सांस्कृतिक समारोह टेलेंट फिएस्टा में हुआ।

## टेलेंट फिएस्टा :

के.एम.वी के ई.सी.ए विभाग द्वारा 23.08.2018 को टेलेंट फिएस्टा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें इस शैक्षिक सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों में अन्तर्निहित प्रतिभा एवं कला कौशल को अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज में प्रतिवर्ष आयोजिन होने वाले इस छात्रप्रिय कार्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों में विशेष आकर्षण एवं उत्साह रहता है और विद्यार्थी कई दिन की मेहनत और रिहर्सल के बाद इस कार्यक्रम में अपनी विविध प्रस्तुतियों को मंच पर प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रैस, पंजाबी भांगड़ा, लोक नृत्य, मॉडलिंग, एकांकी एवं लघु नाटिका इत्यादि विभिन्न प्रस्तुतियों के रूप में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कॉलेज के देवराज सभागार में प्रस्तुत किया जिसमें विद्यालय प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुईं। विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों से खचाखच भरे हाल में सभी ने इस कार्यक्रम का आनन्द लिया। कार्यक्रम के दौरान मॉडलिंग के तीन राऊण्ड करवाए गए जिसमें के.एम.वी. की युवा एवं आत्मविश्वास से भरपूर छात्राओं ने रैंप पर प्रशिक्षित मॉडल्स की तरह आकर्षक अंदाज़ में मॉडलिंग की तथा निर्णायक मण्डल द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया। फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में भांड, राधे मां, जोकर, सपेरा, घोस्ट, मॉडल, वर-वधू, पंजाबी मुटियार, किन्नर, आदिवासी, वृद्ध दम्पति, इत्यादि किरदारों की वेशभूषा एवं अंदाज को छात्राओं ने जीवंत रूप से मंच पर पेश किया। मानव जीवन और समाज को प्रभावित करने

वाले सामयिक विषयों पर आधारित लघु नाटिकाएं एवं कोरियोग्राफी पेश की गईं। इनमें नशाखोरी की समस्या, एसिड अटैक, देशभक्तों की वतनपरस्ती और उनकी शहादत को अत्यंत मार्मिक और संवेदनशील रूप से प्रस्तुत किया गया जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा। विद्यालय प्राचार्य प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी प्रतिभागी छात्राओं के द्वारा मंच पर दिखाई गई असाधारण प्रतिभा की भरपूर सराहना करते हुए उन्हें इसी परिश्रम, लगन तथा आत्मविश्वास के साथ शिक्षा एवं जीवन के सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति एवं पहचान दर्ज करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अनुशासन, प्रतिबद्धता, प्रतिभा, कला-कौशल एवं आत्मविश्वास का सुमेल है और यह वह मंच है जिस पर से आने वाले समय की प्रतिभाएं अपनी पहचान हासिल करती हैं। प्राचार्या जी ने सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने ई.सी.ए. टीम के सभी सदस्यों तथा कार्यक्रम के सुचारू संचालन में सहयोग देने वाले सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को प्रोग्राम के सफल आयोजन पर मुबारकबाद दी।

## युवा समारोह (Youth Festival)

सत्र 2018-19 में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर द्वारा स्थानीय खालसा कॉलेज जालन्धर में 28 अक्टूबर, 2018 से 31 अक्तूबर, 2018 तक युवा समारोह का अयोजन किया गया। संस्था की छात्राओं ने युवा समारोह की 31 आइटम्ज़ में भाग लिया और अनेक पुरस्कार प्राप्त किए। युवा समारोह के परिणाम इस प्रकार रहे:-

- एम.एस.सी.एफ.डी. समस्तर-एक की छात्रा रविता रानी फुलकारी में प्रथम रही।
- संस्था की गिद्धा टीम क्षेत्रीय युवा समारोह में प्रथम और अन्त: क्षेत्रीय युवा समारोह में दूसरे स्थान पर रही। प्रदीप, जगदीप, हरशीन, हरमनदीप, रमणीक, अमनदीप, अमरप्रीत, गुरप्रीत, नवदीप, गुरमीत और नवरूप ने इसमें भाग लिया।
- कु. हरमन (छात्रा : बी. ए. समस्तर-I) क्षेत्रीय युवा समारोह में पोस्टर मेंकिंग में दूसरे स्थान पर रही।
- कु. सृष्टि (बी. कॉम आनर्ज़ समस्तर-I) ने क्षेत्रीय युवा समारोह में कविता- उच्चारण प्रतियोगिता में क्षेत्रीय एवं अन्त: क्षेत्रीय युवा समारोह में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- कु. रिद्धिमा शर्मा (छात्रा, बी.ए. समस्तर-III) ने क्षेत्रीय युवा समारोह में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- कु. पलकप्रीत कौर (छात्रा एम.ए. फाइन आर्ट्स) ने क्षेत्रीय युवा समारोह में क्ले मॉडलिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- कु. प्रिया, दीपिका, तवी और रेमनजीत कौर ने 'इंस्टालेशन' में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- सुश्री गुरप्रीत एम.ए. संगीत (वाद्य) ने क्लासिकल इंस्ट्रोमेंटल नॉन परकर्शन में तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- बी. कॉम. समस्तर (VI) की छात्रा कु. सुखलीन ने क्षेत्रीय युवा समारोह में रंगोली में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- क्षेत्रीय युवा समारोह में छात्राओं ने समूह गान (Group Song) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस समूह गान में कु. भूपिन्दर कौर, दृष्टि, पवनजीत, नीतू, रुचि और मनजोत कौर ने भाग लिया।
- कु. स्वाति हरचंद, (छात्रा बी.एस.सी. मेडिकल समस्तर-5) ने क्षेत्रीय युवा समारोह में शास्त्रीय नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- क्षेत्रीय युवा समारोह में आयोजित नाटक मंचन में संस्था द्वारा प्रस्तुत नाटक तीसरे स्थान पर रहा। कु. अदिति, प्रिया कौशल, रणदीप, युक्ता, शुभप्रीत, अर्शदीप, प्रदीप नूपुर शर्मा व साक्षी ने नाटक में प्रतिभागिता दर्ज की।
- क्षेत्रीय युवा समारोह में संस्था द्वारा प्रस्तुत सामान्य नृत्य को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस नृत्य में कमलप्रीत कौर, हरमनदीप कौर, अमनदीप कौर, नवदीप, काजल, शालिनी, अनमोल जैरथ, रमणीक कौर ने भाग लिया।
- क्षेत्रीय एवं अन्त: क्षेत्रीय युवा समारोह में कु. प्रदीप को सर्वश्रेष्ठ नृत्यांगना घोषित किया गया।
- अन्त: यूनिवर्सिटी सामान्य नृत्य प्रतियोगिता में कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस नृत्य में कमलप्रीत, हरमनदीप, अमनदीप, नवदीप, काजल, अनमोल जैरथ, शालिनी और रमनीक ने भाग लिया।

समग्रत: इस सत्र में आयोजित युवा समारोह में छात्राओं ने फुलकारी में प्रथम, गिद्धा में प्रथम, पोस्टर मेंकिंग व कविता उच्चारण में द्वितीय, ग्रुप सांग, क्ले मॉडलिंग, कोलाज, इंस्टॉलेशन, रंगोली, रीजनल डांस, क्लासिकल डांस, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट (नॉन परकशन) में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## के.एम. वी. कार्निवाल

25-02-2019 को के.एम.वी. कार्निवाल (Annual Fete) आयोजित किया गया जिसमें लगभग 5000 बच्चों ने खूब उत्साह से सहभागिता की। झूलों तथा स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों के 32 स्टालज़ लगाए गए जिनका छात्राओं ने भरपूर आनंद उठाया। इसके अलावा सेल्फी स्टेशन बनाया गया जिस पर छात्राओं ने अपनी तस्वीरें खींचीं। पंजाबी गायक अरमान बेदिल ने अपनी संगीतमयी प्रस्तुती से समारोह को और आनंददायक बनाया। श्री चंद्रमोहन (अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मंडल) उनकी सुपत्नी श्रीमती नीरजा चन्द्रमोहन ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में 1 लाख रु मूल्य के ड्रा निकाले गए।

## अन्य गतिविधियां

- 9-08-2018 को भारत के शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य का वैश्विक प्रचार करने वाली संस्था स्पिक मैके के सौजन्य से के. एम.वी. में आयोजित कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पदमश्री उस्ताद शाहिद परवेज़ ने तबले पर श्री हिंदोले मजूमदार की संगत शानदार प्रस्तुती दी।
- 10-08-2018 को तीज का त्योहार मनाया गया। के.एम.वी हॉस्टल में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में चूड़ियां, मेंहदी, फुलकारी, कढ़ाई वाले वस्त्रों तथा मिठाई के स्टाल्स लगाए गए। छात्राओं ने अत्याधिक आनंद से यह त्यौहार मनाया और पंजाब के लोकनृत्य प्रस्तुत करते हुए पंजाब की विरासत और परम्परा की झलक प्रस्तुत की।
- 14-08-2018 को स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में ट्राईकलर फेस पेंटिंग, टीशर्ट पेंटिंग, डिश मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। देशभक्ति की थीम पर आधारित ग्रुप डांस, स्किट, फ्रैंसी ड्रैस, गीत गायन, कविता उच्चारण और भाषण प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं जिसमें छात्राओं ने देश के प्रति अपने प्रेम तथा सम्मान के भाव को व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सम्मिलित हुईं प्राचार्या कन्या महाविद्यालय प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा ने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, गरीबी से मुक्त साक्षर भारत के निर्माण को सब भारतीय नागरिकों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताया।
- 15-08-2018 को गुरु गोबिन्द सिंह स्टेडियम में आयोजित हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में के.एम.वी. की 70 छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया।
- ई.सी.ए. विभाग द्वारा तैयार करवाए गए नुक्कड़ नाटक का मंचन 21 अगस्त को शिवाजी पार्क गर्वन्मैंट सीनियर सैकण्डरी स्कूल, आदर्श नगर, जालंधर, 30 अगस्त को रंधावा मसंदा में 1-09-2018 को डांडिया गांव, सिडाना में खेला गया।
- 13-14 सितम्बर, 2018 को जालंधर के युवा थियेटर द्वारा आयोजित 'स्ट्रेट कोटा स्ट्रीट' स्ट्रीट प्ले (नुक्कड़ नाटक) अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में एच.एम.वी., सी.टी. कॉलेज के साथ-साथ के.एम.वी. की छात्राओं ने भी भाग लिया और मंच पर अपनी अभिनय प्रतिभा को प्रदर्शित करने के साथ व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों-नखाशोरी, जल संरक्षण, सेक्स ऐजुकेशन, तकनीकीकरण के दुष्प्रभाव एवं महिलाओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में आवाज़ उठाई।
- 14-09-2018 को इसी शृंख्ला में हमारी टीम ने एच.एम.वी. कॉलेज में नाट्य प्रस्तुति दी और 7000 रुपये की पुरस्कार राशि जीती। अन्य दो भाग लेने वाली टीमें डी.ए.वी. डेवियट, एन.आई.टी. (NIT) कॉलेज से थीं।
- 14-09-2018 को रोटरी क्लब, जालंधर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं रमन और भूपिंदर कौर ने लोकगीत गायन प्रतियोगिता में भाग लिया और सुश्री रमन इसमें प्रथम रहीं।
- 17-01-2019 को पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के रैड आर्ट ग्रुप द्वारा अध्यापकों के सम्मान विषय पर तैयार किया गया 'वंनगी' नुक्कड़ नाटक के.एम.वी. के विद्यार्थियों को दिखाया गया जिसका बेहद सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों पर हुआ और इस सम्बन्ध में उन्होंने अपने प्राध्यापकों डॉ. गुरजोत और डॉ. हरप्रीत के साथ अपनी प्रतिक्रियाएं सांझा कीं।
- 25-01-2019 को सुप्रसिद्ध पंजाबी गायक और अभिनेता जस्सी गिल ने अपनी आगामी फिल्म 'हाई एंड यारियां' के प्रचार के लिए विद्यालय में आए और अपनी इस फिल्म के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को जानकारी दी।
- 15-02-18 को कपूरथला में आयोजित 'हमदर्द विरासती मेला' में के.एम.वी. की 8 छात्राओं ने भाग लिया जिनमें से 5 का चयन निर्णायक राऊंड के लिए किया गया। विद्यालय की छात्रा सुश्री प्रदीप कौर 'धी पंजाब' दी खिताब के साथ प्रथम स्थान पर रही और

उन्हें पुरस्कार स्वरूप 5100 रु. तथा सोने की सग्गी भेंट की गई। सुश्री अमनप्रीत कौर ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 2100 रु. की पुरस्कार राशि प्राप्त जीती।

- 16-02-2019 को लायलपुर खालसा कॉलेज में आयोजित अंतर विद्यालय प्रतियोगिता 'प्लासमा' में अलग-अलग श्रेणियों में के.एम.वी. की छात्राओं ने भाग लिया। इनमें प्रिया, दीक्षा, रवनीत, अंजली और अरुंधति शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और सुश्री आंचल तीसरे स्थान पर रहीं।
- 16-02-2019 को दोआबा कालेज में सम्पन्न हुए साईं फाईस्टा (SCI FIESTA) में विद्यालय की छात्राओं ने 13 श्रेणियों में भाग लिया और ओवर ऑल बैस्ट ट्राफी जीत कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।
- 21-02-2019 को ए.पी.जे. आई.एम.टी. द्वारा आयोजित स्पार्क अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में हरमनदीप कौर, लीपाक्षी, दिलप्रीत ने प्रथम, प्रदीप कौर, नीतू ने द्वितीय तथा पलविंदर, सुखजीत कौर, शिल्पा और हरमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 21-02-2019 को रोटरी वैस्ट की ओर से करवाई गई अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रिया ने तृतीय तथा पाहुल ने सांत्वना पुरस्कार जीता।
- 22-02-2019 को अंतर विश्वविद्यालय लोक नृत्य प्रतियोगिता माता सुन्दरी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित हुई जिसमें विभिन्न राज्यों की 8 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में के.एम.वी. द्वितीय स्थान पर रहा और 21,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।
- 8-03-2019 को ज़ी पंजाब एण्ड हरियाणा चैनल ने विद्यालय परिसर में वूमेन्स डे मनाया और इस मौके पर के.एम.वी. की छात्राओं ने पंजाबी लोकनृत्य गिद्दा भी प्रस्तुत किया।
- 8-03-2019 प्रयास जे.सी.आई (JCI) के द्वारा निजी स्वच्छता के प्रति जागरूकता प्रसार के उद्देश्य से Walkalhon का आयोजन किया गया। इस अवसर पर के.एम.वी. की छात्राओं ने महिलाओं में व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए जागृति उत्पन्न करने से सम्बन्धित विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक को एप्रीसिएशन अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- 10-03-2019 को किरपाल सागर एकैडमी, राहों में 'धी पंजाब दी' प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें के.एम.वी. की छः छात्राओं ने भाग लिया और एप्रीसिएशन अवार्ड प्राप्त किया।
- 10-03-2019 को हिन्दू कन्या कॉलेज में उमंग उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें के.एम.वी. की विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत अपनी प्रस्तुतियां दीं और अनेक पोजीशन्स प्राप्त कर प्रशंसा एवं सम्मान प्राप्त किया।
- 19-03-2019 को भारत सरकार के संस्कृति विभाग तथा उत्तर भारत सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला के द्वारा शाहपुर स्थित सी.टी.कालेज में अखिल भारतीय 'लोक कला महोत्सव' का आयोजन किया गया जिसमें कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने गिद्दा तथा लुड्डी नृत्य प्रस्तुत किया।
- ई.सी.ए. विभाग की सदस्य सुश्री गीतिका सिंह (प्राध्यापिका, समाज शास्त्र विभाग) को **लोक कला रतन अवार्ड** से सम्मानित किया गया।
- 19-03-2019 सी.टी. कॉलेज शाहपुर, डी.ए.वी. कॉलेज जालंधर के यूथ सर्विसिज़ विभाग, जालंधर के द्वारा ज़िला स्तरीय युवा महोत्सव सम्पन्न हुआ जिसमें के.एम.वी. की छात्राओं ने फुलकारी, पीढ़ी मेकिंग में प्रथम, फ्रैंसी ड्रैस, लोकगीत गायन, कविश्री, गिद्दा में द्वितीय स्थान तथा भाषण प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
- 20 मार्च 2019 को के.एम.वी. में **होली** उत्सव मनाया गया जिसमें फूलों से होली खेली गई।
- 1 अप्रैल 2019 को ई.सी.ए. विभाग की ओर से जलियांवाला बाग की त्रासदी के 100 वर्ष पूरे होने पर 'जलियांवाला बाग : एक आवाज़' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर के.एम.वी. की छात्राओं ने जलियांवाला घटनाक्रम पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। पंजाब के युवा क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की बहन के सुपुत्र जगमोहन इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए और उन्होंने पराधीन भारत में आज़ादी की भावना के प्रसार के लिए ज़िम्मेदार

परिस्थितियों और कारणों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

- 12 अप्रैल 2019 को सी.टी. कालेज में सम्पन्न हुए अंतर विद्यालय फैशन शो में के.एम.वी. की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और इसके साथ 21,000 की पुरस्कार राशि प्राप्त की।
- 18 अप्रैल 2019 को विरसा विहार तथा इंडियन नैश्नल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड करचरल हैरीटेज के संयुक्त प्रयास से विश्व विरासत दिवस (World Heritage Day) एपीजे कॉलेज ऑफ फाइन आर्टस में मनाया गया। इस कार्यक्रम में के.एम.वी. की विद्यार्थियों ने लुड्डी लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शनों की सराहना प्राप्त की।

## गांधीयन स्टडीज़ सेंटर (Gandhian Studies Centre)

यू.जी.सी. की EPOCH योजना के अन्तर्गत 2008 में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित द्वारा उद्घाटित गांधीयन स्टडीज़ सेंटर के अन्तर्गत प्रतिवर्ष अनेक कार्य सम्पन्न होते हैं।

**स्त्री सशक्तिकरण कक्ष :** इस केन्द्र के अन्तर्गत एक स्त्री सशक्तिकरण सैल है, जिसमें आस पास के गाँवों की ग्रामीण लड़कियों एवं महिलाओं को निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इन महिलाओं को कॉस्मेटॉलॉजी, फैशन डिज़ाइनिंग, कम्प्यूटर, मोमबत्ती बनाना, पॉट डेकोरेशन और ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह केन्द्र इन लड़कियों को निःशुल्क मैटीरियल भी प्रदान करता है। यह केन्द्र अभी तक जालंधर के आसपास के गाँवों की लगभग 2500 महिलाओं को प्रशिक्षित कर चुका है और उन्हें आत्मनिर्भर बना चुका है।

**साक्षरता अभियान :** इस केन्द्र ने सन् 2009 से ट्रांसपोर्ट नगर के स्कूल बनारसी दास चैरीटेबल स्कूल का संरक्षण लिया है। इस वर्ष केन्द्र की ओर से स्कूल के बच्चों को निःशुल्क स्टेशनरी, बैग्ज़, बांटे गए। कक्षा के कमरों में ब्लैक बोर्ड लगवाए गए। इसी वर्ष इन बच्चों के लिए 'हैल्थ एण्ड हाइजीन' कैम्प लगाया गया। विद्यार्थियों को हाइजीन किट प्रदान की गई। कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने स्कूल के बच्चों को सम्बोधित किया।

**पौधारोपण :** गांधीयन स्टडीज़ सेंटर ने एनवायरन्मेंट साइंस विभाग के साथ मिलकर एक पौधारोपण अभियान चलाया जिसमें पंजाब वन विभाग की सरकारी नर्सरी से पौधे एकत्रित किए गए और जालन्धर के आसपास के क्षेत्रों में 500 से अधिक पौधे लगाए गए। केन्द्र की ओर से विकास पुरी क्षेत्र के एक पार्क को संरक्षण में लिया गया और वहां भी पौधे लगाए गए।

**पिंगलवाड़ा एवं वृद्धाश्रम की सेवा :** केन्द्र की ओर से वृद्धाश्रम और पिंगलवाड़ा घर का दौरा किया गया और जहां के लोगों को कपड़े एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की गईं।

**संवेदना प्रकोष्ठ (Empathy Corner) :** गांधीयन स्टडीज़ सेंटर की ओर से संवेदना प्रकोष्ठ 2016 में स्थापित किया गया। यह केन्द्र इस प्रकोष्ठ के अन्तर्गत प्रतिवर्ष निर्धन एवं असहाय लोगों के लिए कार्य करता है।

## विमेन स्टडीज़ सेंटर (Women Studies Centre)

स्त्री को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना इस स्वायत्त संस्था का प्रारंभ से ही उद्देश्य रहा है। अतीत की भाँति वर्तमान में भी कॉलेज की सभी गतिविधियां विद्यार्थी केन्द्रित ही हैं। सन् 2010 से संस्था में स्थापित विमेन स्टडीज़ सेंटर निरन्तर छात्राओं को सशक्त करने, उनका मनोबल बढ़ाने के प्रयत्न करता आ रहा है। वे छात्राएं जो दबी-दबी सी, डर-डर कर जीने वाली थी, उनमें भी चुनौतियों का सामना करने का साहस पैदा किया है। इस केन्द्र ने अपनी गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के भीतर छिपे भय को दूर करके उन्हें स्वनिर्भर बनाने का प्रयास किया है। विमेन स्टडीज़ सेंटर के अन्तर्गत 2018-19 में निम्नलिखित गतिविधियां सम्पन्न हुईं :

- केन्द्र द्वारा Gender Equality : Awareness and Motivation विषय पर Open House Discussion का आयोजन किया गया। इस चर्चा का उद्देश्य छात्राओं को अपने विचारों एवं अनुभवों को सांझा करने हेतु प्रोत्साहित करना था। विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी (निदेशक, विमेन स्टडीज़ सेंटर) ने इस सत्र की अध्यक्षता करते हुए छात्राओं को केन्द्र के उद्देश्य और लक्ष्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की। अपने व्यक्तिगत अनुभवों को बांटते हुए उन्होंने छात्राओं को उनके अनुभवों को सांझा करने का प्रस्ताव रखा। छात्राओं को निर्भीक होकर अपनी बात कहने का बल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आत्मविश्लेषण, आत्ममंथन और आत्मशक्ति को पहचानना चाहिए। संभवतः स्त्री को कमज़ोर मानकर ही पुरुष समाज बेखौफ़ होता जा रहा है।

उन्होंने छात्राओं को स्त्री सम्बन्धी विषयों पर शोध करने के लिए प्रेरित किया।

इस सत्र में छात्राओं ने बहुत बढ़-चढ़ कर भाग लिया। केन्द्र की संयोजिका श्रीमती अमरप्रीत खुराना के प्रबन्धन में समस्त कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

- इस केन्द्र की ओर से छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु तैयार करने के लिए 22 मार्च से 24 मार्च 2019 को तीन दिवसीय 'आत्मरक्षा कार्यशाला' का आयोजन किया गया ताकि छात्राएं प्रतिकूल परिस्थितियों में अपनी रक्षा स्वयं करने योग्य बन सकें। यह संस्था की वार्षिक गतिविधि है। इस वर्ष बी.ए. समस्तर चार., बी.एस.सी. इक्नॉमिक्स, एम.ए. हिन्दी और इक्नॉमिक्स की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इस हेतु श्रीमती रमा शर्मा, (निदेशक संजय कराटे स्कूल) को आमंत्रित किया गया। श्रीमती रमा को इस क्षेत्र में बीस साल का अनुभव प्राप्त है। इस वर्ष 60 छात्राओं ने अत्यन्त उत्साह और उमंग के साथ आत्म रक्षा की कक्षाओं में आत्मरक्षा के मूल-मंत्र सीखे। श्रीमती अमनप्रीत खुराना (संयोजिका विमेन स्टडीज़ सेंटर) ने कॉलेज की अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहित किया।
- विमेन स्टडीज़ सेंटर की ओर से Fem Fest 2019 का आयोजन किया गया। इस उत्सव का उद्देश्य छात्राओं में लिंग एकरूपता, आत्मसम्मान व आत्म रक्षा का भाव पैदा करना था। इसी उद्देश्य को केन्द्र में रखकर चार्ट एवं पोस्टर मेकिंग, भाषण, रंगोली, कविता उच्चारण, कोरियोग्राफी एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया। संस्था प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने श्रीमती अमनप्रीत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की भरपूर सराहना की।

## वैदिक रिसर्च सैंटर (Vedic Research Centre)

भारतीय संस्कृति में योग एवं अध्यापन की सुदृढ़ एवं अविरल परंपरा है। इस भारत की इस विरासत से युवा पीढ़ी को अवगत करवाना शिक्षा का नैतिक एवं अनिवार्य दायित्व है। इसी दायित्व की प्रतिपूर्ति के उद्देश्य से विद्यालय में वैदिक रिसर्च सैंटर की स्थापना कुछ वर्ष पहले की गई। इसके अन्तर्गत प्रत्येक अकादमिक वर्ष में कुछ महत्त्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी शृंखला की कड़ी के रूप में इस अकादमिक वर्ष 2018-19 में वैदिक एजुकेशन विषय पर तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रैन्सडेन्ट्ल मैडिटेशन विषय पर छात्राओं को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस कार्यशाला में महर्षि वैदिक यूनिवर्सिटी, माल्टा के सहयोग से तथा कन्फैडरेशन ऑफ एजुकेशन एक्सीलैंस द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला में श्री ग्रिरोरी लेआनस (यू.के.) एवं इनके साथ सुश्री परसीला हेरारा, डायरैक्टर, सैंटर फॉर हैल्थ एंड वैलनैस (डेविड लिन्च फाऊंडेशन) बतौर प्रशिक्षक पधारे। उन्होंने की मॉड्यूलज़ के सहयोग से छात्राओं को योग, अध्यापन और ध्यान इत्यादि विषयों से अवगत करवाया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला का आयोजन संस्कृत विभाग एवं विद्यार्थी कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।

## नैतिक शिक्षा कार्यक्रम (Moral Education Programme)

इस कोर्स को तीन भागों (Modules) में विभाजित किया गया जो कि तीन सप्ताह तक चला। प्रत्येक स्त्रोत वक्ता को प्रति भाग के हिसाब से दो वक्तव्य देने का कार्यभार सौंपा गया। इस कोर्स की संयोजिका अंग्रेज़ी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. शालिनी गुलाटी हैं। निम्नलिखित प्राध्यापकों ने अपने वक्तव्यों से छात्राओं को लाभान्वित किया:-

मॉड्यूल एक - डॉ. नीरज शर्मा (संस्कृत विभाग)
डॉ. अनुशोभा (हिन्दी विभाग)
श्रीमती सीमा जैन (अंग्रेज़ी विभाग)
श्रीमती निधि (जे.एम.सी.)
डा. उपदेश (कैमिस्ट्री विभाग)

मॉड्यूल दो - श्रीमती ऋतुपर्णा (अंग्रेज़ी विभाग)
डॉ. रीना शर्मा (अंग्रेज़ी विभाग)
डॉ. विनोद कालरा (हिन्दी विभाग)

श्रीमती नीति कपूर (होम साइंस विभाग)

सुश्री गुरलीन कौर (कम्प्यूटर साईंस विभाग)

मॉड्यूल तीन - डॉ. मधुमीत (अंग्रेज़ी विभाग)

डॉ. मोनिका शर्मा (इतिहास विभाग)

श्रीमती अशिमा साहनी (राजनीति शास्त्र विभाग)

श्रीमती अमरजोत (फैशन डिज़ाइन विभाग)

डॉ. गुरजोत (इतिहास भाग)

## के.एम.वी. स्कूल फॉर पर्सनैलिटी डिवेलपमैंट (KMV School for Personality Development)

अगस्त 2008 में स्थापित इस स्कूल का उद्देश्य छात्राओं का सर्वतोमुखी विकास करना है। छात्राओं का आन्तरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध यह स्कूल उनके जीवन को वैश्विक स्तर पर चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जीवन के हर क्षेत्र में छात्राओं को तैयार करने के लिए अनेक सत्र लगाए जाते हैं, जिसमें सभ्यता एवं शिष्टाचार से लेकर, सकारात्मक दृष्टिकोण, स्वाभिमान, अंग्रेज़ी का सही उच्चारण, आत्म विवरण लेखन, सार्वजनिक स्थल पर वाचन, नेतृत्व दक्षता, साक्षात्कार दक्षता, शारीरिक स्वास्थ्य, टेबल मैनर्ज़, वार्डरोब प्लैनिंग, तनाव प्रबन्धन आदि सम्बन्धी जानकारी लगभग तीन सप्ताह (21 दिनों तक) दी जाती है। संस्था से शिक्षा प्राप्त कर रही समस्तर छः की छात्राओं के लिए यह कोर्स करना अनिवार्य है और इसके क्रेडिट्स इनके परीक्षा परिणामों में जोड़े जाएंगे। सत्र 2018-19 में 114 छात्राओं (बी. कॉम और बी.बी.ए. समस्तर छह) ने इस कार्यक्रम से लाभ उठाया। विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी एवं अनेक प्राध्यापकों के परिश्रम व लगन के परिणाम स्वरूप यह स्कूल निरन्तर सफलता के मार्ग पर अग्रसर है।

## कम्यूनिकेशन स्किल्ज़ एण्ड फॉरेन लैंग्वेजेज़ (Communication Skills & Foreign Languages)

विश्व स्तर पर चुनौतियों का सामना करने के लिए और राष्ट्र भाषा के अतिरिक्त अन्य भाषाओं पर अधिकार प्राप्त करने के लिए ये कोर्स अत्यन्त उपयोगी हैं।

2009 से प्रारंभ किए गए इस कोर्स से अनेक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो चुके हैं। सत्र 2018-19 में फ्रैंच भाषा सीखने के लिए 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कोर्स में फ्रेंच भाषा सिखाने के लिए ट्यूनीशिया से मिस आमना को आमंत्रित किया गया। यह कोर्स 30 घण्टे का था जिसे फरवरी 2019 से अप्रैल 2019 तक चलाया गया। यह कोर्स तीन बैचेज़ में सम्पन्न हुआ।

स्पोकन इंग्लिश (Spoken English):- स्पोकन इंग्लिश प्रोफिशैंन्सी लेवल - I के इस कोर्स के लिए सुश्री शैलजा शर्मा को आमंत्रित किया गया। इस कोर्स की समयावधि भी 30 घण्टे की रही। इसमें कुल 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया और इस कोर्स के दो बैच बनाए गए। यह जुलाई 2018 से सितम्बर 2018 तक सम्पन्न हुआ।

# शैक्षिक सत्र 2018-19 में कन्या महाविद्यालय में आयोजित प्रमुख समारोह

## सरस्वती पूजन

भारत की विरासत संस्था कन्या महाविद्यालय-ऑटोनॉमस कालेज, जालंधर में 4.8.2018 को 133वें सरस्वती पूजन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में इस वर्ष प्रतिष्ठित की गई मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ विद्यालय के इस परंपरागत समारोह में सभी छात्राओं एवं प्राध्यापक वर्ग ने सहभागिता की। इस पावन समारोह में पंजाब के संसदीय मंत्री श्री संतोख सिंह चौधरी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कर्मजीत चौधरी (पूर्व डी.पी.आई. कालेजिज़) मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुए। के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी के जनरल सेक्रेटरी श्री आलोक सोंधी जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उल्लेखनीय है कि सरस्वती पूजन समारोह कालेज में नए शैक्षिक सत्र में प्रवेश लेने

वाली नई छात्राओं के स्वागत हेतु आयोजित किया जाता है। इसलिए भारतीय संस्कृति की पावन एवं सात्विक परंपराओं के प्रतीक के रूप में यह समारोह एक सुंदर उदाहरण है उस रैगिंग कुप्रथा का जिसके चलते कुछ कालेजों में नए छात्रों को उनके सीनियर्स द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। कार्यक्रम के आरंभ में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन, एवं अतिथि अभिनंदन के पश्चात् कालेज की प्राचार्या महोदया प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने विद्यालय की विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय को इस वर्ष भारत सरकार की ओर से मिले ऑटोनॉमस कालेज तथा स्टार कॉलेज स्टेट्स का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि परिश्रमी विद्यार्थियों और काबिल तथा कर्मठ प्राध्यापकों के प्रयत्नों से के.एम.वी. उच्च शिक्षा में नए मुकाम हासिल करने और एक ऐतिहासिक भूमिका निभाने के लिए तत्पर है। विद्यालय के भूतपूर्व प्राध्यापक एवं प्राचार्य स्वर्गीय श्री शादीराम जोशी जी द्वारा लिखित सरस्वती पूजन गीत, स्वागत गीत एवं धन्यवाद गीतों का उच्चारण करते हुए सभी नई पुरानी छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना की। इसके पश्चात् माननीय मुख्यातिथि महोदय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने यूनिवर्सिटी परीक्षा परिणाम में टाप पोज़ीशन्ज़ हासिल करने वाली छात्राओं को मंच पर अलंकृत एवं सम्मानित किया। फ्रैंच भाषा कोर्स के लेवल-1 को संपन्न करने वाली छात्राओं को भी इस अवसर पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर के.एम.वी. के ई.सी.ए. विभाग की गतिविधियों पर आधारित यूथ पल्ज़ के.एम.वी. न्यूज़लाइन पत्रिका को रिलीज़ किया गया। के.एम.वी. की सुयोग्य प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा के संपादन में के.एम.वी. की ओर से स्किल डिवेलपमैंट पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी माननीय मुख्यातिथि महोदय ने किया। अपनी व्यस्त दिनचर्या से कुछ बहुमूल्य पल के.एम.वी. परिवार के साथ बिताने आए माननीय श्री संतोख चौधरी जी ने छात्राओं से मुखातिब होते हुए बहुत सारवान और प्रेरणादायक बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ज्ञान ही वह पूंजी है जो हमेशा मनुष्य के पास रहती है और दूसरा कोई उन्हें इस ज्ञान रूपी सम्पत्ति से वंचित नहीं कर सकता। सरस्वती पूजन के इस पावन अवसर पर सभी छात्राएं संकल्प लें कि वे जीवन के हर पड़ाव पर ज्ञान की इस पूंजी को संचित करते हुए समाज के उत्थान में सहयोग देती रहेंगी। उन्होंने महिलाओं को सशक्त और सुशिक्षित बनाकर राष्ट्र निर्माण में सदियों से लगी हुई संस्था के.एम.वी. को पंजाब का ही नहीं संपूर्ण भारत का गौरव बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी के जनरल सेक्रेटरी श्री आलोक सोंधी ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें बड़े स्वप्न देखने और जीवन में बड़े लक्ष्य निश्चित करके उन्हें योजनाबद्ध ढंग से हासिल करने की मूल्यवान सीख दी। उन्होंने समस्त विद्यालय परिवार की ओर से कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम के संयोजकों को मुबारकबाद दी। इस अवसर पर कालेज मैनेजिंग कमेटी के सदस्य श्री सुरेश सेठ, श्रीमती अराधना सोंधी, श्रीमती सुशीला भगत, डॉ. सतपाल गुप्ता व डॉ. नरेश धीमान जी भी उपस्थित थे।

## हिन्दी समर्पण समारोह

स्नातकोत्तर हिंदी द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी का कालजयी साहित्य : आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता श्री चन्द्रमोहन अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मंडल ने की। प्रो. हरमहेंद्र सिंह बेदी चांसल, सैंट्रल यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश, शिरोमणि साहित्यकार एवं मीडिया कर्मी प्रो. सुरेश सेठ, श्री रमन मीर, डिप्टी न्यूज़ एडीटर, दैनिक भास्कर ने कालजयी साहित्य के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार सबके साथ सांझा किए।

पंजाबी, हिन्दी तथा अंग्रेज़ी विषय की बी.ए., एम.ए. तथा बी.ए. ऑनर्ज़ की छात्राओं ने इस संगोष्ठी में सहभागिता की। इस अवसर पर संकाय के वरिष्ठ प्राध्यापक भी उपस्थित थे।

## भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह (KMV Alumni Meet Pearls - 2019)

भारत की विरासत संस्था, कन्या महाविद्यालय, आटोनॉमस कालेज, जालंधर में एल्युमिनाई मीट पर्लस 2019 का आयोजन 16.03.2019 को किया गया। इस मीटिंग में के.एम.वी. की भूतपूर्व छात्रा श्रीमती निर्मल मिल्खा सिंह सुपत्नी श्री मिल्खा सिंह (फ्लाइंग सिख के नाम से सुविख्यात) ने विशेष रूप से शिरकत की। उल्लेखनीय है कि इस मीट में 1944 से 2018 बैच की छात्राएं भी शामिल हुईं और इसी बैच की छात्रा श्रीमती शारदा कौड़ा ने विद्यालय के लिए 10 लाख का अनुदान भी दिया। इस अवसर पर शारदा कौड़ा को एल्युमना ऑफ द ईयर सम्मान से सम्मानित किया गया। 1945, 1954, 1956, 1966, 1972, 1978 तथा उसके बाद 1985 से 2018 तक के समय के दौरान विद्यालय में पढ़ी छात्राओं ने अपनी उपस्थिति से इस एल्युमिनाई मीट की शोभा को बढ़ाया। वंदे मातरम् के बाद कालेज की परंपरानुसार ज्योति प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने भूतपूर्व छात्राओं

का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उन्हें गत वर्षों में कालेज के द्वारा अकादमिक क्षेत्र में प्राप्त की नई उपलब्धियों से अवगत करवाया तथा ऑटोनॉमस स्टेटस के साथ के.एम.वी. द्वारा उच्च शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए किए जा रहे गुणात्मक प्रयासों से भी अवगत करवाया। पूर्व छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने प्रसन्नता के साथ बताया कि के.एम.वी. की एल्युमिनी एसोसिएशन पर्लस नाम से एक रजिस्टर्ड संस्था बन गई है जिसके अन्तर्गत सभी गतिविधियों का आयोजन नियमित रूप से पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। इस दौरान देश-विदेश में के.एम.वी. की विभिन्न छात्राओं के द्वारा भेजे गए वीडियो मैसेज दिखाए गए। संगीत विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती पूनम शर्मा ने दिल को छू लेने वाली ग़ज़ल प्रस्तुति से मधुर समां बांधा। अपने कालेज में पहुंचकर बेहद उत्साहित और भावुक छात्राओं ने के.एम.वी. में बिताए दिनों और यहां के प्राध्यापकों, हॉस्टल और मैस से संबंधित यादों और अनुभवों को सबके साथ सांझा किया। इस अवसर पर के.एम.वी. की टीचर्स ने एक कोरियोग्राफी प्रस्तुत की और उसके बाद भूतपूर्व छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत करके कार्यक्रम को रोमांच और उत्साह से भर दिया। इन छात्राओं में सुश्री प्रभजोत, श्रीमती सोनिया विरदी, डा. सुषमा चावला एवं डॉ॰ कमल गुप्ता ने नृत्य प्रस्तुत किया। सुश्री सीमा चड्डा ने सितार वादन प्रस्तुत किया। सुश्री आशा राणा ने पंजाबी गीत को सुरमई अंदाज़ में पेश किया। भूतपूर्व छात्राओं के लिए विशेष रूप से फैशन राऊंड करवाया गया जिसमें इन सदाबहार मॉडल्स की खूबसूरती ने सारे वातावरण को और भी अधिक खूबसूरत और खुशनुमा बना दिया। डा. गुरजोत (अध्यक्ष, इतिहास विभाग, के.एम.वी.), श्रीमती हरप्रीत (अध्यक्ष, फैशन डिज़ाइनिंग विभाग) ने छोटी-छोटी फन गेम्स करवाईं जिसमें विजेता रही छात्राओं को उपहार दिए गए। अत्यन्त आत्मीय और भव्य ढंग से आयोजित किया गया यह समारोह गरिमामयी परिणति के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहे 'नमो देशभूमि नमस्ते नमस्ते' गीत के मधुर और भावपूर्ण स्वरों के बीच भूतपूर्व वरिष्ठ छात्राओं ने मोमबत्तियां जलाकर विद्यालय के प्रांगण को ज्ञान की अमरज्योति के आलोक से प्रकाशित करने की परंपरा का पुनः स्मरण किया। कालेज प्राचार्या ने अपने बहुमुल्य समय से कुछ पल चुराकर विद्यालय में इस एल्युमिनाई मीट के लिए विशेष रूप से उपस्थित हुईं सभी भूतपूर्व छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्या जी ने इस कार्यक्रम के सुचारु और सफल आयोजन के लिए एल्युमिनाई मीट पर्लस 2019 की संयोजिका डा. विनोद कालरा (अध्यक्ष, हिंदी विभाग), डा. शालिनी (वरिष्ठ प्राध्यापिका, अंग्रेज़ी विभाग) एवं उनकी सहयोगी टीम के सदस्यों को मुबारकबाद दी।

## सुकृति : फैशन शो - 2019

भारत की विरासत संस्था, कन्या महाविद्यालय, ऑटोनॉमस कालेज, जालंधर में 27 मार्च, 2019 को सुकृति-2019 फैशन शो का आयोजन किया गया। कालेज के विभिन्न विभागों - फैशन डिज़ाइनिंग, कौशल केन्द्र, रिटेल मैनेजमैंट, कॉस्मॉटोलोजी, जर्नलिज़्म एंड मास कम्यूनिकेशन तथा फाईन आर्ट्स के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस फैशन शो में श्री चन्द्रमोहन, (अध्यक्ष आर्य शिक्षा मंडल), श्रीमती नीरजा चन्द्र मोहन (सदस्य के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी), श्री वरिंदर शर्मा (डिप्टी कमिश्नर, जालंधर), श्री जगदीश राजा (मेयर, जालंधर), श्री आलोक सोंधी (जनरल सैक्रेटरी, के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी), श्रीमती अनुराधा सोंधी, मेजर जनरल जी.जी. द्विवेदी, डॉ. सुषमा चावला (वाईस प्रैज़ीडैंट, के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी), डॉ. सुषमा चोपड़ा (सैक्रेटरी के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी), श्री दीपर्व लाकड़ा, कमिश्नर, म्युनिसिपल कार्पोरेशन, जालन्धर, श्री हिमांशु जैन, श्रीमती अंशिका जैन (ज्वाईंट कमिश्नर म्युनिसिपल कार्पोरेशन), मि. परमवीर (एस.डी.एम. जालंधर), श्री संजीव (एस.डी.एम.), श्री ध्रुव मित्तल (कोषाध्यक्ष, के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी) और शहर की जानी-मानी शख्सियतों ने शिरकत की और अपनी उपस्थिति से इस अवसर की गरिमा को बढ़ाया। डा. दीपाली लूथरा (मैंबर, के.एम.वी. मैनजिंग कमेटी) के साथ-साथ फैशन इंडस्ट्री की नामवर शख्सियतों श्री पुनीत अरोड़ा और श्री अनुज लालवानी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कालेज प्रिंसीपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और उन्हें के.एम.वी. द्वारा ऑटोनॉमस संस्था के रूप में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान समय की मांग के मद्देनज़र किए जा रहे स्तरीय एवं गुणात्मक बदलावों से अवगत करवाया। प्राचार्या जी ने बताया कि सुकृति - 2019 फैशन शो इसी सुविचारित प्रयासों की श्रृंखला में एक अहम कड़ी है जो पिछले कई सालों से के.एम.वी. की छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक बड़े प्रोत्साहन का काम कर रही है। छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा करने और उन्हें फैशन जगत तथा मार्किट की मांग के अनुसार उत्पादों को तैयार करने और उनकी मार्किटिंग करने के कौशल में दक्ष बनाने के लिए के.एम.वी. के उपर्युक्त विभागों द्वारा प्रतिवर्ष सुकृति फैशन

शो का आयोजन पिछले कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस फैशन शो में रंगीलो राजस्थान, ब्लैक फॉरेस्ट कलैक्शन, क्लासिकल किंगडम्स कलैक्शन, फ्लोरिक एपलीक्यू, स्पार्कलिंग हियूज़ एन एरे ऑफ पीचिस एंड पिंक्स, ब्लॉस्म वैस्डोज़, स्पांसर्ड राउंड्स, कॉरपोरेट चिक, प्राचीन अदाकारी और रीगल पिंक परफैक्शन, ये 10 राऊंड्स हुए जिसमें 300 नवोदित डिज़ाइनर्स द्वारा तैयार किए एथनिक वियर, ट्रैडीशनल वियर्स, ऑफिस वियर, वैस्टर्न ड्रैसिज़, ईवनिंग गाऊन्स, इंडो वैस्टर्न स्टाईल, शॉट स्कर्ट विद फ्रिल्स एंड रफेल्स, इन्नोवेटिव साड़ी ड्रैस, लहंगा आदि वस्त्रों का प्रदर्शन के.एम.वी. की छात्राओं द्वारा किया गया। कालेज में आयोजित इस फैशन शो में आकर्षक और मोहक वातावरण में जगमगाती रोशनी के बीच कला, सुरुचि, सौंदर्य, प्रतिभा और आत्मविश्वास के अद्भुत संगम ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उल्लेखनीय है कि सुकृति फैशन शो एक ऐसा मंच है जिसने अभी तक अनेक छात्राओं की प्रतिभा को निखारा है और उनकी योग्यता एवं रचनात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्त होने का अवसर भी दिया है। फैमिना मिस इंडिया के मुकाबले में फाईव फाइनलिस्ट में जगह बनाने वाली नवप्रीत कौर, हिमाचल ब्यूटी ऐंजल का खिताब जीत चुकी मिस प्रियांशी, मिस पंजाबन एवं धी पंजाब दी जैसे टाईटल जीतने वाली प्रदीप कौर, सफल माडल एवं एंकर मिस बरुण कौर मान, पंजाबन मुटियार टाईटल जीतने वाली मिस कामाक्षी तथा विभिन्न प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिताओं में अनेक खिताब जीत चुकी मिस नेहा वड़ैच इसी मंच की देन है। इतना ही नहीं कालेज की प्रतिभाशाली छात्रा मिस वैशाली मोंटी कार्लो जैसे अन्तर्राष्ट्रीय ब्रांड में बतौर डिज़ाईनर काम कर रही है। मिस रेवा मार्क्स एंड स्पैंसर कंपनी में चुनी गई। मीनाक्षी सूरी फैशन डिज़ाईनर के तौर पर आक्टेव अपेयरलज़ में काम कर रही है। इसके अलावा मनप्रीत व स्वाति वर्मा रैड कैट्स बाइंग, गुरुग्राम कंपनी में एवं अदिति भट्ट, नेवा इंडिया प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में फैशन डिज़ाईनर के तौर पर काम कर रही है। इस फैशन शो में पधारी शहर की प्रतिष्ठित शख्सियतों ने इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया और के.एम.वी. की छात्राओं के द्वारा बहुत ही प्रोफैशनल अंदाज़ में प्रस्तुत किए गए इस कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

**अमर ज्योति समारोह :**

भारत की विरासत संस्था कन्या महाविद्यालय, ऑटोनामस कॉलेज, जालंधर में वार्षित दीक्षांत समारोह अमर ज्योति का आयोजन किया गया जिसमें 1946-47 की उत्तीर्ण सुश्री शारदा कौड़ा (विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा), श्रीमती नीरजा चन्द्र मोहन एवं श्रीमती अनुराधा सोंधी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ डॉ. श्रीमती सुषमा चावला, (वाईस मैनेजिंग कमेटी) के माननीय सदस्य भी विशेष रुप में सहभागी हुए। प्राचार्या जी ने विदा लेने वाली सभी छात्राओं को मंगल तिलक लगाकर और उन्हें प्रसाद देकर उन्हें उज्जवल और प्रशस्त भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में गाए जाने वाले परंपरागत गीतों जय जय जननी जय जय माता, एवं नमो देशभूमि नमस्ते नमस्ते के गायन के बाद विद्यालय से विदा ले रही छात्राओं ने विद्यालय में बिताए सुनहरी पलों से जुड़ी यादों को भावपूर्ण अंदाज़ में सबके साथ सांझा किया। समारोह के अगले चरण में गत साल कॉलेज में संपन्न हुए सभी समारोहों और कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग देने वाली स्टूडैंट काऊंसिल के सदस्यों विद्यार्थियों तथा यूनिवर्सिटी की मैरिट सूची में स्थान पाने वाली प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑनलाईन वैब रेडियो वाओ (VOW) के प्रसारण एवं संचालन में मुख्य भूमिका निभाने वाली छात्राओं को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। पी.जी. डिप्लोमा इन ट्रांस्लेशन की परीक्षा में मैरिट स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा टियूनिशिया से आई फ्रैंच टीचर मिस आमना को उनकी सेवाओं के लिए विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मुख्यातिथि महोदय एवं प्राचार्या जी ने अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर के.एम.वी. की पूर्व छात्रा एवं समारोह की विशिष्ट अतिथि सुश्री शारदा कौड़ा ने अपने उस समय को भावुक होते हुए स्मरण किया जब उन्होंने के.एम.वी. के रुप में प्रवेश लिया था। उन्होंने उस समय संस्था में प्रचलित परंपराओं तथा उस दौर की प्रमुख घटनाओं को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया और एजुकेशन के क्षेत्र में अपनी उच्च उपलब्धियों से छात्राओं को परिचित करवाया। अतीत तथा वर्तमान समय में औरत की सामाजिक स्थिति में आए बदलावों का उल्लेख करते हुए शिक्षा के कारण औरतों के लिए बदल रही परिस्थितियों का भी ज़िक्र किया। उन्होंने छात्राओं को शारीरिक, मानसिक तथा नैतिक रुप से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया। समारोह के विशिष्ट अतिथि माननीय डॉ. सुषमा चावला जो स्वयं के.एम.वी. की पूर्व छात्रा रही हैं ने विद्यार्थियों को शिक्षा तथा स्वास्थ्य में तालमेल बना कर संतुलित जीवन शैली को अपनाने का संदेश दिया।

## आभार ज्ञापन

संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देने के उपरांत में आप सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ। संस्था का अप्रतिम इतिहास और वर्तमान उपलब्धियां उसकी स्वस्थ और पवित्र परम्पराएं तथा आधुनिकतम और नवीनतम प्राप्तियां ही इसे 'भारत की विरासत संस्था' होने का गौरव दिला सकी है। आप सभी की स्वस्थ मानसिकता, चेतना, जागरूकता, सहयोग, विश्वास और अनथक परिश्रम से ही यह संस्था स्वायत्तशासी होकर नवीनतम आयामों को छूती हुई शेष सभी संस्थाओं में अग्रणी और उनके लिए मील पत्थर बन चुकी है। आइए हम सभी मिलकर असीम विश्वास, परस्पर सहयोग और धर्म निष्ठता के साथ एक नया इतिहास गढ़ें। आने वाली पीढ़ियां संस्था की उपलब्धियों से लाभान्वित हो मानवता की सेवा में अग्रसर हों। कन्या महाविद्यालय प्रबन्धकर्तृ सभा, प्राचार्या, प्राध्यापक वर्ग, सहयोगी स्टाफ और छात्राएं चारों दिशाओं से ज्ञान अर्जित कर संस्था को समृद्ध करे। ज्ञान का आलोक हर दिशा में प्रकाशित हो और यह प्रकाश विश्व का मार्गदर्शन करने वाली ज्योति बने। ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है।

**शुभाकांक्षी,**
**प्रो. ( डॉ. ) अतिमा शर्मा द्विवेदी**
**प्राचार्या**

**26.05.2019**